विषय - सूची

1. भारतीय इतिहास ..... 1 — 28
2. भारतीय राजव्यवस्था ..... 29 — 55
3. भूगोल ..... 56 — 93
   - पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी
4. भारतीय अर्थव्यवस्था ..... 94 — 109
5. सामान्य विज्ञान ..... 110 — 146
   - विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी
6. स्टैटिक एवं विविध ..... 147 — 166

— SSC GD 2024

ONLINE
CLASSES

CAREERWILL™
Easy to Learn...

We Provide Live Classes For All Exams
Only on **CAREERWILL** app

SSC

CGL, CPO, CHSL, MTS, CONSTABLE (GD), STENOGRAPHER, DELHI POLICE CONSTABLE

UPSC

CDS, NDA/NAE, AFC, CAPF, CSE & OTHER EXAMS

PCS

APPSC, BPSC, CGPSC, GPSC, HPSC, HPPSC, JKPCS, JPSC, KPSC, OPSC, MPPSC, MPSC, MANIPUR PSC, RPSC, RAS, UPPSC & WBPSC,

DEFENCE

AFCAT, IAF (X & Y), UPSC NDA/NA, UPSC CAPF, ICG (INDIAN COAST GUARD)

TEACHING

CTET, OSTET, UPTET, KTET, REET, HTET, UGC NET, TGT/PGT, DSSSB, SUPER TET(UP) B.ED ENTRANCE, M.ED ENTRANCE & KVS.

STATE EXAMS

UP.SI/CONSTABLE, BIHAR SI/CONSTABLE, UPSSC, HSSC, RO/ ARO.(UP) & OTHER EXAMS.

BANK

SBI PO, IBPS PO, IBPS RRB PO, SBI CLERK, IBPS CLERK, RBI ASSI., RBI GRADE B, IBPS RRB CLERK & OTHER EXAMS.

ACADEMIC

6TH to 12TH, NISE, KVPY, IOEL, ISSO, IMO, NBO, NLSTSE, INO, SOF, NIMO & OTHER EXAMS.

AFTER 12TH

DIPLOMA, JEE MAINS/ADV., NEET, VITEEE, SRMJEEE, BISAT, KIITEE, WBJEE & OTHER EXAMS.

CONTACT US:
+91-708-2189-797
info@careerwill.com

भारतीय इतिहास

प्राचीन भारत का इतिहास


सिंधु घाटी सभ्यता

- हड़प्पा के टीले का सर्वप्रथम 1826 ईस्वी में **चार्ल्स मैसन** ने उल्लेख किया। 1921 में **दयाराम साहनी** ने हड़प्पा स्थल की खुदाई सर **जॉन मार्शल** के नेतृत्व में करवाई।
- 1946 में हड़प्पा की खुदाई का काम सर मार्टिमर व्हीलर, भारत के पुरातत्व विभाग के निदेशक द्वारा किया गया। सैन्धव सभ्यता की तिथि निर्धारित करना भारतीय पुरातत्व का विवादित विषय है। **रेडियो कार्बन-14** जैसी नवीन पद्धति से हड़प्पा सभ्यता की तिथि **2500 ई. पूं. -1750** मानी जाती है।

सिंधु सभ्यता के स्थलों का विवरण इस प्रकार है

स्थल	खोजकर्ता	खुदाई से प्राप्त वस्तुएं
हड़प्पा (रावी)	दयाराम साहनी, माधोस्वरुप वत्स	श्रमिक आवास, प्रसाधन मंजूषा, R-37 कब्रिस्तान, नटराज की मूर्ति
मोहनजोदड़ो (सिंधु) रंगपुर (मादर नदी)	राखलदास बनर्जी रंगनाथ राव	स्नानागार, कांस्य नर्तकी, सूती कपड़ा, धान की भूसी
रोपड़ (सतलज)	यज्ञदत्त शर्मा	कुत्ते के साथ मनुष्य का शवाधान
कालीबंगा (घग्घर)	बी.बी लाल, अमलानंद घोष	अग्निवेदिका, हल से जुते खेत, मस्तिष्क शोध बीमारी, अलंकृत ईंट
लोथल (भोगवा)	एस.आर.राव	युग्म शवाधान, बंदरगाह, (गोदीबाड़ा) चावल के साक्ष्य, पंचतंत्र की कहानी

- समाज मातृसत्तात्मक तथा समतावादी था।
- मातृदेवी तथा पशुपति नाथ की पूजा की जाती थी।
- कूबड़ वाला सांड (वृषभ) पूजनीय था।
- मोहनजोदडो से प्राप्त एक सील पर तीन मुख वाला पुरूष ध्यान की मुद्रा (पशुपतिनाथ) में बैठा है, जिसके चारों तरफ गैण्डा, भैंसा, हाथी, एक व्याघ्र और हिरण है।
- सैंधव सभ्यता की लिपि भावचित्रात्मक (Pictography) थी। यह दायें से बायें की ओर लिखी जाती थी। अभी तक पढ़ी नहीं जा सकी है।




वैदिक काल/उत्तर-वैदिक काल

- प्रारंभिक आर्यों की जानकारी का स्रोत ऋग्वेद है। इसलिए 1500 - 1000 B.C के बीच के काल को ऋग्वैदिक काल कहा जाता है।
- सबसे छोटी राजनैतिक ईकाई 'कुल' थी।

  कुल → ग्राम → विश → जन

  जन सबसे बड़ी इकाई थी इसका मुख्या

  राजा या राजन था
- सभा, समिति, विद्थ राजा पर नियंत्रण रखती थी।
- राजा को दिया जाने वाला कर 'बलि' कहलाता था।
- दशराज्ञ युद्ध:- दस राजाओं के संघ व भरत
- ऋग्वेद के 10 वें मंडल में वर्णित पुरूष सूक्त में चारों वर्णों की उत्पत्ति विराट पुरुष से बतायी गयी है।
- लोपा मुद्रा, अपाला, विश्वारा नामक विदुषी महिलाएँ ऋग्वैदिक काल से ही सबंधित है।
- 1000-600 ई.पू. के काल को उत्तर-वैदिक काल कहा जाता है।
- ऋग्वैदिक काल में बलि एक स्वेच्छाकारी कर था, जबकि उत्तर वैदिक काल में यह एक नियमित कर हो गया था।
- अतरंजीखेड़ा से सर्वप्रथम कृषि से सम्बंधित लौह-उपकरण प्राप्त हुए है।
- इस काल में चार प्रकार के बर्तनों (मृद्भांड) से परिचित थे।



बौध धर्म

संस्थापक	:	**गौतम बुद्ध**
गौतम बुद्ध का जन्म.	:	**563 ईपू लुम्बिनी कपिलवस्तु (आधुनिक रुमिन्देई)**
पिता	:	**शुद्धोधन (कपिलवस्तु के शाक्य गण के प्रधान)**
माता	:	**महामाया (मायादेवी) [कोलिय गणराज्य की कन्या]**
बचपन का नाम.	:	**सिद्धार्थ**
पत्नी	:	**यशोधरा (शाक्य कुल)**
पुत्र.	:	**राहुल**

चार दृश्य जिनसे वैराग्य की भावना प्रबल

1. वृद्ध व्यक्ति
2. रोगी व्यक्ति
3. मृत व्यक्ति
4. प्रसन्नचित संयासी व्यक्ति

ज्ञान प्राप्ति: बोध गया में **निरंजना नदी** के किनारे पीपल (अश्वत्थ वृक्ष) के वृक्ष के नीचे **49वें दिन वैशाख पूर्णिमा** की रात 35 वर्ष की आयु में सिद्धार्थ को ज्ञान (बोधि) प्राप्त हुआ।

प्रथम उपदेश: काशी के सारनाथ (ऋषिपत्तन के मृगदाव) में 5 पूर्व ब्राह्मण साथियों को प्रथम उपदेश (धर्मचक्रप्रवर्तन) दिया 1. कोण्डाना, 2. असगि, 3. महानामा, 4. भादिया, 5. वापा

संघ: संघ की स्थापना सारनाथ में की

सर्वाधिक वास: 21 वास कौशल राज्य (श्रावस्ती) में व्यतीत

बुद्ध के जीवन से जुड़े चार पशु	
पशु	**प्रतीक**
हाथी	बुद्ध के गर्भ में आने का प्रतीक
घोड़ा	गृह त्याग का प्रतीक
सांड	यौवन का प्रतीक
शेर	समृद्धि का प्रतीक

बुद्ध के जीवन की चार प्रमुख घटानाएं	
घटनाएं	**प्रयुक्त शब्द**
1. गृह त्याग	महाभिनिष्क्रमण,
2. ज्ञान प्राप्ति	संबोधि (निर्वाण)
3. प्रथम उपदेश	धर्मचक्रप्रवर्तन
4. मृत्यु	महापरिनिर्वाण

नोट- बुद्ध का जन्म, ज्ञान प्राप्त और मृत्यु सभी वैशाख पूर्णिमा के दिन हुए

बुद्ध से जुड़े 8 प्रमुख स्थान (अष्ट महास्थान)	
1. लुम्बिनी	जन्म स्थान
2. बोधगया	ज्ञान प्राप्ति
3. सारनाथ	प्रथम उपदेश
4. कुशीनगर	शरीर का त्याग
5. कौशल (श्रावस्ती)	सर्वाधिक 21 वास
6. राजगृह	बौद्ध धर्म के प्रचार का केंद्र
7. वैशाली	अंतिम वास स्थल
8. संकिसा	बुद्ध का यात्रा स्थल

- **बौद्ध धर्म के त्रिरत्न: 1. बुद्ध 2. धम्म 3. संघ**
- बौद्ध दर्शन में नैरात्मवाद एवं क्षणभंगवाद का दर्शन महत्वपूर्ण है.
- बौद्ध धर्म में आत्मा के अस्तित्व को स्वीकार नहीं किया गया, किंतु पुनर्जन्म को स्वीकार किया है।

बौद्ध धर्म से संबंधित संप्रदाय		
	संप्रदाय	**उपसंप्रदाय**
1.	हीनयान	स्थविरवाद, सर्वास्तित्ववाद, वैभाषिक, सौत्रांतिक, सामित्य
2.	महायान	माध्यमिक या शून्यवाद, विज्ञानवाद या योगाचार

बौद्ध संगीतियाँ

संगीति	समय	स्थान	शासक	अध्यक्ष	कार्य
प्रथम	483 ई.पू.	राजगृह	अजातशत्रु	महाकस्सप	विनयपिट, सुत्तपिटक की रचना
द्वितीय	383 ई.पू.	वैशाली	कालाशोक	सबाकामी	संघ का विभाजन
				स्थविर	महाकच्चायन
				महासांधिक	महाकस्सप
तृतीय	250 ई.पू.	पाटलिपुत्र	अशोक	मोग्गलिपुततिस्स	अभिधम्म पिटक
चतुर्थ	प्रथम शताब्दी ई.	कुंडलवन (कश्मीर)	कनिष्क	वस्तुमित्र उपा.अश्वघोष	हीनयान-महायान

- **त्रिपिटक,** 1. सुत्तपिटक 2. विनयपिटक 3. अभिधम्म पिटक

बौद्ध धर्म का विदेशों में प्रचार		
संप्रदाय		**देश**
हीनयान	:	बर्मा, श्रीलंका, लाओस, कंबोडिया, थाइलैंड
महायान	:	चीन और मध्य एशिया
वज्रयान	:	चीन, जापान, तिब्बत
तास संप्रदाय	:	चीन, जापान

जैन धर्म

वास्तविक संस्थापक	:	**महावीर स्वामी**
23वें तीर्थांकर	:	**पार्श्वनाथ**
24वें तीर्थांकर	:	**महावीर स्वामी**
जन्म	:	**540 ईसा पूर्व वैशाली के कुण्डग्राम में हुआ**
पिता	:	**सिद्धार्थ (कुण्डग्राम के ज्ञातृक क्षत्रिय)**
माता	:	**त्रिशला (लिच्छवि गणराज्य के प्रमुख चेटक की बहन)**
बचनपन का नाम	:	**वर्धमान**
पत्नी	:	**देवनंदा**
पुत्री	:	**प्रिय दर्शना (अणोज्जा)**
दामाद	:	**जामालि (महावीर स्वामी का प्रथम शिष्य)**
गृह त्याग	:	**30 वर्ष की आयु में**
ज्ञान प्राप्ति	:	**12 वर्ष की कठोर तपस्या के बाद 42वें वर्ष में जम्भिका ग्राम के समीप ऋजुपालिका नदी के तट पर साल वृक्ष के नीचे कैवल्य (ज्ञान) की प्राप्ति।**
प्रथम उपदेश	:	**राजगृह के वितुलांचल पर्वत पर वाराकर नदी के तट पर**

जैन धर्म के सिद्धांत (महावीर की शिक्षाएँ)

1. अंहिसा, 2. सत्य, 3. अस्तेय,4. अपरिग्रह, 5. ब्रह्मचर्य

- जैन धर्म में **पुनर्जन्म की मान्यता** है।
- जैन धर्म के अनुसार जीव भिन्न-भिन्न होते है तथा उसी प्रकार आत्माएं भी अलग-अलग होती है। अर्थात् **'अनेकात्मवाद'** का सिद्धांत दिया।

- ईश्वर के अस्तित्व को अस्वीकार किया
- सृष्टि: शाश्वत एवं वास्तविक
- जैन धर्म के त्रिरत्न: सम्यक् दर्शन, सम्यक् ज्ञान, सम्यक् आचरण

प्रमुख जैन मंदिर	स्थान
हाथी गुफा मंदिर	उड़ीसा
सिंह गुफा (बाघ गुफा)	उदयगिरि
महावीर का मंदिर	ओसिया (राजस्थान)
दिलवाड़ा जैन मंदिर	माउंट आबू (राजस्थान)
रणपुर मंदिर	जोधपुर (राजस्थान)
इन्द्र सभा गुफा	एलोरा (महाराष्ट्र)
गोमतेश्वर की प्रतिमा	श्रवणवेलगोला (कर्नाटक)
पार्श्वनाथ एवं आदिनाथ का मदिर	खजुराहो

महाजनपद/सूत्रकाल

- उत्तर भारत में गणतंत्र एवं राजतंत्र (महाजनपद) की स्थापना 600 ई.पू. में हुई।
- 16 महाजनपदों का उल्लेख **'अंगुत्तरनिकाय'** में मिलता है।
- महापरिनिर्वाण के सूत्र के अनुसार बुद्धकाल में 6 महानगर- चंपा, राजगृह, श्रावस्ती, साकेत, काशी, कौशांबी थे।

महाजनपद	राजधानी
अंग	चंपा
अवंति	उत्तरी-उज्जयिनी, दक्षिणी-महिष्मती
अस्मक	प्रतिष्ठान (पोटन)
चेदि	सेत्थितवती
गंधार	तक्षशिला
कुरु	इन्द्रप्रस्थ
कंबोज	हाटक या राजपुर
काशी	वाराणसी
कोशल	उत्तरी-श्रावस्ती, दक्षिणी-साकेत
मल्ल	कुशीनगर व पावा
मत्स्य	विराटनगर
मगध	गिरिव्रज (राजगृह) व पाटलीपुत्र
पांचाल	उत्तरी- अहिछत्र, दक्षिणी- काम्पिल्य
शूरसेन	मथुरा
वत्स	कौशांबी
वज्जि	वैशाली

मगध का उत्कर्ष

- मगध की प्रारंभिक राजधानी गिरिव्रज थी।
- बिम्बिसार ने राजगृह का निर्माण करवाया, जिसके वास्तुकार महागोविंद थे।
- बिम्बिसार ने अपने राजवैद्य अवन्ति नरेश प्रद्योत के इलाज के लिए भेजे थे।
- इसी के काल में राजगृह की सप्तपर्णी गुफा में प्रथम बौद्ध संगीति का आयोजन किया गया, जिसमें बुद्ध शिक्षाओं को सुत्तपिटक तथा विनयपिटक के रूप में लिपिबद्ध किया गया।
- गंगा और सोन नदियों के संगम पर उदायिन ने पाटलिपुत्र (कुसुमपुरा) नामक नगर की स्थापना की एवं अपनी राजधानी बनाई।
- 322 ई.पूर्व. में चन्द्रगुप्त मोर्य ने अपने गुरू चाणक्य की सहायता से घनानंद की हत्या कर मौर्य वंश की नींव रखी।

मौर्य एवं मार्योत्तर काल

- नंद वंश के शासक घनानंद को 322 ई.पूर्व में चंद्रगुप्त मौर्य ने अपने गुरु चाणक्य की सहायता से पराजित किया एवं मौर्य वंश की स्थापना की।
- **अर्थशास्त्र**, **राजनीति पर आधारित पुस्तक** के लेखक **चाणक्य** है। अर्थशास्त्र की तुलना **अरस्तु** की **'पॉलिटिक्स'** एवं **मैकियावली** की **'प्रिंस'** से की जाती है।
- चन्द्रगुप्त मौर्य ने जैन धर्म की शिक्षा **भद्रबाहु** से ली थी।
- 'चन्द्रगुप्त' शब्द का पहला उल्लेख **रूद्रदामन के जूनागढ़ अभिलेख** में मिलता है।
- चन्द्रगुप्त मौर्य की मृत्यु **298 ई.पू. श्रावणबेलगोला,** (कर्नाटक) नामक स्थान पर हुई थी।
- मेगस्थनीज ने 'इंडिका' की रचना की।
- बिंदुसार 'अमित्रघात' के नाम से भी जाना जाता है जिसका अर्थ है- 'शत्रु विनाशक'।
- अशोक को उसके अभिलेखों में प्राय: 'देवानामपिय' या 'देवनामप्रियदर्शी' (देवों का प्यारा) की उपाधि दी गई है।
- पुराणों में उसे 'अशोकवर्धन' तथा दीपवंश में 'करमोली' कहा गया है। अशोक ने अपने राज्याभिषेक के 8वें वर्ष लगभग 261 ई.पू. में कलिंग पर आक्रमण किया एवं कलिंग की राजधानी तोसली पर अधिकार कर लिया।
- अशोक के 13वें अभिलेख से कलिंग युद्ध के बारे में विस्तृत जानकारी मिलती है।
- कल्हण की 'राजतरंगिणी' से पता चलता है कि उसका अधिकार कश्मीर पर था।
- नेपाल की तराई से अशोक के दो अभिलख रूमिन्देई एवं निग्लिवा स्तम्भ प्राप्त हुए हैं।
- रूमिन्देई अभिलेख से मौर्यकालीन अर्थव्यवस्था (कर नीति) की जानकारी मिलती है।
- राज्याभिषेक से सम्बंधित मास्की से लघु शिलालेख में अशोक ने स्वंय को 'बुद्ध शाक्य' कहा है।
- अशोक के शिलालेखों को सर्वप्रथम जेम्स प्रिंसेप ने 1837 में पढ़ने में सफलता पाई।

अशोक के शिलालेखों में वर्णित विषय-वस्तु	
शिलालेख	**विषय**
पहला शिलालेख	पशु बलि की निंदा
दूसरा शिलालेख	पशु चिकित्सा एवं मानव चिकित्सा व्यवस्था तथा विदेशों में धम्म प्रचार का उल्लेख।
तीसरा शिलालेख	राजकीय अधिकारों (युक्त, रज्जुक और प्रादेशिक) को हर पाँचवें वर्ष राज्य भम्रण करने का आग्रह।
चौथा शिलालेख	धर्माचरण के भेरीनाथ द्वारा धम्म का उद्घोष।
पाँचवा शिलालेख	धम्म-महामात्रों की नियुक्ति।
छठा शिलालेख	प्रशासनिक सुधारों एवं आत्म-नियंत्रण की शिक्षा का उल्लेख।
सातवाँ शिलालेख	सभी धर्मों के प्रति निष्पक्षता।
आठवाँ शिलालेख	सम्राट की धर्मयात्राओं का उल्लेख व बोधगया के भ्रमण का उल्लेख।
नौवा शिलालेख	सच्ची भेंट तथा शिष्टाचार का उल्लेख।
दसवाँ शिलालेख	सम्राट के आदेश का उल्लेख-राजा तथा उच्च अधिकारी हमेशा प्रजा के हित में सोचे।
ग्यारहवाँ शिलालेख	धम्म की स्थापना
बारहवाँ शिलालेख	सर्वधर्म समभाव एवं स्त्री महामात्र की चर्चा
तेरहवाँ शिलालेख	कलिंग युद्ध का उल्लेख एवं विदेशों में धम्म प्रचार का उल्लेख।
चौदहवाँ शिलालेख	जनता को धार्मिक जीवन बिताने के लिए प्रेरित किया गया।

- मौर्य वंश का अंतिम शासक वृहद्रथ था।
- प्रशासन की सबसे छोटी इकाई 'ग्राम' तथा प्रमुख अधिकारी 'ग्रामीणी' कहलाता था।
- शुंग वंश के संस्थापक पुष्यमित्र शुंग थे। 185 ई. पूर्व में पुष्यमित्र शुंग ने मौर्य शासक वृहद्रथ की हत्या करके शुंग वंश की स्थापना की थी।
- 'भरहुत' एवं 'साँची' के स्तूपों का पुनर्निर्माण शुंगकाल में हुआ था।
- सातवाहन वंश का संस्थापक सिमुक था।
- सातवाहन वंश के शासकों को 'दक्षिणाधिपति' तथा इसके द्वारा शासित प्रदेश को 'दक्षिणापथ' कहा जाता था।
- गौतमीपुत्र शातकर्णी ने वेणकटक स्वामी की उपाधि धारण की एवं वेणकटक नामक नगर की स्थापना की।
- उसने शक शासक रूद्रदामन को पराजित किया। उसे 'दक्षिणापथेश्वर' भी कहा गया।
- सातवाहन शासन में अधिकारी को 'अमात्य' और 'महामात्य' कहा जाता था।
- कलिंग के चेदि वंश की जानकारी का मुख्य स्रोत खारवेल का हाथीगुम्फा अभिलेख (प्रथम शताब्दी ई. पूर्व) है।
- मिनाण्डर को बौध साहित्य में 'मिलिंद' कहा गया।
- रूद्रदामन संस्कृति प्रेमी था उसने सर्वप्रथम विशुद्ध संस्कृत भाषा में जूनागढ़ अभिलेख जारी किया।
- भारत में सर्वप्रथम सोने के सिक्के विम कडफिसस ने जारी किये।
- कनिष्क लगभग 78 ई. में राज्यारोहण किया।
- इसके उपलक्ष्य में कनिष्क ने शक संवत चलाया।

गुप्त एवं गुप्तोत्तर काल

- गुप्त वंश का संस्थापक श्रीगुप्त था, जिसने 'महाराज' की उपाधि धारण की थी।
- इसके राज्याभिषेक की तिथि 319 ई. है, इसे 'गुप्त संवत्' का आरंभ माना जाता है।
- चन्द्रगुप्त प्रथम ने 'महाराजधिराज' की उपाधि ग्रहण की और लिच्छवी राज्य की राजकुमारी कुमारदेवी से विवाह कर अपनी साम्राज्य की शक्ति को बढ़ाया।
- समुद्रगुप्त ने अपने सिक्कों पर बीणा बजाते हुए चित्रित किया गया है तथा कविराज की उपाधि प्रदान की गई थी।
- समुद्रगुप्त के दिग्विजय की जानकारी का स्रोत हरिषेण द्वारा रचित प्रयाग प्रशस्ति (इलाहाबाद), एरण स्तम्भ लेख, गया व नालंदा ताम्रफलक आदि हैं।
- चीनी यात्री फाह्यान (399-414 ई.), चन्द्रगुप्त द्वितीय के शासनकाल में भारत आया था।
- फाह्यान ने नालंदा, राजगृह, बोधगया, वैशाली, श्रीवस्ती आदि स्थलों की यात्राएँ की थी।
- वराहमिहिर ने ज्योतिष के महत्त्वपूर्ण सिद्धांत प्रतिपादित किये। उन्होंने 'पंचसिद्धांतिका' एवं वृहत्संहिता नामक ग्रंथ की रचना की।
- कुमारगुप्त I ने नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना करवाई थी। नालंदा विश्वविद्यालय को 'ऑक्सफोर्ड ऑफ महायान' भी कहा जाता है।
- प्रथम हूण आक्रमण स्कंदगुप्त के समय में ही हुआ था इसकी जानकारी हमें भीतरी स्तम्भलेख से मिलती है।
- पुष्यभूति वंश की स्थापना पुष्यभूति ने हरियाणा के अम्बाला जिले के थानेश्वर नामक स्थान पर की थी।
- राज्यवर्धन की मृत्यु के पश्चात् हर्षवर्धन 606 ई. में 16 वर्ष की आयु मे थानेश्वर की गद्दी पर बैठा।
- हर्ष का दरबारी कवि बाणभट्ट था।
- चीनी यात्री ह्वेनसांग हर्षवर्धन के शासनकाल में भारत आया था।
- गुप्तचर कर्मचारी को 'दूत' तथा पुलिस कर्मचारी को 'भट'(भाट) कहा जाता था।

गुप्तकालीन अधिकारी एवं उनके विभाग	
विभाग	**अधिकारी**
राजकोष का अधिकारी	भंडागाराधिकृत
शिक्षा एवं धर्म संबंधी अधिकारी	विनयस्थिति स्थापक
सेनापति	महाबलाधिकृत
न्यायाधीश	महादंडनायक
पुलिस विभाग का सर्वोच्च अधिकारी	दंडपाशिक
लेखा विभाग का सर्वोच्च अधिकारी	महाक्षपटलिक
युद्ध एवं शांति का मंत्री	संधिविग्रहिक

- हर्ष एक प्रतिष्ठित कवि एवं नाटककार था। उसने 'नागानन्द', 'प्रियदर्शिका' एवं 'रत्नावली' नामक नाटकों की रचना की।

कालिदास की रचनाएँ

1. महाकाव्य ..... रघुवंश, कुमारसंभवम्
2. खण्डकाव्य ..... मेघदूत, ऋतुसंहार
3. नाटक ..... मालविकाग्निमित्रम, विक्रमोवर्शीयम, अभिज्ञानशाकुंतलम

- महाबलीपुरम् के एकाश्मक रथों का निर्माण पल्लव राजा नरसिंह वर्मन प्रथम द्वारा कराया गया था।
- कांची के कैलाशनाथ मंदिर (राजसिद्धेश्वर मंदिर) का निर्माण नरसिंह वर्मन द्वितीय ने कराया था।
- राष्ट्रकूट वंश का संस्थापक दंतिदुर्ग तथा इस वंश का अंतिम महान शासक कृष्ण तृतीय था।
- एलोरा के प्रसिद्ध कैलाश मंदिर का निर्माण राष्ट्रकूट शासक कृष्ण प्रथम ने कराया था।
- राष्ट्रकूट राजवंश की राजधानी मान्यखेत थी।
- विक्रमशिला विश्वविद्यालय की स्थापना पाल वंश के शासक धर्मपाल के द्वारा करायी गई।
- कल्याणी के चालुक्य वंश की स्थापना तैलप-तृतीय ने की थी।
- हिन्दु विधि की पुस्तक मीताक्षरा की रचना विज्ञानेश्वर ने की थी।
- चोल वंश का संस्थापक विजयालय तथा इस वंश का अंतिम राजा राजेन्द्र-तृतीय था।
- पालवंश का संस्थापक गोपाल था।
- सेनवंश का संस्थापक सामंतसेन था।
- गीत गोविन्द के रचियता जयदेव लक्ष्मणसेन के दरबारी कवि थे।
- महमूद गजनवी ने 1025 ई. में भीम प्रथम के शासनकाल में सोमनाथ मंदिर पर आक्रमण किया था।
- सोलंकी वंश का संस्थापक मूलराज प्रथम तथा इस वंश का अंतिम शासक कुमारपाल था।
- गहड़वाल वंश का संस्थापक चंद्रदेव था।

दिल्ली सल्तनत

- **कुतुब मीनार** की नींव कुतुबुद्दीन ऐबक के द्वारा रखी गई परन्तु इस मीनार को इल्तुतमिश द्वारा पूरा कराया गया।
- अजमेर में **अढ़ाई दिन का झोपड़ा** नामक मस्जिद का निर्माण भी कुतुबुद्दीन ऐबक द्वारा कराया गया था।
- कुतुबुद्दीन ऐबक **'लाख बख्श'** के नाम से प्रसिद्ध था।
- **नालंदा विश्वविद्यालय** को **बख्तियार खिलजी** ने ध्वस्त किया था।
- **इल्तुतमिश** ने ही लाहौर से **राजधानी को दिल्ली** स्थानांतरित किया था।
- दिल्ली सल्तनत का वास्तविक संस्थापक इल्तुतमिश को कहा जाता है।
- दिल्ली सल्तनत में **इक्तेदारी प्रथा** चलाने वाला प्रथम शासक इल्तुतमिश था।
- **'लौह एवं रक्त'** की नीति का पालन **बलबन** ने किया था।
- जलालुद्दीन फिरोज खिलजी ने बलबन की 'लौह एवं रक्त' की नीति को त्याग कर उदार नीति अपनाई।
- अलाउद्दीन ने 'सिकंदर-ए-सानी' या 'सिकन्दर द्वितीय' की उपाधि धारण की थी।
- गुजरात अभियान में नुसरत खाँ ने एक हिंदू किन्नर मलिक काफूर को एक हजार दीनार में खरीदा था। मलिक काफूर को 'हजारदीनारी' के नाम से भी जाना जाता था।
- अलाउद्दीन पहला सुल्तान था जिसने स्थायी सेना की व्यवस्था की।
- 'आरिज-ए-मुमलिक' द्वारा सैनिकों की भर्ती की जाती थी।
- सैनिकों का हुलिया दर्ज किया जाता था। यह कार्य 'दीवान-ए-आरिज' द्वारा किया जाता था।
- सैनिक को जागीर न देकर वेतन दिया जाता था।
- अलाउद्दीन खिलजी ने राजस्व अनाज एवं नगद दोनों रूपों में वसूल किया जाता था, जजिया गैर-मुसलमानों से एवं जकात केवल मुसलमानों से लिया जाने वाला धार्मिक कर था, भ्रष्टाचार एवं लूट को खत्म करने के लिए नये विभाग 'दीवान-ए-मुस्तखराज' की स्थापना की।
- अलाउद्दीन खिलजी ने अमीर खुसरो तथा अमीर हसन देहलवी को संरक्षण प्रदान किया।

बाजार नियंत्रण के लिए अधिकारी

सराय अदल	न्याय के लिए
बरीद-ए-मंडी	बाजार निरीक्षक
शहना-ए-मण्डी	बाजार अधीक्षक
दीवाने-ए-रियासत	बाजार पर नियंत्रण रखना
मुन्हीयाँ	गुप्तचर

- घोड़ा दागने एवं सैनिकों का हुलिया रखने की प्रथा अलाउद्दीन खिलजी ने शुरू की थी।
- अलाउद्दीन खिलजी का दरबारी कवि **अमीर-खुसरो** था।
- स्वयं को **खलीफा** घोषित करने वाला दिल्ली सल्तनत का पहला सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी का पुत्र **मुबारक खिलजी** था।
- तुगलक वंश की स्थापना गयासुद्दीन तुगलक ने की थी।
- मंगोलों को पराजित करने के कारण गयासुद्दीन तुगलक 'मलिक-उल-गाजी' के नाम से विख्यात हुआ।
- 'गाजी' की उपाधि धारण करने वाला गयासुद्दीन तुगलक दिल्ली का प्रथम सुल्तान था।
- गयासुद्दीन तुगलक ने 'तुगलकाबाद' नामक नगर बसाया एवं तुगलकी शैली की वस्तुकला का आंरभ इसके मकबरे के निर्माण से हुआ।
- जियाउद्दीन बरनी द्वारा लिखित पुस्तक 'तारीख-ए-फिरोजशाही' और मोरक्को यात्री इब्नबतुता के यात्रा वृतांतों से मुहम्मद बिन तुगलक के शासनकाल की जानकारी प्राप्त होती है।
- बरनी ने सुल्तान की पाँच प्रमुख शासन संबंधी योजनाओं का उल्लेख किया है:-

1. दोआब में कर वृद्धि (1325-27 ई.)
2. राजधानी परिवर्त्तन (दिल्ली से दौलताबाद) (1326-27 ई.)
3. सांकेतिक मुद्रा का चलन (1329-30 ई.)
4. खुरासान पर आक्रमण (1330-1331 ई.)
5. कराचिल का सैनिक अभियान (1337-38 ई.)

- मुहम्मद बिन तुगलक के शासनकाल में 1333 ई. में अफ्रीकी यात्री इब्नबतुता भारत आया था। सुल्तान ने उसका स्वागत किया एवं इसे दिल्ली का 'काजी' नियुक्त किया।
- 'रेहला' नामक अपनी पुस्तक में इब्नबतुता ने अपनी यात्रा वृतांत का वर्णन किया है।
- संकट के समय कृषकों की सहायता के लिए सुल्तान ने केन्द्र में 'दीवान-ए-कोही' विभाग की स्थापना की थी।
- मुहम्मद बिन तुगलक के काल में ही दक्षिण में हरिहर एवं बुक्का ने 1336 ई. में विजय नगर साम्राज्य की नींव रखी।
- मेरठ तथा टोपरा से अशोक के स्तम्भों को लाकर दिल्ली में फिरोजशाह तुगलक ने स्थापित करवाया।
- दासों के लिये एक पृथक् विभाग 'दीवान-ए-बंदगान' की स्थापना की गई।
- चांदी एवं तांबा के मिश्रण से निर्मित सिक्के जारी करवाये जिसे अद्धा एवं बिख कहा जाता था।

❍ सर्वप्रथम **शाह की उपाधि** मुबारक खाँ ने धारण की थी।
❍ सैय्यद वंश का अंतिम सुल्तान अलाउद्दीन आलमशाह था।
❍ **लोदी वंश** का संस्थापक **बहलोल लोदी** था।
❍ 1504 ई. में **आगरा** शहर की स्थापना **सिकन्दर लोदी** ने की थी।
❍ विजयनगर की राजधानी **हम्पी** कर्नाटक में थी।
❍ पानीपत का प्रथम युद्ध **इब्राहिम लोदी** एवं **बाबर** के बीच **21 अप्रैल 1526 ई.** को हुआ था जिसमें बाबर विजयी रहा।
❍ विजय नगर साम्राज्य के खंडहर **तुंगभद्रा नदी** के तट पर अवस्थित हैं।
❍ **कृष्णदेव राय** के दरबार में तेलुगु साहित्य के 8 सर्वश्रेष्ठ कवि थे, जिन्हें **'अष्टदिग्गज'** के नाम से जाना जाता था।
❍ हजारा एवं बिट्ठलस्वामी मंदिर का निर्माण कृष्णदेव राय ने कराया था।
❍ तालीकोटा का युद्ध 25 जनवरी 1565 में हुआ था।
❍ तालीकोटा के युद्ध में विजयनगर का नेतृत्व राम राय ने किया था।
❍ **तुलुव वंश** का अंतिम शासक **सदाशिव राव** था।
❍ **बहमनी साम्राज्य** का संस्थापक **अलाउद्दीन बहमनशाह** (हसन गंगु) था।
❍ बहमनी साम्राज्य की राजधानी **गुलबर्गा** थी।
❍ **जामा मस्जिद** का निर्माण 1470 ई. में **हुसैनशाह शर्की** के द्वारा किया गया था।
❍ राणा कुम्भा ने 1448 ई. में चितौड़ में विजय स्तंभ का निर्माण करवाया था।

मुगल साम्राज्य

- भारत में मुगल साम्राज्य का संस्थापक बाबर था।
- बाबर ने 1504 ई. में काबुल पर अधिकार किया और परिणामस्वरूप 1507 में 'पादशाह' की उपाधि धारण की। इससे पूर्व बाबर पैतृक उपाधि "मिर्जा" धारण करता था।

❍ **तोपखाने का प्रयोग** बाबर ने पहली बार पानीपत के प्रथम युद्ध में किया था।
❍ **तुगलुमा युद्ध पद्धति** (उस्मानी एवं रूमी विधि) एवं बारूद का सर्वप्रथम प्रयोग बाबर ने किया था।
❍ **बाबरनामा** की रचना **बाबर** ने की थी।
❍ बाबरनामा का अनुवाद फारसी भाषा में **अब्दुल रहीम खान खाना** ने किया था।
❍ बाबरनामा का अंग्रेजी में अनुवाद **सी.एस. बेवरीज** ने किया था।
❍ हुमायूँनामा की रचना **गुलबदन बेगम** के द्वारा की गई।
❍ **शेरशाह** का जन्म 1472 ई. में बजवाड़ा (होशियारपुर) में हुआ था तथा उसके बचपन का नाम **फरीद खाँ** था।
❍ शेरशाह का मकबरा **सासाराम**, बिहार में स्थित है।
❍ **कबूलियत** एवं **पट्टा प्रथा** की शुरूआत शेरशाह ने की थी।
❍ **ग्रांड ट्रंक रोड** का निर्माण **शेरशाह** ने कराया था।

भारत में बाबर के प्रमुख अभियान

पानीपत का प्रथम युद्ध	20 अप्रैल 1526 ई.
खानवा का युद्ध-	16 मार्च 1527 ई.
चंदेरी का युद्ध-	29 जनवरी 1528 ई.
घाघरा का युद्ध-	6 मई 1529 ई.

पानीपत का युद्ध : एक दृष्टि में

कालानुक्रम		शासक
प्रथम युद्ध- 1526 ई	:	**बाबर** और **इब्राहिम लोदी** के बीच
द्वितीय युद्ध- 1556 ई.	:	**हेमू** (आदिलशाह सूर का मंत्री) और बैरम खां (**अकबर** के नेतृत्व में)
तृतीय युद्ध- 1761 ई.	:	**अहमदशाह अब्दाली** और मराठा पेशवा **बालाजी बाजीराव**

❍ अकबर का जन्म 15 अक्टूबर, 1542 ई. को अमरकोट, पाकिस्तान में हुआ था। अकबर का वास्तविक नाम **जलालउद्दीन मुहम्मद अकबर** था।
❍ **फतेहपुर सीकरी** का निर्माण अकबर ने कराया था तथा 1571 में राजधानी बनाया था।
❍ **दास प्रथा** (1562 ई.), **जजिया कर** (1564 ई.) तथा **तीर्थयात्रा कर** (1563 ई.) को अकबर ने समाप्त किया था।
❍ अकबर ने 1575 ई. में **इबादतखाना की स्थापना** की थी।
❍ अकबर के दरबार का प्रसिद्ध **संगीतकार तानसेन** तथा **चित्रकार अब्दुलसमद** था।
❍ **अकबरनामा** ग्रंथ की रचना **अबुल-फजल** ने की थी।
❍ अकबर के समकालीन प्रसिद्ध सूफी संत **शेख सलीम चिश्ती** थे।
❍ संगीत सम्राट तानसेन का जन्म ग्वालियर में हुआ था तथा उनके बचपन का नाम **रामतनु पाण्डेय** था।
❍ **'दीन-ए-इलाही'** धर्म को अपनाने वाला प्रथम एवं अंतिम हिन्दू व्यक्ति **बीरबल** था तथा इनके बचपन का नाम **महेश दास** था।
❍ बुलन्द दरवाजा का निर्माण अकबर ने गुजरात विजय के उपलक्ष्य मे कराया था।
❍ अकबर के काल को **'हिन्दी साहित्य का स्वर्णकाल'** कहा जाता है।
❍ हुमायूँ के मकबरे का निर्माण 1564 में हाजी बेगम ने कराया था।
❍ **'न्याय की जंजीर'** के लिए जहाँगीर को याद किया जाता है।

- सिखों के 5वें गुरू अर्जुन देव को फाँसी जहाँगीर के द्वारा दी गई।
- गुलाब से इत्र निकालने की विधि नूरजहाँ की माँ अस्मत बेगम ने खोजी थी।
- **जहाँगीर** के काल को **'चित्रकला का स्वर्णकाल'** कहा जाता है।
- उस्ताद मंसूर जहाँगीर के समय के प्रसिद्ध चित्रकार थे।
- **शाहजहाँ** के काल को **'स्थापत्य कला का स्वर्णयुग'** कहा जाता है।
- **'जिन्दा-पीर'** औरंगजेब को कहा जाता है।
- **झरोखा दर्शन** की प्रथा तथा **नौरोज** मनाने पर रोक औरंगजेब ने लगाई थी।
- हिन्दू मंदिरों को तोड़ने का आदेश 1699 ई. में औरंगजेब ने दिया था।
- **जयसिंह** एवं **शिवाजी** के बीच **पुरन्दर की संधि** 22 जून 1665 ई को हुई थी।
- **जजिया कर** को पुनः 1679 ई. में औरंगजेब ने लागू किया था।
- औरंगजेब ने **'बीबी का मकबरा'** का निर्माण 1679 ई. में औरंगाबाद, महाराष्ट्र में करवाया था।
- लाल किले की मोती मस्जिद को औरंगजेब ने बनवाया था।
- **मराठा साम्राज्य** के संस्थापक **छत्रपति शिवाजी** का जन्म 1627 ई. में शिवनेर दुर्ग में हुआ था।
- शिवाजी के गुरू एवं संरक्षक **दादाजी कोण्डदेव** थे।
- शिवाजी ने **रायगढ़** को अपनी राजधानी बनाया था।
- **रैय्यतवाड़ी प्रथा** को शिवाजी ने चलाया था।
- शिवाजी के काल में **'चौथ'** एवं **'सरदेशमुखी'** कर थे।
- महाभारत का अनुवाद **रज्मनामा** नाम से **फारसी** में **बदायूँनी**, **नकीब खाँ** तथा **अब्दुल कादिर** ने किया था।
- कश्मीर के **'निशात बाग'** तथा लाहौर के **'शालीमार बाग'** का निर्माण बाबर ने करवाया था।
- राजत्व का नया सिद्धांत बलबन ने दिया था।
- नादिरशाह को **'ईरान का नेपोलियन'** कहा जाता है।
- वेहजाद को **'पूर्व का रॉफेल'** कहा जाता है।
- बाबर का मकबरा काबुल में है।

मध्यकालीन विदेशी यात्रियों के सन्दर्भ में महत्वपूर्ण तथ्य

विदेशी यात्री	देश	शासक
मार्कोपोलो	इटली	
इब्नबतूता	मोरक्को	मुहम्मद बिन तुगलक
निकोलो कोंटी	इटली	देवराय प्रथम (विजयनगर)
अब्दुल रज्जाक	फारस	देवराय द्वितीय (विजयनगर)
बारबोसा	पुर्तगाल	कृष्णदेवराय (विजयनगर)
डोमिंगो पायस	पुर्तगाल	कृष्णदेवराय (विजयनगर)
नूनिज	पुर्तगाल	अच्युतदेवराय (विजयनगर)
विलियम हाकिंस	अंगेज	अकबर
सर थॉमस रो	अंग्रेज	जहाँगीर
मनुची	इटली	शाहजहाँ

भक्ति संप्रदाय

मत	प्रवर्तक
अद्वैतवाद	शंकराचार्य
विशिष्टाद्वैतवाद	रामानुजाचार्य
द्वैताद्वैतवाद	निम्बार्काचार्य
द्वैतवाद	माधवाचार्य
शुद्धाद्वैतवाद	बल्लभाचार्य
शैवविशिष्टाद्वैत	श्रीकंठ
अचिंत्य भेदा भेदवाद	चैतन्य

सिक्ख संप्रदाय : स्मरणीय तथ्य

प्रमुख सिक्ख गुरू	कालावधि	महत्वपूर्ण कार्य
गुरुनानक	1469-1539 ई.	सिक्ख पंथ के संस्थापक
गुरु अंगद	1539-1552 ई.	गुरुमुखी लिपि का प्रसार
गुरु अमरदास	1552-1574 ई.	लवन विवाह पद्दति चलाया
गुरु रामदास	1574-1581 ई.	गुरु का पद वंशानुगत
गुरु अर्जुनदेव	1581-1606 ई.	आदि ग्रंथ का संकलन
गुरु हरगोविन्द	1606-1644 ई.	आकाल बंगा की नींव
गुरु हरराय	1644-1661 ई.	
गुरु हरकिशन	1661-1664 ई.	
गुरु तेगबहादुर	1664-1675 ई.	बकलादे बाबा कहा जाता था
गुरु गोविन्द सिंह	1675-1708 ई.	खालसा पंथ की स्थापना

- विजय नगर साम्राज्य के प्रमुख राजवंश क्रमशः संगम, सुलुव, तुलुव, एवं आरवीडु वंश हैं।
- संगम वंश के प्रमुख शासक- हरिहर प्रथम, बुक्का प्रथम, हरिहर द्वितीय, देवराय प्रथम, देवराय द्वितीय और विरूपाक्ष द्वितीय हैं।
- तुलुव वंश के प्रमुख शासक कृष्ण देवराय, अच्युतदेव राय और सदाशिव हैं।

यूरोपीय कंपनियों से सम्बंधित महत्वपूर्ण घटनाक्रम

- **वास्कोडिगामा** का 1498 ई. में भारत आगमन
- 1500 ई. को द्वितीय पुर्तगीज यात्री **कैब्राल** का भारत आगमन
- 1501 ई. में वास्कोडिगामा का दूसरी बार आगमन ।
- पुर्तगीज द्वारा 1510 ई. में गोवा पर अधिकार ।
- **1599 ई.** में **ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी** की स्थापना।
- डचों द्वारा 1602 ई. में डच ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना।
- 1661 ई. में पुर्तगीज द्वारा बंबई द्वीप को ब्रिटेन के राजा को दे दिया।
- **1664 ई.** में **फ्रांसीसी ईस्ट इंडिया कंपनी** की स्थापना।
- 1759 में **बेदारा के युद्ध** में अंग्रेजो ने डचों को पराजित किया।
- **1760 ई.** में **वांडिवाश के युद्ध** में अंग्रेजो ने फ्रांसीसी को पराजित किया।
- ईस्ट इण्डिया कंपनी का पहला गवर्नर **टॉम स्मिथ** था।
- अंग्रेजों की **प्रथम व्यापारिक कोठी** (फैक्ट्री) 1608 ई. में **सूरत** में खुली थी।
- प्रथम फ्रांसीसी गवर्नर डूप्ले था।

यूरोपीय व्यापारिक कंपनियों से सम्बंधित महत्वपूर्ण व्यक्ति		
व्यक्ति		**महत्व**
वास्कोडिगामा	:	भारत आने वाला प्रथम यूरोपीय (पुर्तगीज) यात्री
फ्रांसिस्को डि अल्मेडा	:	भारत का प्रथम पुर्तगीज गवर्नर
कैप्टन हाकिंस	:	प्रथम अंग्रेज दूत सम्राट जहांगीर से भेंट की
जॉब चॉरनाक	:	कलकत्ता का संस्थापक
फ्रैंको मार्टिन	:	पांडिचेरी का प्रथम फ्रांसीसी गवर्नर
फ्रांसिस डे	:	मद्रास का संस्थापक
फादर मानसरेट	:	अकबर के दरबार में पहुंचने वाले प्रथम शिष्ट मंडल का अध्यक्ष।

यूरोपीय कंपनियों के आगमन का कालानुक्रम					
कंपनी	**वर्ष**	**कंपनी**	**वर्ष**	**कंपनी**	**वर्ष**
पुर्तगीज	1498 ई.	डच	1602 ई.	अंग्रेज	1608 ई.
डेनिश	1616 ई.	फ्रांसीसी	1664 ई.		

नोट: अंग्रेज डचों के बाद आयें, लेकिन ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना डचों से पहले हुई थी।

- **प्रथम कर्नाटक युद्ध** (1746-48 ई.) एक्स-ला-शॉपेल की संधि द्वारा समाप्त हुआ था।
- **दूसरा कर्नाटक युद्ध** (1749-54 ई.) पांडिचेरी की संधि द्वारा समाप्त हुआ था।
- **तीसरा कर्नाटक युद्ध** (1756-63 ई.) पेरिस की संधि द्वारा समाप्त हुआ था।

उत्तरवर्ती मुगल शासक

1. बहादुरशाह प्रथम
2. जहांदारशाह
3. फर्रुखशियर
4. रफी-उद-दरजात
5. रफी-उद-दौला
6. मुहम्मद शाह (रंगीला)
7. अहमद शाह
8. आलमगीर द्वितीय
9. शाहआलम द्वितीय
10. अकबर द्वितीय
11. बहादुरशाह द्वितीय

मराठा पेशवा तथा उनका कालानुक्रम

बालाजी विश्वनाथ- ..... 1713-1720 ई.
बाजीराव प्रथम- ..... 1720-1740 ई.
बालाजी बाजीराव- ..... 1740-1761 ई.
पेशवा माधवराय- ..... 1761-1772 ई.
नारायणराव पेशवा- ..... 1772-1773 ई.
रघुनाथराव पेशवा- ..... 1773-1774 ई.
सवाई माधवराव पेशवा- ..... 1774-1795 ई.
बाजीराव द्वितीय- ..... 1796-1818 ई.

- बंगाल के नवाब सिराजुद्दौला के समय में 20-21 जून 1756 को **ब्लैकहोल घटना** (काल कोठरी) घटी।
- **प्लासी का युद्ध 23 जून 1757** को क्लाइव के नेतृत्व में बंगाल के **नवाब सिराजुद्दौला** के बीच लड़ा गया। इस युद्ध के निर्णय ने भारत में अंग्रेजी राज्य की स्थापना कर दी।
- प्लासी के युद्ध के समय भारत का मुगल शासक **आलमगीर द्वितीय** था।
- सिराजुद्दौला के विरोधियों में पूर्णिया का सूबेदार शौकत जंग, उसकी मौसी घसीटी बेगम तथा सेनापति मीरजाफर था।
- 22 अक्टूबर, 1764 में **बक्सर के युद्ध** के समय बंगाल का नवाब **मीरजाफर** था।
- बक्सर के युद्ध में अंग्रेजी सेना का नेतृत्व **हेक्टर मुनरो** ने किया।
- 1765 ई. से **बंगाल** में **द्वैध शासन** की शुरुआत हुई जो 1772 तक प्रचलन में रही। द्वैध शासन का जनक लियोनिस कार्टिस को माना जाता है।
- बक्सर के युद्ध में लड़ने वाली भारतीय शक्तियां-मुगल बादशाह शाह आलम, अवध के नवाब शुजाउद्दौला तथा मीरकासिम (बंगाल का नवाब)
- बक्सर का युद्ध 1764 ई. में अंग्रेजों तथा मीरकासिम, अवध के नवाब शुजाद्दौला एवं मुगल सम्राट शाहआलम द्वितीय की सम्मिलित सेना के मध्य लड़ा गया।
- **टीपू सुल्तान** की राजधानी **श्रीरंगपट्टनम्** थी।
- जयपुर शहर का निर्माण **सवाई जयसिंह** ने करवाया था।
- **कर्नाटक युद्ध** अंग्रेजों एवं फ्रांसीसीयों के मध्य हुआ था।
- **श्री रंगपट्टनम् की संधि** 1792 ई. में टीपू सुल्तान एवं अंग्रेजों के बीच हुई थी।
- कलकत्ता के **फोर्ट विलियम** का प्रथम शासक चार्ल्स आयर था।
- **1861 ई.** में **कलकत्ता, दिल्ली** तथा **मुम्बई** में उच्च न्यायालय का गठन **लॉर्ड कैनिंग** के समय में हुआ था।

1857 के विद्रोह से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तथ्य

- 1857 के विद्रोह का तात्कालिक कारण **चर्बी वाले कारतूस** थे। चर्बीयुक्त कारतूसों के प्रयोग के विरोध में प्रथम विद्रोह बैरकपुर छावनी में मंगलपांडे द्वारा किया गया।
- 1857 के विद्रोह की शुरुआत **मेरठ से 10 मई 1857** से हुई।
- 1857 के विद्रोह के समय के विद्रोही नेता **मौलवी अहमदुल्लाह** की गिरफ्तारी के लिए अंग्रेजी सरकार ने 50 हजार रु. का इनाम रखा गया था।
- अंग्रेज जनरल ह्यूरोज ने लक्ष्मीबाई की मृत्यु के बाद उन्हें **'सबसे वीर नेता'** की संज्ञा दी।
- वी.डी. सावरकर ने इसे **'भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम'** कहा।
- **आर. सी. मजूमदार** ने कहा कि, **"तथाकथित प्रथम राष्ट्रीय संग्राम न तो प्रथम था, न ही राष्ट्रीय तथा न ही स्वतंत्रता संग्राम था।"**
- **बेंजामिन डिजरायली** ने कहा कि, **"1857 का विद्रोह एक राष्ट्रीय विद्रोह था।"**

परीक्षोपयोगी महत्वपूर्ण स्मरणीय तथ्य		
विद्रोह का केन्द्र	**विद्रोही नेता**	**विद्रोह का दिन**
दिल्ली	बहादुरशाह, जफर बख्त	11 मई 1857
कानपुर	नाना साहब, तात्यांटोपे	5 जून 1857
लखनऊ	बेगम हजरत महल बिरजिस कादिर	4 जून 1857
झांसी	रानी लक्ष्मीबाई, तात्यांटोपे	4 जून 1857
जगदीशपुर (आरा-बिहार)	कुवर सिंह	12 जून 1857
फैजाबाद	मौलवी अहमदुल्ला	जून 1857
इलाहाबाद	लियाकत अली	जून 1857
बरेली	खान बहादुर	
असम	मनीराम दत्त	
मेरठ	कदम सिंह	

प्रमुख जनजातीय विद्रोह	
विद्रोह	**नेता**
खोंड विद्रोह	चक्र विसोई
संथाल विद्रोह	सिद्दू तथा कान्हू
वहाबी विद्रोह	सैय्यद अहमद, अब्दुल वहाब
कूका विद्राह	भगत जवाहर मल
मुण्डा विद्रोह	बिरसा मुंडा
खासी विद्रोह	तीरत सिंह
फकीर विद्रोह	मजनूशाह
नागा विद्रोह	रानी गौडिनलियु

भारत में शिक्षा का विकास

- पहली बार कंपनी सरकार द्वारा 1813 के चार्टर एक्ट में भारतीय शिक्षा पर 1 लाख रु. खर्च करने का प्रावधान किया।

प्रमुख समाचार पत्र	
समाचार-पत्र	**मुख्य सम्पादक**
अमृत बाजार पत्रिका	मोतीलाल घोष
सोम प्रकाश	ईश्वर चंद विद्यासागर
हिंदू	वीर राघवाचारी
केसरी, मराठा	तिलक
हिन्दू	रानाडे
भारत मित्र	बाल मुकुन्द गुप्त
कॉमनवील	एनी बेसेंट
कवि वचन सुधा	भारतेन्दु हरीशचन्द्र
हिन्दुस्तान स्टैंडर्ड	सच्चिदानंद सिन्हा
यंग इंडिया, नवजीवन, हरिजन	महात्मा गाँधी
इंडिपेंडेंस	मोतीलाल नेहरु
हिन्दुस्तान टाइम्स	के. एम पन्निकर
उदन्तमार्तण्ड	जुगल किशोर
अल हिलाल, अल बिलाग	मौलाना अबुल कलाम आजाद
कॉमरेड, हमदर्द	मुहम्मद अली जिन्ना
गदर	गदर पार्टी
हिन्दू पैट्रियाट	हरिशचन्द्र मुखर्जी

- शिक्षा के **अधोमुखी निस्पंदन सिद्धांत** का प्रवर्तक **लॉर्ड ऑकलैण्ड** को माना जाता है।
- भारतीय शिक्षा का मैग्नाकार्टा **'वुड के डिस्पैच'** को कहा जाता है।
- प्राथमिक शिक्षा पर पहली बार **हन्टर कमीशन** की रिपोर्ट में चर्चा की गयी।
- लंदन विश्वविद्यालय के आधार पर वुड के डिस्पैच में कलकत्ता, बंबई और मद्रास प्रेसीडेंसियों में विश्वविद्यालय की स्थापना का सुझाव दिया।
- **सैडलर आयोग** की रिपोर्ट में विश्वविद्यालयों के लिए कुलपति की नियुक्ति का सुझाव दिया गया।

प्रमुख सामाजिक सुधार अधिनियम		
अधिनियम	**वर्ष**	**गवर्नर जनरल**
शिशु वध प्रतिबंध	1798-1805	वेलेजली
सतीप्रथा प्रतिबंध	1829	लॉर्ड विलियम बैंटिक
दास प्रथा पर प्रतिबंध	1843	एलनबरो
हिन्दू विधवा पुनर्विवाह	1856	लार्ड कैनिंग
नैटिव मैरिज एक्ट	1872	नार्थब्रुक
एज ऑफ कंसेट एक्ट	1891	लैंसडाउन
शारदा एक्ट	1930	इरविन

धार्मिक तथा सामाजिक सुधार आंदोलन से संबधित संस्थान	
संस्था	**संस्थापक**
आत्मीय सभा	राजाराम मोहन राय
ब्रह्म समाज	राजाराम मोहन राय
हिन्दू कॉलेज	डेविड हेयर
आदि ब्रह्म समाज	केशव चंद्र सेन
तत्वबोधिनी सभा	देवेन्द्र नाथ टैगोर
प्रार्थना समाज	महादेव गोविन्द रानाडे
आर्य समाज	स्वामी दयानंद सरस्वती
रामकृष्ण मठ	स्वामी विवेकानंद
थियोसोफिकल सोसायटी	मैडन ब्लावट्स्की
मुलिम एंग्लो ओरिएंटल स्कूल	सैय्यद अहम खां
देवबंद स्कूल	मुहम्मद कासिम ननौतवी

बीसवीं सदी के प्रमूख किसान आंदोलन		
आंदोलन/विद्रोह	**संस्थापक/अध्यक्ष/नेता**	**वर्ष**
चंपारण सत्याग्रह	महात्मा गांधी	1917
खेड़ा सत्याग्रह	महात्मा गांधी	1918
उ. प्र. किसान सभा	गौरी शंकर मिश्र. इन्द्रनारायण द्विवेदी, मदन मोहन मालवीय	1918
अवध किसान सभा	बाबा रामचंद्र	1920
एका आंदोलन	मदारी पासा	1921-22
बारदोली सत्याग्रह	बल्लभभाई पटेल	1928
बिहार किसान सभा	स्वामी सहजानंद सरस्वती	1929
अखिल भारतीय किसान सभा	स्वामी सहजानंद सरस्वती	1936
तेभागा आंदोलन	कम्पाराम	1946
वर्ली विद्रोह		1945
तेलंगाना आंदोलन		1945-51

राजा राममोहन राय की प्रमुख संस्थाए			
1814	आत्मीय सभा	1816	वेदांत सोसायटी
1817	हिन्दू कॉलेज कलकत्ता	1821	कलकत्ता यूनीटेरियन कमेटी
1825	वेदांत कॉलेज	1828	ब्रह्म समाज

भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस

- भारतीय राष्ट्रीय संघ (कांग्रेस की पूर्वगामी संस्था) की स्थापना का विचार सर्वप्रथम वायसराय डफरिन के दिमाग में आया।
- **स्थापना-आक्टोविन ह्यूम** द्वारा **1885** में की गई।
- भारतीय राष्ट्रीय संघ का नाम **'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस'** दादाभाई नौरोजी के सुझाव पर रखा गया।
- कांग्रेस की स्थापना: **28 दिसंबर 1885**
- स्थान: **बंबई (गोलकुलदास तेजपाल संस्कृत कालेज भवन)**
- प्रथम अध्यक्ष: **व्योमेश चन्द्र बनर्जी**
- कांग्रेस की अध्यक्षता करने वाले प्रथम मुस्लिम अध्यक्ष: **बदरुद्दीन तैय्यबजी**
- कांग्रेस की अध्यक्षता करने वाले प्रथम अंग्रेज: **जार्जयूल** (1888)
- **नरमदल/उदारवादी दल के प्रमुख नेता:**- दादाभाई नौरोजी, सुरेन्द्रनाथ बनर्जी, गोपाल कृष्ण गोखले, फिरोजशाह मेहता, मदनमोहन मालवीय।
- **उग्रवादी नेता:**- बालगंगाधर तिलक, अरविन्द घोष, विपिन चन्द्रपाल, लाला लाजपत राय।

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम से सम्बन्धित महत्वपूर्ण क्रांतिकारी संस्थाएं : एक दृष्टि में

संस्था	संस्थापक	वर्ष
मित्र मेला	वी.डी. सावरकर	1899
अभिनव भारत	वी.डी. सावरकर	1906
अनुशीलन समिति	वरीन्द्र कुमार घोष तथा जतीन्द्रनाथ बनर्जी	1902
युगांतर	बी.के घोष, भूपेन्द्रनाथ दत्त	1906
अंजुमाने मोहिब्बाने वतन	सरदार अजीत सिंह	
इंडिया सोसायटी	मैडम कामा	1906
हिन्दू एशोसिएशन ऑफ द अमेरिका	सोहन सिंह भाकना	1913
हिन्दुस्तान रिपब्लिक एशोसिएशन	शचीन्द्रनाथ सांयाल एवं रामप्रसाद बिस्मिल	1924
हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिक एशोसिएशन	चन्द्रशेखर आजाद	1928
भारत नौजवान सभा	भगत सिंह	1926
लाहौर छात्रसंघ	सुखदेव एवं भगत सिंह	1925

महत्वपूर्ण अद्यतन तथ्य

(बंगाल विभाजन- 1905)

बंगाल विभाजन की तात्कालिक प्रतिक्रिया - स्वदेशी आंदोलन

वायसराय	लार्ड कर्जन
कांग्रेस अध्यक्ष	गोपालकृष्ण गोखले
विभाजन का निर्णय	20 जुलाई 1905
विरोध में आंदोलन	7 अगस्त 1905 (कलकत्ता के टाउन हॉल में बहिष्कार प्रस्ताव पारित)
विभाजन प्रभावी	16 अक्टूबर 1905 **(शोक दिवस)**
विभाजन रद्द	1911

- मुख्य उद्देश्य: विदेशी वस्तुओं, वस्त्रों तथा शिक्षा का बहिष्कार।
- प्रचार क्षेत्र: महाराष्ट्र- तिलक, पंजाब- अजीत सिंह, लाला लाजपत राय, उत्तर प्रदेश- जयपाल और गंगाराम, दिल्ली - सैय्यद हैदर खां, मद्रास - चिदम्बरम पिल्लै, आनन्द चार्लू, सुब्रह्मण्यम अय्यर।
- अश्विनी कुमार दत्त: स्वदेश बांधव समिति का गठन।
- प्रफुल्ल चन्द्र राय: बंगाल केमिकल स्वदेशी स्टोर्स की स्थापना।
- एंटी सर्कुलर सोसाइटी (कार्लाइल सर्कुलर के विरोध में) का गठन।
- राष्ट्रीय शिक्षा हेतु रंगपुर नेशलन कॉलेज और बंगाल नेशलन कॉलेज की स्थापना ।
- 1906: राष्ट्रीय शिक्षा परिषद् की स्थापना।
- चिदम्बरम पिल्लै: मद्रास में स्वदेशी स्टीम नेवीगेशन कंपनी की स्थापना।
- 1905 के स्वदेशी आन्दोलन के प्रमुख नेता लाल-बाल-पाल थे।
- **गणपति उत्सव** (1893 ई.) तथा शिवाजी उत्सव (1895 ई.) का प्रारम्भ **बाल गंगाधर तिलक** ने किया था।
- **इंडियन होमरूल सोसायटी** की स्थापना **श्यामजी कृष्ण वर्मा** ने 1905 में लंदन में की थी।
- **सूरत अधिवेशन** 1907 में कांग्रेस में प्रथम फूट पड़ी। उस समय कांग्रेस के अध्यक्ष **डा॰ रास बिहारी घोष** थे।

मुस्लिम लीग- 1906

- 30 दिसंबर 1906 में ढ़ाका के नवाब सलीमुल्लाह के नेतृत्व में हुई।
- प्रथम अध्यक्ष- वकार-उल-मुल्क मुस्ताक हुसैन
- संस्थापक अध्यक्ष- नवाब सलीमुल्लाह
- **लखनऊ अधिवेशन** 1916 में कांग्रेस का पुनर्मिलन हुआ था।
- महात्मा गांधी ने कांग्रेस के एकमात्र अधिवेशन, **बेलगांव (कर्नाटक) अधिवेशन** 1924 में अध्यक्षता की थी।
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की **प्रथम भारतीय महिला** अध्यक्ष **सरोजनी नायडू** थीं तथा प्रथम महिला अध्यक्ष एनीबेसेंट थीं।
- पहली बार **'स्वराज्य'** की मांग **दादाभाई नौरोजी** की अध्यक्षता में 1906 के कलकत्ता अधिवेशन में की गई थी तथा **'पूर्ण स्वराज्य'** की मांग जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में 1929 के कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन में की गई थी।
- जब भारत आजाद हुआ, उस समय कांग्रेस के अध्यक्ष **जे.बी. कृपलानी** थे।
- गांधीजी दक्षिण अफ्रीका 1893 में मुकदमे की पैरवी के लिए गए थे।
- गांधीजी दक्षिण अफ्रीका से 1915 ई. में भारत वापस आये थे।
- गांधीजी के राजनीतिक **गुरू गोपालकृष्ण गोखले** थे।
- गांधीजी ने **'सत्याग्रह'** का सर्वप्रथम प्रयोग 1906 ई. में दक्षिण अफ्रीका में किया था।
- गांधीजी द्वारा भारत में **'सत्याग्रह'** का पहला प्रयोग 1917 में बिहार के **चम्पारण आन्दोलन** में किया था।
- गांधीजी को सर्वप्रथम **'महात्मा'** की उपाधि **'रवीन्द्रनाथ टैगोर'** ने दी थी।
- गांधीजी ने ब्रिटिश सरकार द्वारा प्राप्त **'कैसर-ए-हिन्द'** की उपाधि को जलियांवाला बाग हत्याकाण्ड के विरोध में लौटा दिया था।
- **'हरमिट ऑफ शिमला'** ए.ओ. ह्यूम को कहा जाता है।
- महात्मा गांधी को **'अर्द्धनग्न फकीर'** बिस्टन चर्चिल द्वारा कहा गया।
- गांधीजी **राजकुमार शुक्ल** के आग्रह पर चम्पारण गए थे।

- सर्वप्रथम महात्मा गांधी को **'राष्ट्रपिता'** सुभाषचंद्र बोस ने कहा था।
- **होमरूल लीग** की स्थापना 1916 में **ऐनी बेसेंट** ने मद्रास में की थी।
- जलियांवाला बाग हत्याकाण्ड के विरोध में रवीन्द्रनाथ टैगोर ने **'सर'** तथा जमनालाल बजाज ने **'राम बहादुर'** की उपाधि लौटा दी थी।
- सुभाषचन्द्र बोस के राजनीतिक गुरू देशबंधु चितरंजन दास थे।
- 23 मार्च 1931 को **लाहौर षड्यंत्र केस** में मुख्य अभियुक्त भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरू को फांसी दी गई थी।
- **'राज्य हड़प नीति'** (डॉक्ट्रिन ऑफ लैप्स) लॉर्ड डलहौजी ने अपनाई।
- **'सहायक संधि की पद्धति'** लॉर्ड वेलेजली ने प्रारम्भ की थी तथा इसका जनक डूप्ले था।
- **भारत सरकार अधिनियम** 1935 ई. में पास किया गया था।
- भारत के स्वतंत्रता के समय ब्रिटेन के प्रधानमंत्री क्लीमेंट एटली थे जो लेबर पार्टी से संबंधित थे।
- **'बिना ताज के बादशाह'** सुरेन्द्रनाथ बनर्जी को कहा जाता है।
- **'भारतीय हरिजन संघ'** की स्थापना महात्मा गांधी ने की थी।
- **'भारत का बिस्मार्क'** सरदार बल्लभभाई पटेल को कहा जाता है।
- 'भारत भारतीयों के लिए' उद्घोष आर्य समाज के द्वारा प्रतिपादित किया गया।
- **'धन के निष्कासन का सिद्धांत'** दादाभाई नौरोजी ने प्रतिपादित किया था।
- 1857 के विद्रोह के ठीक बाद बंगाल में बिरसा मुण्डा विद्रोह हुआ था।
- भारत का विभाजन **माउण्टबेटन योजना** के तहत 1947 में हुआ था।
- **मांटेग्यू चेम्सफोर्ड सुधार** 1919 में लाया गया था।
- **'वेद समाज'** की स्थापना श्री धरालू नायडू ने 1864 में मद्रास में की थी।
- मोहम्मद अली जिन्ना को **'कायदे आजम'** नाम से गांधीजी ने संबोधित किया था।
- प्रिंस ऑफ वेल्स अप्रैल 1921 में भारत यात्रा पर आये थे।

महात्मा गांधी के प्रमुख आंदोलन

1. **चंपारण (बिहार) :-** 1917 नील कृषकों की **तिनकठिया पद्धति** (3/20 भाग पर नील की खेती अनिवार्य)।
   प्रमुख नेता :- गांधीजी तथा सहयोगी नेता- राजेन्द्र प्रसाद, मजहरुल हक, जे.बी. कृपलानी, नरहरि पारीक, महादेव देसाई, अनुग्रह नारायण सिंह।
2. **अहमदाबाद मजदूर आंदोलन :- 1918-** प्लेग बोनस के मुद्दे पर।
   प्रमुख नेता :- महात्मा गांधी
   सहयोगी :- अनुसूइया बेन
3. **खेड़ा सत्याग्रह :- 1718-** लगान में छूट नहीं मिलने के कारण।
   प्रमुख नेता :- महात्मा गांधी
   सहयोगी नेता :- वल्लभभाई पटेल, इन्दुल्लाल याज्ञिक, विट्ठलभाई
4. **असहयोग आंदोलन (1920)**

- लाला लाजपत राय की अध्यक्षता वाले कलकत्ता अधिवेशन में स्वीकार किया गया।
- असहयोग प्रस्ताव के विरोध में- एनी बेसेंट, मुहम्मद अली, जिन्ना, विपिन चंद पाल, शंकर नारायण आदि ने विरोध के कारण कांग्रेस से त्यागपत्र दे दिया।
- 5 फरवरी, 1922 को चौरी-चौरा कांड के बाद आंदोलन वापस ले लिया।

स्वराज पार्टी

- सी. आर. दास और पं॰ मोतीलाल नेहरू ने मार्च, 1923 को इलाहाबाद में **'कांग्रेस खिलाफत स्वराज्य पार्टी'** जिसे सामान्तया **'स्वराज्य पार्टी'** के नाम से जाना जाता था, की स्थापना की।
- 1925 में **विट्ठलभाई पटेल** को सेन्ट्रल लेजिस्लेटिव (केन्द्रीय विधान मण्डल) असेम्बली का अध्यक्ष चुना गया।
- 1923-24 में नगरपालिकाओं और स्थानीय निकायों के हुए चुनाव में कांग्रेस को सफलता मिली। कलकत्ता के मेयर के रूप में सी. आर. दास तथा अहमदाबाद का मेयर पं. जवाहरलाल नेहरू को चुना गया।

गाँधी-दास पैक्ट (नवम्बर, 1924 ई॰)

नवम्बर, 1924 ई॰ में गाँधी जी, सी॰आर॰ दास और मोतीलाल नेहरू ने एक संयुक्त वक्तव्य दिया जो 'गाँधी-दास पैक्ट' के नाम से जाना जाता है।

हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन (H.R.A)

स्थापना :- **1924 ई॰**
स्थान :- **कानपुर**
संस्थापक :- **शचीन्द्रनाथ सान्याल, योगेश चटर्जी।**

- काकोरी कांड, एच. आर. ए. द्वारा 9 अगस्त, 1925 को उत्तर रेलवे के लखनऊ सहारनपुर संभाग के **काकोरी** नामक स्थान पर '8 डाउन ट्रेन' पर डकैती डालकर सरकारी खजाने को लूट लिया गया। यह घटना **काकोरी काण्ड** के नाम से प्रसिद्ध हुई।
- सरकार ने 29 क्रांतिकारियों को गिरफ्तार किया, जिसमें **रामप्रसाद बिस्मिल, असफाक उल्ला खां, रोशन लाल, राजेन्द्र लाहिड़ी** आदि पर मुकदमा चला कर फांसी दे दी गई।

हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (H.S.R.A.)

स्थापना :-**10 सितम्बर, 1928 ई॰**
स्थान :- **दिल्ली का फिरोजशाह कोटला मैदान**
संस्थापक :- **चन्द्रशेखर आजाद**

- साइमन कमीशन के विरोध के समय लाला जी पर लाठियों से प्रहार करवाने वाला सहायक पुलिस अधीक्षक **सांडर्स** (लाहौर) की **30 अक्टूबर 1928** को भगतसिंह, चन्द्र शेखर आजाद, राजगुरू द्वारा की गई हत्या पहली एच॰ एस॰ आर॰ ए॰ की क्रांतिकारी गतिविधि थी।
- सेंट्रल लेजिस्लेटिव एसेम्बली बमकांड एच. एस. आर. ए. के दो सदस्य **भगतसिंह** और **बटुकेश्वर दत्त** ने **8 अप्रैल 1929** को केन्द्रीय विधान मण्डल में जिस समय **ट्रेड डिसप्यूट बिल** और **सेफ्टी बिल** पर बहस चल रही थी, बम फेका।
- केन्द्रीय विधानमण्डल में बम फेंकते समय ही पहली बार भगतसिंह ने **'इन्कलाब जिंदाबाद'** का नारा दिया।
- भूख हड़ताल पर बैठे **जतिन दास** की 64 दिन बाद **13 सितम्बर, 1929** को मृत्यु हो गई।
- **23 मार्च, 1931** को भगतसिंह, सुखदेव और राजगुरू को फांसी दे दी गई।
- एच. एस. आर. ए. के एकमात्र सदस्य चंद्रशेखर आजाद **27 फरवरी, 1931** को इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारे गये।

नौजवान सभा

स्थापना :- **1926 ई॰ में पंजाब में**

संस्थापक :- **भगत सिंह, छबीलदास और यशपाल**

चटगाँव आर्मरी रेड

समय :- **18 अप्रैल, 1930 ई॰**

प्रमुख नेता :- **सूर्यसेन (मास्टर दा)**

- बंगाल में **सूर्यसेन** जो गांधी के असहयोग आंदोलन के प्रमुख नेता थे, ने **इण्डियन रिपब्लिकन आर्मी** (आई. आर. ए.) की स्थापना की।
- 19 अप्रैल, 1930 को सूर्यसेन (मास्टर दा) अंग्रेजों के विरूद्ध युद्ध की घोषणा की ।
- **प्रीतिलता वाडेकर** चटगांव के रेलवे इंस्टीट्यूट पर छापा मारने के समय मारी गई।
- **कल्पनादत्त,** सूर्यसेन के साथ 1935 में गिरफ्तार हुई इन्हें आजीवन कारावास की सजा मिली।
- दिसम्बर 1931 में कोमिला की दो युवतियों **सुनीति चौधरी** और **शांतिघोष** ने कोमिला के जिलाधिकारी की हत्या कर दी।
- फरवरी 1932 में **बीना दास** ने दीक्षांत समारोह के दौरान उपाधि ग्रहण करते समय गवर्नर पर गोली चलायी।

साइमन कमीशन (1927-28)

- आयोग की नियुक्ति दस वर्ष बाद की जानी थी लेकिन ब्रिटेन सरकार ने दो वर्ष पूर्व ही **साइमन कमीशन** की नियुक्ति कर दी तथा 3 फरवरी 1928 को भारत आगमन हुआ।
- सर जॉन साइमन की अध्यक्षता में गठित साइमन आयोग में कुल सात सदस्य थे, चूंकि इसके सभी सदस्य अंग्रेज थे इस लिए कांग्रेसियों ने इसे **'श्वेत कमीशन'** कहा।

कांग्रेस का लाहौर अधिवेशन (1929)

- कांग्रेस के ऐतिहासिक लाहौर अधिवेशन की अध्यक्षता **पं॰ जवाहर लाल नेहरू** ने की।
- सम्मेलन 1929 की आधी रात्रि को रावी नदी के तट पर कांग्रेस के अध्यक्ष जवाहरलाल नेहरू ने भारतीय स्वतंत्रता का प्रतीक **"तिरंगा झण्डा" पूर्ण स्वराज्य, वंदेमातृरम** तथा **इन्कलाब जिन्दाबाद** के नारों के बीच फहराया।
- कांग्रेस कार्य समिति द्वारा 2 जनवरी 1930 को अपनी बैठक में यह निर्णय किया गया। **26 जनवरी 1930** का दिन **"पूर्ण स्वराज्य दिवस"** के रूप में मनाया जायेगा तथा 26 जनवरी को प्रत्येक वर्ष **'पूर्ण स्वाधीनता दिवस'** के रूप में मनाया जायेगा।

सविनय अवज्ञा आन्दोलन

दाण्डी मार्च (12 मार्च 1930-6 अप्रैल 1930 ई॰)

- 1929 के लाहौर कांग्रेस अधिवेशन में, कांग्रेस कार्यकारिणी को सविनय अवज्ञा आन्दोलन शुरू करने का अधिकार दिया गया।
- सविनय अवज्ञा आन्दोलन के तहत महात्मा गांधी ने **12 मार्च, 1930** को ऐतिहासिक **'नमक सत्याग्रह'** की शुरूआत की।
- गांधी जी ने साबरमती आश्रम से अपने 78 अनुयायियों के साथ "डांडी मार्च" किया। यह यात्रा लगभग 324 किमी. की थी।
- तमिलनाडु में गांधीवादी राजनेता **सी. राजगोपालाचारी** ने **तिरूचेनगोड आश्रम** से त्रिचुरापल्ली के **वेदारण्यम** तक नमक यात्रा की।
- मालाबार में नमक सत्याग्रह की शुरूआत **बायकोम सत्याग्रह** के नेता **के. केलप्पड़** ने **कालीकट** से **पेन्नार** तक यात्रा की।
- उड़ीसा में नमक सत्याग्रह **गोपचन्द्र बन्धु चौधरी** के नेतृत्व में **बालासोर, कटक** और **पुरी** में नमक आन्दोलन चलाया गया।
- असम के **सिलहट, बंगाल** के **नोआखली** में भी नमक कानून तोड़ने का प्रयास किया गया।
- पश्चिमोत्तर सीमा प्रांत के मुसलमानों ने **खान अब्दुल गफ्फार खां (सीमांत गांधी)** के नेतृत्व में सविनय अवज्ञा आन्दोलन चलाया।

प्रथम गोलमेज सम्मेलन

(12 नवम्बर,1930 - 19 जनवरी,1931 ई॰)

स्थान :- **सेंट जेम्स पैलेस (लंदन)**

उद्घाटन :- **जार्ज पंचम**

अध्यक्षता :- **ब्रिटिश प्रधानमंत्री रैम्जे मैकडोनाल्ड**

प्रतिनिधियों की संख्या :- **89**

द्वितीय गोलमेज सम्मेलन

(7 सितम्बर से 1 दिसम्बर 1931)

नोट : इस सम्मेलन में कांग्रेस के **एकमात्र प्रतिनिधि** के रूप में **महात्मा गांधी** ने भाग लिया था। इस समय वायसराय लॉर्ड वेलिंगटन थे।

- दक्षिणपंथि नेता **विस्टंन चर्चिल** ने ब्रिटेश सरकार की अलोचना करते हुए कहा कि, "वह (सरकार) **'देशद्रोही फकीर'** (गांधी जी के संदर्भ में) को बराबर का दर्जा देकर बात कर रही हैं।"

साम्प्रदायिक पंचाट और पूना समझौता (1932)

- ब्रिटिश प्रधानमंत्री **रैम्जे मैकडोनाल्ड** ने **16 अगस्त, 1932** को विभिन्न सम्प्रदायों के प्रतिनिधित्व के विषय पर एक पंचाट जारी किया जिसे **साम्प्रदायिक पंचाट** (कम्युनल एवार्ड) कहा गया।
- **26 सितम्बर, 1932** को गांधी जी और दलित नेता अम्बेडकर के बीच **पूना** में **समझौता हुआ।**

तृतीय गोलमेज सम्मेलन (1932)

- लंदन में तृतीय गोलमेज **17 नवम्बर 1932** से **24 दिसम्बर 1932** तक चला, कांग्रेस ने सम्मेलन का बहिष्कार किया।

प्रान्तीय चुनाव और मंत्रिमण्डलों का गठन (1937)

- 1937 में हुए प्रांतीय विधान मण्डलों के चुनाव में अपने प्रतिद्वन्द्वी दलों का सफाया करते हुए कांग्रेस ने **5 प्रांतों** मद्रास, संयुक्त प्रांत, मध्यप्रांत, बिहार तथा उड़ीसा में पूर्ण बहुमत प्राप्त किया।

1. कांग्रेस की सरकार- संयुक्त प्रांत, बिहार, उड़ीसा, मध्य प्रांत, बंबई, मद्रास, असम, पश्चिमोत्तर सीमा प्रांत
2. मुस्लिम लीग और यूनियनिस्ट की सरकार- पंजाब
3. मुस्लिम लीग और कृषक प्रजा पार्टी की सरकार- बंगाल

- कांग्रेस शासित प्रदेशों के मंत्रियों ने कांग्रेस कार्य समिति की अनुमति के बाद **15 नवम्बर, 1939** को मंत्रिमण्डलों से त्यागपत्र दे दिया।

मुक्ति-दिवस

- कांग्रेसी मंत्रियों के त्यागपत्र के बाद मुस्लिम लीग ने दलित नेता भीमराव अम्बेडकर के साथ **22 दिसम्बर, 1939** को **मुक्ति दिवस** मनाया।

कांग्रेस समाजवादी पार्टी की स्थापना (1934)

- 1934 में कांग्रेस के भीतर समाजवादी विचारों के बढ़ते हुए प्रभाव के कारण **आचार्य नरेन्द्रदेव, जय प्रकाश नायायण** और **अच्युत पटवर्धन** ने **कांग्रेस समाजवादी पार्टी** की स्थापना की।

अगस्त प्रस्ताव-8 अगस्त, 1940 ई॰

- वायसराय लार्ड लिनलिथगो ने युद्ध के दौरान कांग्रेस से सहयोग प्राप्त करने के लिए उसके समक्ष प्रस्ताव रखा जिसे सामान्यतया 'अगस्त प्रस्ताव' के नाम से जाना जाता है। अगस्त प्रस्ताव में कांग्रेस की अंतरिम राष्ट्रीय सरकार गठित करने की मांग को अस्वीकार कर दिया गया।

व्यक्तिगत सत्याग्रह- 17 अक्टूबर, 1940 ई॰

व्यक्तिगत सत्याग्रह 17 अक्टूबर, 1940 ई॰ में पवनार आश्रम (महाराष्ट्र) से शुरू किया गया। **पहले सत्याग्रह 'विनोबा भावे'** थे। 17 दिसम्बर, 1940 ई॰ को यह सत्याग्रह स्थगित कर दिया गया। 5 जनवरी, 1941 ई॰ को जवाहरलाल नेहरू ने पुनः इसे प्रारम्भ किया।

मुस्लिम लीग और पाकिस्तान की मांग

- 1930 में मुस्लिम लीग के इलाहाबाद अधिवेशन की अध्यक्षता करते हुए महान उर्दू कवि **इकबाल** ने कहा कि "उत्तर पश्चिम भारत का संगठित मुस्लिम राज्य के रूप में निर्माण ही मुझे मुसलमानों की अंतिम नियति प्रतीत होती है।"
- 1933 से 35 के बीच कैम्ब्रिज (इंग्लैण्ड) में पढ़ने वाले **चौधरी रहमत अली** नामक एक मुस्लिम छात्र ने एक पर्चा जारी कर पृथक राज्य **'पाकिस्तान'** की परिकल्पना को जन्म दिया।
- 22-23 मार्च 1940 को मुस्लिम लीग के **लाहौर अधिवेशन** में पहली बार पृथक 'पाकिस्तान' राज्य के निर्माण का प्रस्ताव पारित किया गया। परन्तु प्रस्ताव में 'पाकिस्तान' शब्द का जिक्र नहीं था।
- लीग के इस अधिवेशन (1940) की **अध्यक्षता मुहम्मद अली जिन्ना** ने की थी।

क्रिप्स प्रस्ताव (1942)

- स्टैफर्ड क्रिप्स ने **22 मार्च, 1942** को भारत पहुंच कर एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया।
- **महात्मा गांधी** ने क्रिप्स प्रस्तावों को **'उत्तर तिथीय चेक'** (Post-Dated Cheque) तथा किसी और ने (सम्भवतः जवाहर लाल नेहरू) इसमें **'ऐसे बैंक के नाम जो टूट रहा है'** जोड़ा।
- **29 मार्च, 1942** को क्रिप्स प्रस्तावों की घोषणा हुई।
- 11 अप्रैल, 1942 को क्रिप्स प्रस्तावों को वापस ले लिया गया।

भारत छोड़ो आंदोलन (1942)

- भारत छोड़ो आंदोलन के 9 अगस्त 1942 को शुरू होते ही गांधी जी तथा अन्य चोटी के कांग्रेस नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। गांधी को गिरफ्तार कर सरोजनी नायडू सहित आगा खां पैलेस में रखा गया।
- कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य नेहरू गोविन्द बल्लभ पंत, डा॰ प्रफुल्ल चंद्र घोष, डा॰ पट्टाभि सीतारमैय्या, डा॰ सैय्यद महमूद, आचार्य कृपलानी आदि को गिरफ्तार कर लिया गया। इन सभी को अहमद नगर में कैद रखा गया।
- 'करो या मरो' का नारा समूचे देश में गूंज उठा, वरिष्ठ नेताओं की गिरफ्तारी के बाद आंदोलन का **नेतृत्व युवाओं ने संभाला और आंदोलन अहिंसक न रह सका।**
- रेडियो स्टेशन बम्बई और नासिक में स्थापित थे, उनका मुख्य कार्य कांग्रेस की सूचनाओं का प्रसारण करना होता था, 12 नवम्बर, 1942 को रेडियो स्टेशन सरकार द्वारा जब्त कर लिये गये।
- भूमिगत नेता जिसमें सुचेता कृपलानी, छोटू भाई पुराणिक, बीजू पटनायक आर॰ पी॰ गोयनका भी शामिल थे, बम गोला बारूद जैसी सामग्री एकत्र कर गुप्त संगठनों में बांटते थे।
- **बलिया** में गांधीवादी **चित्तूपांडे** के नेतृत्व में पहली समानांतर सरकार स्थापित हुई।
- बंगाल के **मिदनापुर** जिले के **तामलुक नामक** स्थान पर 17 दिसम्बर 1942 को **तामलुक जातीय सरकार** की स्थापना की गई। यहां की सरकार ने एक सशस्त्र विद्युत वाहिनी का गठन किया।
- **सतारा** (महाराष्ट्र) में इस समय की सर्वाधिक दीर्घजीवी समानांतर सरकार की स्थापना हुई जिसके नेताओं में वाई॰ पी॰ चव्हाण, नाना पाटिल प्रमुख नेता थे, यहां की सरकार 1945 तक चली।
- 23 मार्च 1943 को मुस्लिम लीग ने **'पाकिस्तान दिवस'** मनाने का आह्वान किया।

आजाद हिंद फौज की स्थापना

- ब्रिटिश भारतीय सेना के एक अधिकारी **मोहन सिंह** के दिमाग में सर्वप्रथम **आजाद हिंद फौज** की स्थापना का विचार आया।

- ब्रिटिश भारतीय सेना के वे सिपाही जिन्होंने जापान के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया था, को लेकर मोहन सिंह ने **मलाया** में **आजाद हिंद फौज** का **15 दिसम्बर 1941** को गठन किया।

वेवल योजना तथा शिमला सम्मेलन (1945)

- 14 जून, 1945 को वेवल ने **वेवल योजना** प्रस्तुत की गई।
- वेवल प्रस्ताव पर विचार-विमर्श हेतु शिमला में **25 जून, 1945** को **शिमला सम्मेलन** का आयोजन किया गया।

आजाद हिंद फौज पर मुकदमा

- 1945 में आजाद हिन्द फौज में सिपाहियों द्वारा समर्पण के बाद सरकार ने उन पर निष्ठा की शपथ तोड़ने के आरोप में लालकिले में मुकदमा चलाने का निर्णय लिया।
- बचाव पक्ष के वकीलों में भूलाभाई देसाई प्रमुख थे, उनका सहयोग करने के लिए तेज बहादुर सप्रू, काटजू, जवाहर लाल नेहरू ने भी अदालत में बहस की।
- आजाद हिन्द फौज के सिपाही सरदार गुरू बख्श सिंह, प्रेम सहगल तथा साह नवाज पर मुकदमा चलाया गया। संक्षिप्त मुकदमें के बाद इन्हें फांसी की सजा सुनाई गई।

शाही नौसेना विद्रोह (1946)

- **18 फरवरी, 1946** को रॉयल इण्डियन नेवी के 'सिगनल्स प्रशिक्षण संस्थान' एस. एम. आई. एस. तलवार' के गैर कमीशण्ड अधिकारियों एवं सिपाहियों ने, जिन्हें **रेटिंग्ज** कहा जाता था, विद्रोह कर दिया।
- खराब भोजन, जातीय भेदभाव, कम वेतन, चरित्र पर टिप्पणी आदि ऐसे कारण थे जिसने सिपाहियों को विद्रोह के लिये मजबूर किया।

कैबिनेट मिशन योजना (1946)

- 29 मार्च, 1946 को 'कैबिनेट मिशन' भारत आया। कैबिनेट मिशन के सदस्यों में शामिल थे– **सर स्टेफोर्ड क्रिप्स, ए.वी. अलेक्जेंडर** तथा **पैथिक लारेंस।**
- संविधान सभा के लिए हुए चुनावों में ब्रिटिश भारत के प्रांतों के 296 स्थानों में कांग्रेस द्वारा 205 पर जीत से लीग के नेता बौखला गये।
- **16 अगस्त, 1946** को लीग ने **'सीधी कार्यवाही दिवस'** (Direct Action Day) की शुरूआत कर दी, लीग की इस कार्यवाही का उद्देश्य साम्प्रदायिक दंगे फैलाना तथा आतंक का माहौल बना कर यह सिद्ध करना कि हिन्दू-मुसलमान एक साथ नहीं रह सकते।
- 1 अगस्त, 1946 को वेवल ने कांग्रेस अध्यक्ष जवाहर लाल नेहरू को अन्तरिम सरकार के गठन के लिए निमन्त्रण दिया।
- 24 अगस्त, 1946 को पं॰ नेहरू के नेतृत्व में भारत की पहली अन्तरिम राष्ट्रीय सरकार की घोषणा की गयी, जिसमें मुस्लिम लीग की भागीदारी नहीं थी।

अन्तरिम सरकार में महत्वपूर्ण सदस्य इस प्रकार थे-

- ❑ पं॰ जवाहर लाल नेहरू
- ❑ डा॰ राजेन्द्र प्रसाद
- ❑ राजगोपालाचारी
- ❑ डा॰ जॉन मथाई
- ❑ सरफराज अहमद खाँ
- ❑ सैयद अली जहीन
- ❑ सरदार बल्लभभाई पटेल
- ❑ आसफ अली
- ❑ शरत चन्द्र बोस
- ❑ सरदार बलदेव सिंह
- ❑ नाजीक राम
- ❑ डा॰ सी॰ एच॰ भाभा एवं अन्य।

- **9 दिसम्बर, 1946** को दिल्ली में संविधान सभा की पहली बैठक हुई, जिसका मुस्लिम लीग ने बहिष्कार किया।

एटली घोषणा फरवरी, 1947

- ब्रिटेन में श्रमिक दल में प्रधानमंत्री एटली ने हाऊस ऑफ कॉमन्स में 20 **फरवरी, 1947** को एक एतिहासिक घोषणा करते हुए कहा कि 'अंग्रेज जून, 1948 के पहले ही उत्तरदायी लोगों को सत्ता हस्तान्तरित करने के उपरान्त भारत छोड़ देंगे।
- लार्ड वेवल ने अपने वायसराय पद के अन्तिम दिनों में एक **'ब्रेक डाउन प्लान'** के तहत 31 मार्च, 1947 तक अंग्रेजों को भारत छोड़ने का पूर्ण रूप में सुझाव दिया था।

लॉर्ड माउन्टबेटेन योजना (जून, 1947)

- 22 मार्च, 1947 को भारत के **34वें और अन्तिम ब्रिटिश गवर्नर जनरल लॉर्ड माउन्टबेटेन** भारत आये जिनका एक मात्र उद्देश्य था, **"अतिशीघ्र भारत को पूर्ण स्वतंत्रता** देना।"
- माउन्टबेटन ने 15 अगस्त, 1947 को भारतीयों को सत्ता सौंपने का दिन निर्धारित किया।
- 3 जून, 1947 को प्रधानमंत्री एटली ने हाऊस ऑफ कॉमन्स में विभाजन योजना (3 जून योजना) की घोषणा की।
- **पं॰ गोविन्द बल्लभ पंत** ने विभाजन की योजना के पुष्टि हेतु प्रस्ताव करते हुए कहा कि **"आज हमें पाकिस्तान या आत्महत्या में से एक को चुनना है। देश की स्वतंत्रता और मुक्ति पाने का यही एकमात्र रास्ता है, इससे भारत में एक शक्तिशाली संघ की स्थापना** होगी।"
- कांग्रेस के राष्ट्रवादी मुस्लिम नेता मौलाना आज़ाद ने कहा कि यदि कांग्रेस के नेताओं ने विभाजन मान लिया तो इतिहास उन्हें कभी क्षमा नहीं करेगा।
- **खान अब्दुल गफ्फार खां** (सीमांत गांधी) ने विभाजन पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि **'कांग्रेस नेतृत्व ने उसके आंदोलन को भेड़ियों के आगे फेंक दिया।'**
- नेहरू, पंत, पटेल, कृपलानी और अंत में गांधी जी ने भी विभाजन स्वीकार लिया।

भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम (1947)

- माउंटबेटेन योजना के आधार पर ब्रिटिश संसद ने 18 जुलाई, 1947 को **भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम,** 1947 को पास किया। इस उपबन्ध द्वारा ही 15 अगस्त, 1947 को भारत का विभाजन हुआ।

अधिनियम की मुख्य बातें

1. 15 अगस्त, 1947 से भारत में भारत और पाकिस्तान नाम से डोमीनियन की स्थापना हो जायेगी।
2. भारत के राज्य क्षेत्र में पूर्वी बंगाल, पश्चिमी पंजाब में सम्मिलित होंगे, ब्रिटिश भारत के सभी प्रान्त सम्मिलत होंगे।
3. पाकिस्तान के राज्य क्षेत्र में पूर्वी बंगाल, पश्चिमी पंजाब, सिन्ध और उत्तर-पश्चिम सीमा प्रान्त सम्मिलित होंगे। पूर्वी बंगाल प्रान्त में असम का सिलहट जिला भी सम्मिलित होगा।
4. देशी रजवाड़े दोनों में से भारत और पाकिस्तान किसी भी डोमिनियन (अधिराज्य) में सम्मिलित हो सकते हैं।

परीक्षोपयोगी महत्वपूर्ण तथ्य
(प्रमुख गवर्नर जनरल एवं वायसराय)

- बंगाल का पहला गवर्नर जनरल **वारेन हेस्टिंग्स** (1774-75 ई.) था।
- बंगाल में **'द्वैध शासन'** की व्यवस्था **'रॉबर्ट क्लाइव'** के द्वारा की गयी।
- बंगाल के गवर्नर को **गवर्नर जनरल रेग्यूलेटिंग एक्ट 1773 ई.** के अनुसार कहा जाता था।
- गीता का अंग्रेजी में अनुवाद **विलियम विलकिन्स** के द्वारा किया गया था।
- **द एशियाटिक सोसायटी ऑफ बंगाल** की स्थापना सर विलियम जोंस ने 1784 ई. में की थी।
- भारत में **नागरिक सेवा का जनक** कॉर्नवालिस को माना जाता है।
- भारत में **सहायक संधि** का प्रयोग फ्रांसीसी गवर्नर डूप्ले ने किया था।
- भारत का **पहला गवर्नर जनरल** लॉर्ड विलियम बैंटिक था।
- भारत **प्रेस का मुक्तिदाता** चार्ल्स मेटकॉफ को कहा जाता है।
- **'नर-बलि' पर प्रतिबंध** लॉर्ड हार्डिंग द्वारा लगाया था।
- **भारत में रेलवे का जनक** लॉर्ड डलहौजी को माना जाता है।
- **विधवा पुनर्विवाह अधिनियम** लॉर्ड कैनिंग के समय 1856 ई. में पारित हुआ था।
- **वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट** को पारित कर समाचार पत्रों पर कठोर प्रतिबंध 1878 में लॉर्ड लिटन ने लगाया था।
- सिविल सेवा में प्रवेश की आयु को 19 वर्ष से बढ़ाकर 21 वर्ष **लॉर्ड रिपन** ने किया था।
- लॉर्ड रिपन को **'भारत के उद्धारक'** की संज्ञा फ्लोरेंस नाइटिंगेल ने दी थी।
- 1919 में रॉलेट एक्ट तथा 1917 में शिक्षा पर **सैंडलर आयोग** का गठन लॉर्ड चेम्सफोर्ड के शासन में हुआ था।
- 13 अप्रैल 1919 को **जलियाँवाला बाग हत्याकांड** के समय लॉर्ड चेम्सफोर्ड गवर्नर जनरल था।
- 1 सितम्बर 1939 को **द्वितीय विश्व युद्ध** के प्रारंभ के समय **लॉर्ड लिनलिथगो** गवर्नर जनरल था।
- **1907** में **सूरत अधिवेशन** में कांग्रेस के विभाजन के समय **लार्ड मिण्टो द्वितीय** गवर्नर जनरल था।
- **लॉर्ड रिपन** के कार्यकाल को **'ब्रिटिश शासनकाल का स्वर्ण युग'** कहा जाता है।

कांग्रेस के अधिवेशनः एक नजर में

स्थान	अधिवेशन	वर्ष	अध्यक्ष	प्रमुख बातें
बम्बई	पहला	28 दिसम्बर, 1885 ई॰	डब्ल्यू॰ सी॰ बनर्जी	कांग्रेस का प्रथम अधिवेशन 28-31 दिसम्बर, 1885 ई॰ ग्वालिया टैंक स्थित गोकुलदास तेजपाल संस्कृत कॉलेज में हुआ। प्रारम्भ में इसका नाम ''भारतीय राष्ट्रीय संघ'' था, परन्तु दादाभाई नौरोजी के सुझाव पर यह बदलकर '' भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस'' कर दिया गया।
कलकत्ता	दूसरा	28 दिसम्बर, 1886 ई॰	दादाभाई नौरोज	इसी अधिवेशन में नेशनल काँफ्रेंस का राष्ट्रीय कांग्रेस में विलय हो गया। डफरिन ने सम्मेलन में आए हुए व्यक्तियों को व्यक्तिगत हैसियत से ''उद्यान भोज'' (Garden Party) दी थी।
मद्रास	तीसरा	27-28, दिसम्बर, 1887 ई.	बदरूद्दीन तैय्यब जी	तैय्यब जी कांग्रेस के पहले मुस्लिम अध्यक्ष थे। एम.जी. रनाडे ने इसी समय से कांग्रेस मंच से ''सोशल कांफ्रेस'' का आयोजन शुरू किया। बदरूद्दीन तैय्यब जी ने ''कांग्रेसी बनो'' का नारा दिया।
इलाहाबाद	चौथा	28-29 दिसम्बर, 1888 ई॰	जार्ज यूले	कांग्रेस का चौथा अधिवेशन उत्तर-पश्चिमी प्रान्त की राजधानी इलाहाबाद में हुआ।
बम्बई	पाँचवाँ	27-28 दिसम्बर, 1889 ई॰	विलियम वेडरबर्न	इस अधिवेशन में **पहली बार महिलाओं ने भी भाग लिया।** इसी अधिवेशन **में 21 वर्षीय मताधिकार का प्रस्ताव पारित हुआ**
कलकत्ता	छठाँ	28-29 दिसम्बर, 1890 ई॰	फिरोजशाह मेहता	इस अधिवेशन को **कलकत्ता विश्वविद्यालय की पहली महिला स्नातक ''कादम्बिनी गांगुली'' ने** भी संबोधित किया।
नागपुर	सातवाँ	26-27 दिसम्बर, 1891 ई॰	पी॰ आनन्द चारलू	अध्यक्ष ने अपने भाषण में कहा कि कांग्रेस का दूसरा नाम ''राष्ट्रीयता'' है।
इलाहाबाद	आठवाँ	28-29 दिसम्बर, 1892 ई॰	डब्ल्यू॰ सी॰ बनर्जी	1890 ई॰ के कांग्रेस अधिवेशन में यह प्रस्ताव पास किया गया था कि 1892 ई॰ का कांग्रेस अधिवेशन इंग्लैण्ड में किया जायेगा
लाहौर	नौवाँ	27-28 दिसम्बर, 1893 ई॰	दादाभाई नौरोजी	इस अधिवेशन में सिविल सेवा परीक्षा भारत में करवाने की माँग की गई।
मद्रास	दसवाँ	27-28 दिसम्बर, 1894 ई॰	अल्फ्रेड बेब	अल्फ्रेड बेब ब्रिटिश संसद के एक आयरिश सदस्य थे।
पूना	ग्यारहवाँ	28-29 दिसम्बर, 1895 ई॰	सुरेन्द्रनाथ बनर्जी	तिलक ने एम॰ जी॰ रानाडे द्वारा प्रारम्भ ''सोशल कांफ्रेंस'' को कांग्रेस मंच से बन्द करवा दिया।

कलकत्ता	बारहवाँ	27-28 दिसम्बर, 1896 ई॰	रहीमतुल्ला सयानी	कांग्रेस मंच से बंकिमचन्द्र चटर्जी ने **''वन्देमातरम्''** का गान पहली बार किया।
अमरावती (महाराष्ट्र)	तेरहवाँ	28-29 दिसम्बर, 1897 ई॰	एम॰ सी॰ शंकरन नायर	
मद्रास	चौदहवाँ	27-29 दिसम्बर, 1898 ई॰	आनन्द मोहन बोस	
लखनऊ	पन्द्रहवाँ	27-28 दिसम्बर, 1899 ई॰	रमेशचन्द्र दत्त	
लाहौर	सोलहवाँ	27-29 दिसम्बर, 1900 ई॰	एन॰ जी॰ चन्द्रावरकर	
कलकत्ता	सत्रहवाँ	27-28 दिसम्बर, 1901 ई॰	दिनशा ई॰ वाचा	
अहमदाबाद	अठारहवाँ	23-26 दिसम्बर, 1902 ई॰	सुरेन्द्रनाथ बनर्जी	
मद्रास	उन्नीसवाँ	28-30 दिसम्बर, 1903 ई॰	लालमोहन घोष	
बम्बई	बीसवाँ	26-28 दिसम्बर, 1904 ई॰	सर हेनरी काटन	
वाराणसी	इक्कीसवाँ	27-30 दिसम्बर, 1905 ई॰	गोपाल कृष्ण गोखले	बनारस अधिवेशन में गोखले को **''विपक्ष के नेता''** की उपाधि दी गई।
कलकत्ता	बाइसवाँ	26-29 दिसम्बर, 1906 ई॰	दादाभाई नौरोजी	कलकत्ता अधिवेशन में पहली बार **''स्वराज''** शब्द का प्रयोग किया गया।
सूरत	तेइसवाँ	26-27 दिसम्बर, 1907 ई॰	रास बिहारी घोष	यह अधिवेशन पहले नागपुर में होना था। ''स्वराज'' शब्द की व्याख्या को लेकर कांग्रेस का विभाजन हो गया तथा यह नरम दल एवं गरम दल में बंट गया। इस कारण सूरत अधिवेशन की कार्यवाही पूरी नहीं हो सकी।
मद्रास	तेइसवाँ	29-30 दिसम्बर, 1908 ई॰	रास बिहारी घोष	
लाहौर	चौबीसवाँ	27-29 दिसम्बर, 1909 ई॰	मदन मोहन मालवीय	
इलाहाबाद	पचीसवाँ	28-29 दिसम्बर, 1910 ई॰	सर विलियम वेडरबर्न	
कलकत्ता	छब्बीसवाँ	26-28 दिसम्बर, 1911 ई॰	विशन नारायण दर	कांग्रेस मंच से ''जन-गण-मन'' का पहली बार गान हुआ।
बाकीपुर	सत्ताइवाँ	27-28 दिसम्बर, 1912 ई॰	आर॰ एन॰ मुधोलकर	इसी अधिवेशन में ह्यूम को **''कांग्रेस का पिता''** कहा गया।
कराची	अट्ठाइसवाँ	26-28 दिसम्बर, 1913 ई॰	नवाब सैय्यद मुहम्मद	
मद्रास	उन्तीसवाँ	28-30 दिसम्बर, 1914 ई॰	भूपेन्द्रनाथ बसु	
बम्बई	तीसवाँ	27-30 दिसम्बर, 1915 ई॰	एस॰ पी॰ सिन्हा	
लखनऊ	इक्तीसवाँ	26-30 दिसम्बर, 1916 ई॰	अम्बिका चरण-मजूमदार	तिलक और ऐनी बेसेण्ट के प्रयासों से कांग्रेस एवं मुस्लिम लीग में समझौता हो गया, जिसे **''लखनऊ समझौता''** या **'' कांग्रेस-लीग पैक्ट''** कहा जाता है। तिलक ने लखनऊ अधिवेशन में ही नारा दिया कि ''स्वराज मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर ही रहूँगा।''
कलकत्ता	बत्तीसवाँ	28-29 दिसम्बर, 1917 ई॰	श्रीमती ऐनी बेसेण्ट	यह एक आयरिश महिला थीं जो कि कांग्रेस की प्रथम महिला अध्यक्ष हुई।
दिल्ली	तैतीसवाँ	26-31 दिसम्बर, 1918 ई॰	मदन मोहन मालवीय	इस अधिवेशन में तिलक अध्यक्ष चुने जाने वाले थे, परन्तु शिरोल केस में लन्दन जाने के कारण मदन मालवीय को अध्यक्ष चुन लिया गया। इसी अधिवेश में सर्वप्रथम मौलिक अधिकारों की माँग की गई।
अमृतसर	चौतीसवाँ	27-28 दिसम्बर, 1919 ई॰	मोतीलाल नेहरू	
नागपुर	पैतीसवाँ	26-31 दिसम्बर, 1920 ई॰	वीर राघवाचारी	इस अधिवेशन में कांग्रेस संविधान में संशोधन किया गया तथा कहा गया कि 25 पैसे चन्दा देकर कोई भी 21 वर्ष का व्यक्ति कांग्रेस का सदस्य बन सकता है। नागपुर अधिवेशन में **''असहयोग आन्दोलन'' का प्रस्ताव पारित किया गया।** सितम्बर, 1920 ई॰ में कलकत्ता' में लाला लाजपत राय की अध्यक्षता में कांग्रेस का विशेष अधिवेशन हुआ। इसमें ''असहयोग'' का प्रस्ताव स्वीकार किया गया।
अहमदाबाद	छत्तीसवाँ	27-28 दिसम्बर, 1921 ई॰	सी॰ आर॰ दास	सी॰ आर॰ दास के जेल में होने के कारण इस अधिवेशन की अध्यक्षता हकीम अजमल खाँ ने की।
काकीनाड़ा	सैतीसवाँ अड़तीसवाँ	26-31 दिसम्बर, 1922 ई॰ 28-31 दिसम्बर, 1923 ई॰	सी॰ आर॰ दास मौलाना मुहम्मद अली	
बेलगाँव	उन्तालीसवाँ	26-27 दिसम्बर, 1924 ई॰	महात्मा गाँधी	गाँधी जी केवल एक बार ही कांग्रेस का अध्यक्ष बन पाए।
कानपुर	चालीसवाँ	26-28 दिसम्बर, 1925 ई॰	सरोजनी नायडू	यह कांग्रेस की प्रथम भारतीय महिला अध्यक्ष निर्वाचित हुई। इस अधिवेशन में ''हिन्दी'' को राष्ट्रभाषा के रूप में इस्तेमाल किया गया।
गुवाहाटी	इक्तालीसवाँ	6-28 दिसम्बर, 1926 ई॰	एम॰ श्रीनिवास आयंगर	
मद्रास	बयालीसवाँ	26-27, दिसम्बर, 1927 ई॰	एम॰ ए॰ अंसारी	
कलकत्ता	तैतालीसवाँ	28-31 दिसम्बर, 1928 ई॰	मोतीलाल नेहरू	

1. हड़प्पा स्थलों पर निम्नलिखित में से मिलीं वस्तुओं को, इंजीनियर आज के पाकिस्तान के पंजाब में पहली रेलवे लाइनों का निर्माण करने के लिए ले गए थे? [SSC GD -2021]
(a) ईंटें (b) दरवाजे
(c) कांसे के धरण (d) लोहे की पटरियाँ

2. हड़प्पा सभ्यता के अन्य शहरों के विपरीत, धोलावीरा शहर को ..... भागों में विभाजित किया गया था, प्रत्येक भाग विशाल पत्थर की दीवारों से घिरा हुआ था। [SSC GD -2021]
(a) पाँच (b) दो
(c) तीन (d) चार

3. धौलावीरा और लोथल की प्राचीन हड़प्पा बस्तियाँ वर्तमान भारतीय राज्य ... में स्थित है। [SSC GD -2021]
(a) गुजरात (b) राजस्थान
(c) मध्य प्रदेश (d) हरियाणा

4. लोथल स्थल पर हड़प्पा सभ्यता के अवशेषों की खोज निम्न में से किसने की थी? [SSC GD -2021]
(a) डी.आर. साहनी (b) आर.एस. बिष्ट
(c) एस.आर. राव (d) आर.डी.बनर्जी

5. निम्नलिखित विकल्पों में से कौन सा, सिंधु घाटी सभ्यता का नगरपत्तन (बंदरगाह शहर) नहीं था ? [SSC GD -2021]
(a) बालाकोट (b) राखीगढ़ी
(c) लोथल (d) खिरसारा

6. सिंधु घाटी सभ्यता के घरों में कमरे आम तौर पर एक..... के आप-पास बने होते थे। [SSC GD -2021]
(a) कुएँ (b) अंगीठी
(c) आंगन (d) पानी की टंकी

7. हड़प्पाकालीन स्थल रंगपुर भारत के किस वर्तमान राज्य में स्थित है? [SSC GD -2021]
(a) राजस्थान (b) गुजरात
(c) हिमाचल प्रदेश (d) हरियाणा

8. निम्नलिखित में से कौन 1861 में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) के महानिदेशक बने और उन्हें प्रायः 'भारतीय पुरातत्व के जनक' के रूप में जाना जाता है? [SSC GD -2021]
(a) अलेक्जेंडर कनिंघम (b) डोमिनिक एस्किथ
(c) जेम्स प्रिंसेप (d) एओ ह्यूम

9. निम्नलिखित में से हड़प्पा सभ्यता की कौन सी धातु वर्तमान राजस्थान और ओमान से प्राप्त हुई है? [SSC GD -2022]
(a) चाँदी (b) तांबा
(c) सोना (d) टिन

10. प्राचीन हड़प्पा शहर किस नदी के वर्तमान में सूखे मार्ग के तट पर बनाया गया था? [SSC GD -2023]
(a) कोसी (b) यमुना
(c) रावी (d) गंडक

11. _____ शहर कच्छ के रण में खादिर बेत (जिसे बेट भी कहा जाता है) पर स्थित था, जहां ताजा पानी और उपजाऊ मिट्टी थी। [SSC GD -2023]
(a) हड़प्पा (b) लोथल
(c) मोहनजोदड़ो (d) धोलावीरा

12. हड़प्पावासियों को तांबा (copper) संभवतः वर्तमान समय के _____ से प्राप्त होता था। [SSC GD -2023]
(a) राजस्थान (b) तमिलनाडु
(c) केरल (d) ओडिशा

13. निम्नलिखित में से कौन सा उपवेद ऋग्वेद से संबंधित है? [SSC GD -2021]
(a) शिल्पवेद (b) गंधर्ववेद
(c) आयुर्वेद (d) धनुर्वेद

14. ऋग्वेद ..... सूक्तों का संग्रह है। [SSC GD -2022]
(a) 1076 (b) 1028
(c) 1152 (d) 1124

15. निम्नलिखित में से कौन सा वेद सबसे पुराना है? [SSC GD -2022]
(a) अथर्व (b) साम
(c) ऋग (d) यजुर

16. ऋग्वेद के मंत्रों के समूह ..... कहलाते हैं। [SSC GD -2022]
(a) सूक्त (b) सूत्र
(c) यामी (d) अध्याय

17. वेदों में सबसे पुराना वेद ऋग्वेद है, जिसकी रचना लगभग _____ वर्ष पहले हुई थी। [SSC GD -2023]
(a) 2500 (b) 3500
(c) 2000 (d) 5000

18. भारत में लौह युग ____ काल से जुड़ा है, जो लगभग 1500 ईसा पूर्व से 500 ईसा पूर्व तक चला। [SSC GD -2023]
(a) मौर्य (b) मुगल
(c) ब्रिटिश (d) वैदिक

19. लौह युग का सबसे आम उपकरण ____ था, जिसका उपयोग पेड़ों को काटने, लकड़ी काटने और एक हथियार के रूप में किया जाता था। [SSC GD -2023]
(a) कुल्हाड़ी (b) आरा मशीन
(c) छेदक (d) तलवार

20. एलिफेंटा गुफाओं में ..... संप्रदाय से जुड़े शैल चित्रों (रॉक आर्ट) का संग्रह है। [SSC GD -2021]
(a) विष्णु (b) बुद्ध
(c) शिव (d) तीर्थंकर महावीर

21. अपने महानिर्वाण से पहले बुद्ध ने अंतिम उपदेश कहाँ दिया था? [SSC GD -2021]
(a) वैशाली (b) लुंबिनी
(c) कुशीनगर (d) सारनाथ

22. गौतम बुद्ध के भक्तों द्वारा मनाई जाने वाली बुद्ध पूर्णिमा, हिंदू माह... ... में मनाई जाती है। [SSC GD -2022]
(a) माघ (b) फाल्गुन
(c) वैशाख (d) चौत्र

23. बुद्ध शाक्य गण नामक एक छोटे गण से संबंधित थे, और एक..... थे। [SSC GD -2022]
(a) ब्रह्म (b) वैश्य
(c) क्षत्रिय (d) शूद्र

24. गौतम बुद्ध के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
1. बौद्ध धर्म के संस्थापक सिद्धार्थ, जिन्हें गौतम के नाम से भी जाना जाता है, का जन्म लगभग 2500 वर्ष पहले हुआ था।
2. गौतम बुद्ध एक छोटे गण से संबंधित थे जिसे शाक्य गण के नाम से जाना जाता था। [SSC GD -2023]
(a) न तो 1 और न ही 2 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) केवल 1

25. गौतम बुद्ध ने बोध के लिए अपना रास्ता खोजने का फैसला किया, और बिहार के बोधगया में ___ के पेड़ के नीचे कई दिनों तक ध्यान किया। [SSC GD -2023]
(a) पीपल (b) साल
(c) टीक (d) नीम

26. गौतम बुद्ध ने अपनी शिक्षा सामान्य लोगों की भाषा में दी। [SSC GD -2023]
(a) प्राकृत (b) तमिल
(c) हिंदी (d) उड़िया

27. जैन धर्म के 24वें और अंतिम तीर्थंकर, वर्धमान महावीर का जन्म छठी शताब्दी ईसा पूर्व में कहाँ हुआ था? [SSC GD -2021]
(a) बिहार (b) आंध्र प्रदेश
(c) महाराष्ट्र (d) तमिलनाडु

28. जैनियों के दिगंबर संप्रदाय द्वारा पर्युषण पर्व का आयोजन..... दिनों के लिए किया जाता है। [SSC GD -2022]
(a) 12 (b) 16
(c) 14 (d) 10

29. जैन धर्म के नियमों का पालन करना निम्नलिखित में से किसके लिए अधिक कठिन था? [SSC GD -2022]
(a) कारीगरों (b) व्यापारियों
(c) किसानों (d) महाजनों

30. वर्धमान महावीर जैन धर्म के अंतिम और ____ तीर्थंकर थे। [SSC GD -2023]
(a) 21वें (b) 22वें
(c) 23वें (d) 24वें

31. निम्नलिखित में से कौन सा 16 महाजनपदों में से एक नहीं था? [SSC GD -2021]
(a) कुरु (b) कामरूप
(c) कोशन (d) अंग

32. निम्नलिखित में से कौन वज्जि महाजनपद की राजधानी थी? [SSC GD -2022]
(a) गया (b) वैशाली
(c) पाटलिपुत्र (d) अंग

33. निम्नलिखित में से किसने वज्जि पर प्रस्तावित हमले के बारे में सलाह लेने के लिए बुद्ध के लिए बुद्ध से मुलाकात की? [SSC GD -2022]
(a) राधागुप्त (b) वस्सकार
(c) अशोक (d) यश

34. पाटलिपुत्र में स्थानांतरित होने से पहले ..... कई वर्षों तक मगध की राजधानी थी। [SSC GD -2022]
(a) राजगृह (b) सारनाथ
(c) उज्जैन (d) तक्षशीला

35. प्राचीन काल में .....नदी के दक्षिण के क्षेत्र को मगध के नाम से जाना जाता था। [SSC GD -2022]
(a) यमुना (b) नर्मदा
(c) गंगा (d) ताप्ती

36. सिकंदर ने किस वर्ष भारत पर आक्रमण किया? [SSC GD -2023]
(a) 400 ई. पू. (b) 126 ई. पू.
(c) 326 ई. पू. (d) 550 ई. पू

37. निम्नलिखित में से कौन मौर्य साम्राज्य का संस्थापक था? [SSC GD -2022]
(a) समुद्रगुप्त (b) चंद्रगुप्त द्वितीय
(c) अशोक (d) चंद्रगुप्त मौर्य

38. निम्नलिखित यूनानी शासकों में से किसने मेगस्थनीज को चंद्रगुप्त मौर्य के दरबार में भेजा था? [SSC GD -2022]
(a) अमीनटास तृतीय (b) फिलिप द्वितीय
(c) सेल्यूकस निकेटर (d) अमीनटास द्वितीय

39. चूंकि मौर्य साम्राज्य इतना बड़ा था, इसलिए अलग-अलग हिस्सों पर अलग-अलग शासन किया जाता था। .... के आसपास के इलाकों पर सम्राट का सीधा नियंत्रण था। [SSC GD -2022]
(a) पाटलिपुत्र (b) तक्षशिला
(c) लुम्बिनी (d) उज्जैन

40. मेगस्थनीज के अनुसार, चंद्रगुप्त के रक्षक शाही जुलूसों के दौरान सोने और चांदी से सजाए गए..... की सवारी करते थे। [SSC GD -2022]

(a) घोड़ों (b) हाथियों
(c) बैलों (d) एकसिंगे (यूनिकॉर्न)

41. अशोक के कंधार अभिलेखों की खोज किस वर्ष में की गई थी ? [SSC GD -2021]

(a) 1956 (b) 1960
(c) 1958 (d) 1954

42. निम्नलिखित में से किस मौर्य राजा के शासनकाल में कलिंग युद्ध लड़ा गया था? [SSC GD -2022]

(a) दशरथ (b) चंद्रगुप्त
(c) बिंदुसार (d) अशोक

43. सम्राट अशोक .....के पुत्र थे। [SSC GD -2022]

(a) अजातशत्रु (b) बिम्बिसार
(c) चंद्रगुप्त मौर्य (d) बिन्दुसार

44. निम्नलिखित में से कौन से अशोक के शाशन में एक प्रांतीय राजधानी थी?
1. तक्षशिला 2. उज्जैन [SSC GD -2022]

(a) । तथा 2 दोनों (b) केवल 2
(c) ना तो 1 ना तो 2 (d) केवल 1

45. मौर्योत्तर काल में ..... वे पुरुष और महिलाएं थे, जिनके पास जमीनें नहीं थी। [SSC GD -2022]

(a) गृहपति (b) ग्राम भोजक
(c) भूमिहार (d) दास कर्मकार

46. मेगस्थनीज के अनुसार पाटलिपुत्र में कुल कितने द्वार थे? [SSC GD -2022]

(a) 64 (b) 125
(c) 261 (d) 366

47. निम्नलिखित में से किस राजवंश ने मौर्योत्तर काल में रेशम मार्ग को नियंत्रित किया था? [SSC GD -2022]

(a) शुंग (b) सातवाहन
(c) चेर (d) कुषाण

48. मौर्य साम्राज्य के किस सम्राट ने युद्ध जीतने के बाद विजय का त्याग कर दिया था? [SSC GD -2022]

(a) अशोक (b) चंद्रगुप्त मौर्य
(c) बिंदुसार (d) दशरथ

49. मौर्य शासक,..... अशोक की मृत्यु कब हुई थी? [SSC GD -2022]

(a) 258 BC (b) 249 BC
(c) 245 BC (d) 232 BC

50. निम्नलिखित में से किस राजा के शासनकाल में सांची का महान स्तूप बनाया गया था? [SSC GD -2022]

(a) अशोक (b) बिंदुसार
(c) बृहद्रथ (d) चंद्रगुप्त

51. 'अर्थशास्त्र' किसके द्वारा लिखा गया था? [SSC GD -2022]

(a) वासुदेव (b) कौटिल्य
(c) मेगस्थनीज (d) विशाखदत्त

52. निम्नलिखित में से किस मौर्य राजा ने धम्म की अवधारणा को लोकप्रिय बनाया था? [SSC GD -2022]

(a) अशोक (b) बिंदुसार
(c) चंद्रगुप्त (d) दशरथ

53. अशोक ने अपने शिलालेख में उल्लेख किया है कि उसने राजा बनने के ...बाद कलिंग पर विजय प्राप्त की थी। [SSC GD -2022]

(a) सात वर्ष (b) दस वर्ष
(c) नौ वर्ष (d) आठ वर्ष

54. कौटिल्य ने निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तक लिखी थी? [SSC GD -2022]

(a) अर्थशास्त्र (b) सूक्तावली
(c) मुद्रा राक्षस (d) इंडिका

55. निम्नलिखित में से किस मौर्य शासक ने बौद्ध धम्म के प्रचार-प्रसार का बीड़ा उठाया था? [SSC GD -2022]

(a) बिंदुसार (b) अशोक
(c) देववर्मन (d) सम्प्रति

56. प्रसिद्ध पुस्तक अर्थशास्त्र हमें बताती है कि मौर्य काल के दौरान उत्तर-पश्चिम कंबलों, और _____ अपने सोने और कीमती पत्थरों के लिए महत्वपूर्ण था। [SSC GD -2023]

(a) दक्षिण भारत (b) पश्चिम भारत
(c) पूर्वी भारत (d) उत्तर भारत

57. निम्नलिखित में से कौन-सा मौर्यकालीन शिलालेख वर्तमान भारत में स्थित नहीं है? [SSC GD -2023]

(a) कंधार (b) कलसी
(c) गिरनार (d) मस्की

58. मौर्य साम्राज्य की राजधानी _____ थी। [SSC GD -2023]

(a) उज्जयिनी (b) तक्षशिला
(c) सुवर्णगिरि (d) पाटलिपुत्र

59. मेगस्थनीज ने पाटलिपुत्र के बारे में लिखा है कि यह एक बड़ा और सुंदर शहर है जो एक विशाल दीवार से घिरा हुआ है। इसमें 570 मीनारें (towers) और _____ द्वार हैं। [SSC GD -2023]

(a) 74 (b) 64
(c) 44 (d) 54

60. मौर्य साम्राज्य का अंतिम शासक निम्नलिखित में से कौन था? [SSC GD -2023]

(a) बृहद्रथ (b) चन्द्रगुप्त मौर्य
(c) अशोक (d) बिंदुसार

61. मौर्य साम्राज्य के सम्राट अशोक _____ के अनुयायी थे। [SSC GD -2023]

(a) जैन धर्म (b) इस्लाम धर्म
(c) सिख धर्म (d) बुद्ध धर्म

62. 'धम्म' शब्द एक प्राकृत शब्द है, जिसका संबंध प्राचीन भारत के निम्नलिखित में से किस शासक से है? [SSC GD -2023]

(a) रुद्रदामन (b) राजा राज चोल प्रथम
(c) चंद्रगुप्त द्वितीय (d) अशोक

63. भारत में शुंग वंश के संस्थापक कौन थे? [SSC GD -2023]

(a) देवभूति (b) पुष्यमित्र
(c) कनवा (d) वसुमित्र

64. निम्नलिखित में से कौन चंद्रगुप्त प्रथम की पत्नी है? [SSC GD -2023]

(a) कुमारीकान्या (b) कन्याकुमारी
(c) कुमारदेवी (d) कन्यादेवी

65. निम्नलिखित में से कौन, मौर्य साम्राज्य का दूसरा शासक था? [SSC GD -2023]

(a) चन्द्रगुप्त मौर्य (b) बिंदुसार
(c) बृहद्रथ (d) अशोक

66. मौर्यों के पतन से लेकर गुप्तों के उत्थान (दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व से तीसरी शताब्दी ईस्वी) तक की अवधि को भारतीय इतिहास में _____ के रूप में जाना जाता है। [SSC GD -2023]

(a) उत्तर - मौर्य काल (b) पूर्व ब्रिटिश काल
(c) पूर्व-मौर्य काल (d) औद्योगीकरण

67. अशोक के अधिकांश शिलालेख _____ भाषा में थे और _____ लिपि में लिखे गए थे। [SSC GD -2023]

(a) संस्कृत, खरोष्ठी (b) प्राकृत, ब्राह्मी
(c) पाली, खरोष्ठी (d) संस्कृत, ब्राह्मी

68. मौर्य साम्राज्य के चन्द्रगुप्त मौर्य के गुरु कौन थे? [SSC GD -2023]

(a) मेगस्थनीज (b) कौटिल्य
(c) कनिष्क (d) हर्षवर्द्धन

69. 'प्रयाग प्रशस्ति' .....में संकलित की गई थी। [SSC GD -2021]

(a) हिन्दी (b) पाली
(c) संस्कृत (d) प्राकृत

70. निम्नलिखित में से किस गुप्त शासक को उसकी सैन्य उपलब्धियों के कारण 'भारत का नेपोलियन' कहा जाता था? [SSC GD -2022]

(a) श्रीगुप्त (b) चंद्रगुप्त द्वितीय
(c) समुद्रगुप्त (d) चंद्रगुप्त प्रथम

71. चरक को .....के जनक के रूप में जाना जाता है। [SSC GD -2022]

(a) भारतीय राग (b) योग
(c) आयुर्वेद (d) भारत के शास्त्रीय नृत्य

72. इलाहाबाद में अशोक स्तम्भ पर किसकी प्रशस्ति की खुदाई की गयी है? [SSC GD -2022]

(a) चंद्रगुप्त द्वितीय (b) समुद्रगुप्त द्वितीय
(c) चंद्रगुप्त (d) समुद्रगुप्त

73. नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना.....द्वारा 5वीं शताब्दी में की गई थी। [SSC GD -2022]

(a) कुमारगुप्त (b) समुद्रगुप्त
(c) चंद्रगुप्त द्वितीय (d) स्कंदगुप्त

74. गुप्त शासक समुद्र गुप्त की प्रशंसा में लिखित प्रयाग प्रशस्ति या इलाहाबाद स्तंभ के रचयिता कौन थे? [SSC GD -2022]

(a) कालिदास (b) भास
(c) हरिसेना (d) विशाखदत्त

75. निम्नलिखित में से किस गुप्त शासक ने पश्चिमी क्षेत्रों में शकों को पराजित करके 'विक्रमादित्य' की उपाधि धारण की थी? [SSC GD -2023]

(a) कुमारगुप्त प्रथम (b) समुद्रगुप्त
(c) चन्द्रगुप्त-द्वितीय (d) चन्द्रगुप्त-प्रथम

76. गुप्त साम्राज्य को अक्सर 'भारत का स्वर्ण युग' कहा जाता है। इस अवधि के दौरान ज्ञान के किस क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति हुई? [SSC GD -2023]

(a) नारीवाद (b) मातृतंत्र
(c) विज्ञान, कला, साहित्य (d) लैंगिक समानता

77. चंदावर की लड़ाई मोहम्मद गोरी और ..... वंश के कन्नौज के जयचंद के बीच हुई थी। [SSC GD -2021]

(a) चौहान (b) गुप्त
(c) बैक्ट्रियन (d) गहड़वाल

78. निम्नलिखित में से शुंग वंश की वंश की स्थापना किसने की थी? [SSC GD -2022]

(a) पुष्यमित्र (b) अगणिमित्रा
(c) वसुमित्र (d) देवभूति

79. अश्वघोष जिन्होंने 'बुद्धचरित' की रचना की ..... के दरबार में रहते थे। [SSC GD -2022]

(a) सदाशकाना (b) वासुदेव
(c) कनिष्क (d) वशिष्क

80. निम्नलिखित में से कौन हर्षवर्धन के दरबारी कवि और 'हर्षचरित' के लेखक थे? [SSC GD -2022]

(a) बाणभट्ट (b) कालिदास
(c) राजशेखर (d) आर्यभट्ट

81. सातवाहन सामराज्य की स्थापना लगभग कितने वर्ष पूर्व हुई थी? [SSC GD -2022]

(a) 1700 (b) 2100
(c) 2800 (d) 2400

82. हर्षवर्धन ने नर्मदा नदी पार करके दक्कन की ओर बढ़ने की कोशिश की तब चालुक्य नरेश ..... ने उन्हें रोक दिया। [SSC GD -2022]

(a) पुलकेशिन द्वितीय (b) समुद्रगुप्त प्रथम
(c) चंद्रगुप्ता (d) समुद्रगुप्त द्वितीय

83. प्रसिद्ध शासक कनिष्क ..... वंश के थे। [SSC GD -2022]

(a) हूण (b) कुषाण
(c) शुंग (d) शक

84. सातवाहन .....भारत में एक शक्तिशाली राजवंश थे। [SSC GD -2022]

(a) पूर्वी (b) पश्चिम
(c) उत्तरी (d) दक्षिण

85. हर्षवर्द्धन का राजवंश कितने विशिष्ट प्रकार के प्रदेशों में विभाजित था? [SSC GD -2023]

(a) दो (b) तीन
(c) पांच (d) चार

86. शुंग द्वारा उपयोग की जाने वाली लिपि ब्राह्मी का एक प्रकार थी, और इसका उपयोग _____ भाषा लिखने के लिए किया जाता था। [SSC GD -2023]

(a) संस्कृत (b) अंग्रेजी
(c) हिंदी (d) उर्दू

87. हर्षवर्द्धन द्वारा कितने संस्कृत नाटक लिखे गए थे? [SSC GD -2023]

(a) चार (b) पांच
(c) तीन (d) दो

88. दिल्ली सल्तनत में सैन्य कमांडरों को सौंपी गई प्रादेशिक इकाइयों को .....के रूप में जाना जाता था। [SSC GD -2021]

(a) इक्ता (b) उशर
(c) खराज (d) हुंडी

89. कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद कहाँ स्थित है? [SSC GD -2021]

(a) पुणे (b) दिल्ली
(c) मैसूर (d) आगरा

90. निम्नलिखित में से किसने हैदराबाद की चारमीनार का निर्माण करवाया था ? [SSC GD -2021]

(a) हुमायूं (b) मुहम्मद आदिल शाह
(c) अकबर (d) मोहम्मद कुली कुतुब शाह

91. दिल्ली के सुल्तानों के शासनकाल के दौरान, एक पांडुलिपि तैयार करने के लिए चार चरण आवश्यक होते थे। निम्नलिखित में से कौन सा चरण उनमें से एक नहीं था? [SSC GD -2021]

(a) पाठ का लेखन (b) बंध या बाइंडिंग बनाना
(c) पाठ को संपादित करना (d) महत्वपूर्ण शब्दों और अंशो को चिह्नित करने के लिए सोना पिघलाना

92. ग्यासुद्दीन बलबन ने निम्नलिखित में से किस काल में भारत पर शासन किया था? [SSC GD -2022]

(a) 1266-1287 (b) 1206-1210
(c) 1235-1265 (d) 1211-1240

93. निम्नलिखित में से कौन अलाउद्दीन खिलजी के दरबारी कवि थे जिन्होंने प्रसिद्ध कविता 'हश्त बहिश्त' लिखी थी ? [SSC GD -2021]

(a) आगा हसन अमानत (b) अमीर खुसरो
(c) हरिषेण (d) चंदबरदाई

94. 1290 से 1320 के दौरान किस वंश ने दिल्ली पर शासन किया? [SSC GD -2022]

(a) सैय्यद (b) खिलजी
(c) लोदी (d) तुगलक

95. .....में, बाबर ने पानीपत में इब्राहिम लोदी को हराया। [SSC GD -2022]

(a) 1528 (b) 1532
(c) 1530 (d) 1526

96. शेर खान ने ...में चौसा में हुमायूँ को हराया। [SSC GD -2022]

(a) 1545 (b) 1537
(c) 1541 (d) 1539

97. मुगल बादशह अकबर के किस वित्त मंत्री ने 'दहसाला' नामक कराधान की प्रणाली शुरू की थी? [SSC GD -2021]

(a) मिर्जा अजीज कोका (b) अब्दुर रहीम
(c) बैरम खान (d) राजा टोडरमल

98. निम्नलिखित में से किस शासक ने 'दीन-ए-इलाही' नाम से एक नई जीवन शैली/धर्म की शुरुआत की? [SSC GD -2021]

(a) बहादुर शाह द्वितीय (b) जहांगीर
(c) अकबर (d) शाहजहाँ

99. राजा टोडर मल, निम्नलिखित में से किस मुगल सम्राट के शासनकाल के दौरान राजस्व मंत्री थे ? [SSC GD -2021]

(a) हुमायू (b) शाहजहाँ
(c) जहांगीर (d) अकबर

100. दारा शिकोह अंतत: उत्तराधिकार के युद्ध, सामूगढ़ की लड़ाई में .....से हार गया। [SSC GD -2021]

(a) औरंगजेब (b) मुहम्मद आजम
(c) शेर शाह (d) बैरम खाँ

101. पानीपत की तीसरी लड़ाई ..... को लड़ी गई थी। [SSC GD -2021]

(a) 14 जनवरी 1761 (b) 31 अगस्त 1796
(c) 26 नवंबर 1773 (d) 8 अप्रैल 1782

102. निम्नलिखित में से कौन-सा शहर, विजयनगर के मध्यकालीन हिंदू राज्य से संबंधित अपने खंडहरों के लिए प्रसिद्ध है और इसे विश्व विरासत स्थल घोषित किया गया है ? [SSC GD -2021]

(a) डांडेली (b) हम्पी
(c) चिकमंगलूर (d) मडिकेरी

103. वेट्टी .....शासकों द्वारा जबरन श्रम के रूप में एकत्र किया गया कर था। [SSC GD -2021]
(a) नंद (b) पल्लव
(c) चालुक्य (d) चोल

104. कल्हण एक लेखक थे जिन्होंने.....के राजाओं के बारे में एक संस्कृत कविता लिखी थी। [SSC GD -2021]
(a) मेवाड (b) कश्मीर
(c) दिल्ली (d) विजयनगर

105. निम्नलिखित में से कौन, चोल राजवंश का संस्थापक था ? [SSC GD -2021]
(a) राजेंद्र I (b) राजेंद्र II
(c) विजयालय (d) राजाराज

106. कृष्णदेवराय, जिन्होंने 1509 से 1529 तक विजयनगर पर शासन किया, किस राजवंश से संबंधित थे? [SSC GD -2021]
(a) तुलुव राजवंश (b) अराविदु राजवंश
(c) सलुव राजवंश (d) संगम राजवंश

107.....सारग्राही कला (eclectic art) के उच्च स्तर को दर्शाता है, जिसमें 7 वीं और 8वीं शताब्दी में चालुक्य वंश के अधीन उत्तरी और दक्षिणी भारत की वास्तुकलाओं का सुमेलित मिश्रण हुआ है । [SSC GD -2021]
(a) कोणार्क (b) पट्टदकल
(c) भीमबेटक (d) कोच्चि

108. रविकीर्ति ने निम्नलिखित में से किस चालुक्य शासक की प्रशस्ति की रचना की थी? [SSC GD -2022]
(a) पुलकेशिन II (b) मंगलेश I
(c) विक्रमादित्य IV (d) कीर्तिवर्मन II

109. चोल काल के दौरान, मुवेंदवेलन और अरइयार की उपाधियाँ थीं। [SSC GD -2022]
(a) राजा के पुत्र (b) धनी भूस्वामियों
(c) सेना का सेनापति (d) राजा के मंत्री

110. 1928 में, दिल्ली में फिरोजशाह कोटला मैदान में एक बैठक में.....की स्थापना की गई थी। इसके नेताओं में भगत सिंह, जतिन दास और अजय घोष थे। [SSC GD -2022]
(a) कबुई नागा एसोसिएशन
(b) आल इंडिया डिप्रेस्ड क्लासेस एसोसिएशन
(c) हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन
(d) मद्रास प्रेसीडेंसी एसोसिएशन

111. पल्लवों के अभिलेखों में कई स्थानीय सभाओं की चर्चा है। इनमें से एक था ब्राह्मण भूस्वामियों का संगठन जिसे .....कहते थी। [SSC GD -2022]
(a) सभा (b) भ्रमण
(c) परिषद (d) नौकायन

112. संगम काल के दौरान तमिल क्षेत्र में, भूमिहीन मजदूरों जिनमें दास भी शामिल होते थे को ..... के रूप में जाना जाता था। [SSC GD -2022]
(a) वेल्लालर और उझावार (b) कडैसियार और उझावार
(c) वेल्लालार और अदिमई (d) कडैसियार और अदिमई

113. प्राचीन भारत के दौरान तमिल क्षेत्र में, साधारण हलवाहों को _____ के नाम से जाना जाता था। [SSC GD -2023]
(a) उणवार (uzhavar) (b) अदिमई (adimai)
(c) वेलल्ला (Vellalar) (d) कडेसियार (ladaisiyar)

114. 1756 में सिराज उद-दौला, ...के बाद बंगाल के नवाब बने। [SSC GD -2021]
(a) मीर जाफर (b) मीर कासिम
(c) मुर्शिद कुली खान (d) अलीवर्दी खान

115. निम्नलिखित में से किस लड़ाई में ईस्ट इंडिया कंपनी ने मैसूर पर कब्जा कर लिया ? [SSC GD -2021]
(a) बक्सर की लड़ाई (b) श्रीरंगपट्टणम् की घेराबंदी
(c) प्लासी की लड़ाई (d) पोलिलूर की लड़ाई

116. बंगाल की दीवानी किस वर्ष ईस्ट इंडिया कंपनी को हस्तांतरित हुई थी ? [SSC GD -2021]
(a) 1789 (b) 1845
(c) 1765 (d) 1898

117. .....में, ईस्ट इंडिया कंपनी ने इंग्लैंड की महारानी एलिजाबेथ प्रथम से एक चार्टर प्राप्त किया, जिसने इसे पूरब के साथ व्यापार करने का एकाधिकार मिल गया। [SSC GD -2022]
(a) 1615 (b) 1610
(c) 1624 (d) 1600

118. 1757 का वर्ष भारत में अंग्रेजी ईस्ट इंडिया कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण वर्ष क्यों था? [SSC GD -2022]
(a) 1757 में प्लासी की लड़ाई में नवाब सिराजुद्दौला को हराकर अंग्रेजी ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल पर अधिकार कर लिया।
(b) 1757 में प्लासी की लड़ाई में निजाम को हराकर अंग्रेजी ईस्ट इंडिया कंपनी ने हैदराबाद पर अधिकार कर लिया।
(c) 1757 में बरार की लड़ाई में नवाब सिराजुद्दौला को हराकर अंग्रेजी ईस्ट इंडिया कंपनी ने अवध पर अधिकार कर लिया।
(d) 1757 में प्लासी की लड़ाई में नवाब सिराजुद्दौला को हराकर अंग्रेजी ईस्ट इंडिया कंपनी ने मद्रास पर अधिकार कर लिया।

119. टीपू सुल्तान वर्ष में _____ मैसूर का शासक बना। [SSC GD -2023]
(a) 1786 (b) 1792
(c) 1798 (d) 1782

120. द्वितीय एंग्लो-बर्मी युद्ध (Anglo-Burmese War) किस वर्ष लड़ा गया था? [SSC GD -2023]

(a) 1852 (b) 1652

(c) 1552 (d) 1752

121. भारत में वर्नाक्यूलर प्रेस अधिनियम किस वर्ष पारित किया गया था? [SSC GD -2023]

(a) 1862 (b) 1872

(c) 1878 (d) 1868

122. 1857 में किस विश्वविद्यालय की स्थापना हुई थी? [SSC GD -2022]

(a) इलाहाबाद विश्वविद्यालय (b) बंबई विश्वविद्यालय

(c) बुंदेलखंड विश्वविद्यालय (d) पंजाब विश्वविद्यालय

123. अंग्रेजों द्वारा पारित निम्नलिखित में से किस अधिनियम ने भारतीयों को हथियार रखने की अनुमति नहीं दी? [SSC GD -2022]

(a) आर्म्स एक्ट 1888 (b) आर्म्स एक्ट 1850

(c) आर्म्स एक्ट 1878 (d) आर्म्स एक्ट 1868

124. 1867 में बंबई में किस संस्था की स्थापना हुई? [SSC GD -2022]

(a) प्रार्थना समाज (b) थियोसोफिकल सोसाइटी

(c) युवा बंगाल आंदोलन (d) राम कृष्ण मिशन

125. बहादुर शाह जफर और उनके बेटों को ब्रिटिश अधिकारियों ने दिल्ली में से... गिरफ्तार किया था। [SSC GD -2022]

(a) हुमायूँ का मकबरा (b) जामा मस्जिद

(c) सफदरजंग का मकबरा (d) लाल किला

126. निम्नलिखित में से किस युद्ध/लड़ाई का संबंध मंगल पांडे की फांसी से है? [SSC GD -2023]

(a) द्वितीय एंग्लो-मराठा युद्ध (Second Anglo&Maratha War)

(b) 1857 का भारतीय विद्रोह (Indian Rebellion of 1857)

(c) प्लासी का युद्ध (Battle of Plassey)

(d) प्रथम एंग्लो-बर्मी युद्ध (First Anglo & Burmese War)

127. भारत में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम निम्नलिखित में से किस वर्ष में हुआ था? [SSC GD -2023]

(a) 1657 (b) 1557

(c) 1757 (d) 1857

128. स्वामी दयानंद सरस्वती ने एक संगठन .....जिसने हिंदू धर्म में में सुधार का प्रयास किया, की स्थापना की। [SSC GD -2022]

(a) आदि हिंदू समाज (b) वेदांत समाज

(c) आदि धर्म समाज (d) आर्य समाज

129. विधवा पुनर्विवाह का समर्थन करने वाले बंगाली समाज सुधारक और लेखक का नाम बताइए? [SSC GD -2022]

(a) बाल गंगाधर तिलक (b) ईश्वर चंद्र विद्यासागर

(c) बिपिन चंद्र पाल (d) जवाहर लाल नेहरू

130. निम्नलिखित में से कौन सी पुस्तक दयानंद सरस्वती द्वारा लिखी गई थी? [SSC GD -2022]

(a) काबुलीवाला (b) स्ट्रे बर्ड्स

(c) सत्यार्थ प्रकाश (d) गीतांजलि

131. प्रार्थना समाज की स्थापना में बम्बई में हुई थी। [SSC GD -2022]

(a) 1865 (b) 1867

(c) 1871 (d) 1869

132. 1873 में, उन्होंने 'सत्य-शोधक समाज' की स्थापना की। यहां 'उन्होंने' किसे कहा जा रहा है? [SSC GD -2022]

(a) जोतिबा फुले (b) गोविंदराव फुले

(c) गोपाल हरि देशमुख (d) सावित्रीबाई फुले

133. 1866 में, लंदन में ईस्ट इंडिया एसोसिएशन की स्थापना निम्नलिखित में से किसने की थी? [SSC GD -2022]

(a) राजा राम मोहन राय (b) सत्येंद्र नाथ टैगोर

(c) सैय्यद अहमद खान (d) दादा भाई नैरोजी

134. निम्नलिखित में से किसे "भारतीय पुनर्जागरण के जनक" के रूप में जाना जाता है और जिन्होंने बंगाल पुनर्जागरण आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी? [SSC GD -2023]

(a) राजा राम मोहन राय (b) बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय

(c) ईश्वर चंद्र विद्यासागर (d) रवीन्द्रनाथ टैगोर

135. समाज सुधारक राजा राम मोहन राय भारत में किस सामाजिक-धार्मिक सुधार आंदोलन से संबंधित हैं? [SSC GD -2023]

(a) स्वामीनारायण आंदोलन (b) थियोसोफिकल सोसायटी

(c) आर्य समाज (d) ब्रह्म समाज

136. निम्नलिखित समाज सुधारकों में से किसने आत्म-सम्मान आंदोलन शुरू किया? [SSC GD -2023]

(a) पेरियार (b) नारायण गुरु

(c) ज्योतिराव फुले (d) घासीदास

137. स्वामी दयानंद सरस्वती निम्नलिखित में से किस सुधार संघ के संस्थापक थे? [SSC GD -2023]

(a) आर्य समाज (b) ब्रह्म समाज

(c) प्रार्थना समाज (d) वेद समाज

138. निम्नलिखित में से वह समाज सुधारक और राजनीतिक नेता कौन थे जिन्होंने महिलाओं के अधिकारों की वकालत की और 1856 के विध वा पुनर्विवाह अधिनियम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई? [SSC GD -2023]

(a) ईश्वर चंद्र विद्यासागर (b) दयानंद सरस्वती

(c) भगत सिंह (d) स्वामी विवेकानंद

139. ब्रह्म समाज के संस्थापक कौन थे? [SSC GD -2023]

(a) स्वामी विवेकानंद (b) राजा राममोहन राय

(c) ईश्वरचंद्र विद्यासागर (d) स्वामी दयानंद सरस्वती

140. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना कब हुई थी ?
[SSC GD -2022]
(a) 1975 (b) 1865
(c) 1885 (d) 1895

141. कांग्रेस और मुस्लिम लीग ने लखनऊ समझौता किस वर्ष में किया था?
[SSC GD -2022]
(a) 1916 (b) 1914
(c) 1910 (d) 1912

142. 1885 में आयोजित कांग्रेस के पहले अधिवेशन के अध्यक्ष कौन थे?
[SSC GD -2022]
(a) दिनशॉ वाचा (b) एलन ऑक्टेवियन ह्यूम
(c) दादाभाई नौरोजी (d) व्योमेश चंद्र बनर्जी

143. सरोजिनी नायडू ने वर्ष _____ में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। [SSC GD -2023]
(a) 1931 (b) 1935
(c) 1921 (d) 1925

144. सरदार वल्लभभाई पटेल ने में कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया।
[SSC GD -2023]
(a) 1931 (b) 1935
(c) 1925 (d) 1921

145. स्वदेशी आंदोलन का लोगों पर सबसे अधिक प्रभाव किस क्षेत्र में पड़ा?
[SSC GD -2022]
(a) संयुक्त प्राप्त (b) वेसर
(c) बनाल (d) कश्मीर

146. 1905 में बंगाल के विभाजन के लिए अंग्रेजों द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सा मुख्य तर्क प्रस्तुत किया गया था? [SSC GD -2022]
(a) धार्मिक सद्भाव (b) व्यापार का विकास
(c) प्रशासनिक सुविधा (d) शैक्षिक सुधार

147. निम्नलिखित में से कौन यंग बंगाल आंदोलन से जुड़ा था?
[SSC GD -2023]
(a) विलियम जोन्स (b) चार्ल्स वुड
(c) हेनरी थॉमस कोलब्रुक (d) हेनरी डेरोजियो

148. बंगाल का विभाजन _____ में हुआ था। [SSC GD -2023]
(a) 1901 (b) 1911
(c) 1915 (d) 1905

149. 'द फिलॉसफी ऑफ द बम (The philosophy of the bomb)' पुस्तक निम्नलिखित में से किसने लिखी है? [SSC GD -2023]
(a) भगत सिंह (b) अल्पना दत्त
(c) भगवती चरण वोहरा (d) सूर्य सेन

150. निम्नलिखित में से कौन-सी खेड़ा के किसान आंदोलन की मुख्य मांग थी? [SSC GD -2022]
(a) नि:शुल्क सिंचाई की सुविधा प्रदान की जाए
(b) राजस्व संग्रह में ढील दी जाए
(c) बागान प्रणाली को समाप्त किया जाए
(d) संकर बीज उपलब्ध कराए जाए

151. निम्नलिखित में से कौन 'खुदाई खिदमतगारों' के अहिंसक आंदोलन के संस्थापक थे? [SSC GD -2022]
(a) अबुल कलाम आजाद (b) सैयद अहमद खान
(c) खान अब्दुल गफ्फार खान (d) मोहम्मद अली जिन्ना

152. 1919 में, ...गांधीजी ने के विरोध में सत्याग्रह का आह्वान किया था।
[SSC GD -2022]
(a) भारतीय परिषद अधिनियम (b) पिट्स इंडिया एक्ट
(c) रॉलेट एक्ट (d) रेगुलेटिंग एक्ट

153. .....में गांधीजी ने शहर में एक सूती मिल के मालिकों और श्रमिकों के बीच विवाद को समाधान करने के लिए अहमदाबाद में एक सत्याग्रह किया था। [SSC GD -2022]
(a) 1915 (b) 1916
(c) 1917 (d) 1918

154. 1919 में, गांधीजी ने रॉलेट एक्ट (Rowlatt Act), जिसने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता जैसे _____ पर अंकुश लगाया था, के खिलाफ सत्याग्रह का आह्वान किया। [SSC GD -2023]
(a) मौलिक कर्तव्य (b) केवल नागरिक अधिकार
(c) मौलिक अधिकार (d) अंतर्राष्ट्रीय अधिकार

155. महात्मा गांधी द्वारा दांडी मार्च निम्नलिखित में से किस वर्ष में शुरू किया गया था? [SSC GD -2023]
(a) 1920 (b) 1950
(c) 1930 (d) 1940

156. 1930 में महात्मा गांधी के नेतृत्व में हुआ दांडी मार्च, किस ब्रिटिश नीति के खिलाफ एक महत्वपूर्ण विरोध था? [SSC GD -2023]
(a) नील की खेती (b) भू राजस्व
(c) नमक कर (d) कपड़ा व्यापार अधिनियम

157. महात्मा गांधी जनवरी .....में भारतीय लौटे [SSC GD -2022]
(a) 1919 (b) 1915
(c) 1911 (d) 1917

158. निम्नलिखित में से किस वर्ष ताशकंद में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की स्थापना हुई थी? [SSC GD -2021]
(a) 1912 (b) 1909
(c) 1934 (d) 1920

159. खलिफा की तात्कालिक शक्तियों की रक्षा के लिए .....में बंबई में एक खिलाफत समिति का गठन किया गया था।[SSC GD -2022]
(a) मई 1918 (b) मार्च 1918
(c) मई 1919 (d) मार्च 1919

160. फरवरी में ... महात्मा गांधी ने असहयोग आंदोलन को वापस लेने का फैसला किया। [SSC GD -2022]

(a) 1924 (b) 1925

(c) 1922 (d) 1927

161. जलियांवाला बाग हत्याकांड 1919 में हुआ आ था। जलियांवाला बाग कहां स्थित है? [SSC GD -2022]

(a) हरियाणा (b) पंजाब

(c) मध्य प्रदेश (d) उत्तर प्रदेश

162. चौरी-चौरा की घटना किस आंदोलन के दौरान हुई थी? [SSC GD -2022]

(a) चंपारण आंदोलन (b) सविनय अवज्ञा आन्दोलन

(c) असहयोग आंदोलन (d) भारत छोड़ो आंदोलन

163. मोहम्मद अली जिन्ना, मदन मोहन मालवीय और मजहर उल हक ने शाही विधान परिषद (Imperial Legislative Council) से त्यागपत्र क्यों दिया? [SSC GD -2022]

(a) रोलेट एक्ट के खिलाफ विरोध करने के लिए

(b) साइमन कमीशन का समर्थन करने के लिए

(c) साइमन कमीशन के खिलाफ विरोध करने के लिए

(d) रोलेट एक्ट का समर्थन करने के लिए

164. 1919 में निम्नलिखित में से कौन-सी प्रमुख घटना घटी थी? [SSC GD -2022]

(a) बंगाल विभाजन (b) जलियांवाला बाग हत्याकांड

(c) चंपारण आंदोलन (d) असहयोग आंदोलन

165. हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (HSRA) की स्थापना दिल्ली के में ....हुई थी। [SSC GD -2022]

(a) मुगल गार्डन (b) फिरोजशाह कोटला

(c) सफदरजंग का मकबरा (d) लाल किला

166. असहयोग-खिलाफत आंदोलन जनवरी....में शुरू हुआ। [SSC GD -2022]

(a) 1928 (b) 1921

(c) 1911 (d) 1925

167. मार्च 1919 में एक खिलाफत समिति का गठन .....में किया गया था। [SSC GD -2022]

(a) अमृतसर (b) कलकत्ता

(c) बंबई (d) दिल्ली

168. 1920 में, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (CPI) की स्थापना कहां हुई थी? [SSC GD -2022]

(a) नमनगन (b) ताशकंद

(c) बुखारा (d) अंदिजन

169. जलियांवाला बाग हत्याकांड के लिए कौन जिम्मेदार था? [SSC GD -2022]

(a) सत्य पाल (b) जनरल हंटर्स

(c) जनरल डायर (d) जनरल पेंटर्स

170. जलियांवाला बाग हत्याकांड की जानकारी मिलने पर किसने अपनी नाइटहुड (knighthood) की उपाधि त्याग दी? [SSC GD -2023]

(a) रवीन्द्रनाथ टैगोर (b) लाला लाजपत राय

(c) महात्मा गांधी (d) सुभाष चंद्र बोस

171. भारतीय मुसलमानों ने _____ के नेतृत्व में खिलाफत आंदोलन शुरू किया, जो अली बंधुओं के नाम से लोकप्रिय थे। [SSC GD -2023]

(a) मोहम्मद अली और सैय्यद अली

(b) फिरोज अली और शौकत अली

(c) मोहम्मद अली और शौकत अली

(d) मोहम्मद अली और अहमद अली

172. भारत में 1927 में नियुक्त साइमन कमीशन की आलोचना निम्नलिखित में से किस कारण से की गई? [SSC GD -2023]

(a) इसने भारत के लिए संवैधानिक सुधारों की सिफारिश की

(b) इसमें कोई भी भारतीय सदस्य शामिल नहीं था

(c) इसमें भारत को दो अलग देशों में विभाजित करने का प्रस्ताव रखा गया था

(d) इसने भारत से ब्रिटिश शासन की वापसी की सिफारिश की

173. गांधी-इरविन समझौते पर किस वर्ष हस्ताक्षर किए गए थे? [SSC GD -2022]

(a) 1933 (b) 1935

(c) 1931 (d) 1929

174. दूसरा गोलमेज सम्मेलन ..... में आयोजित किया गया था। [SSC GD -2022]

(a) दिसंबर 1931 (b) दिसंबर 1929

(c) मार्च 1931 (d) अक्टूबर 1930

175. गांधी-इरविन (Gandhi-Irwin) समझौते पर किस वर्ष हस्ताक्षर किए गए थे? [SSC GD -2023]

(a) 1921 (b) 1911

(c) 1941 (d) 1931

176. साइमन कमीशन _____ में भारत आया। [SSC GD -2023]

(a) 1919 (b) 1931

(c) 1922 (d) 1928

177. .....के एक महान आदिवासी नेता, वीर लखन नायक ने भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया और 1943 में अंग्रेजों द्वारा उन्हें फांसी दे दी गई। [SSC GD -2022]

(a) संयुक्त प्रांत (b) बंगाल

(c) ओडिशा (d) बिहार

178. क्रिप्स मिशन (Cripps Mission) भारत में किस वर्ष आया? [SSC GD -2023]

(a) 1952 (b) 1932

(c) 1922 (d) 1942

179. निम्न में से किसका संबंध तीसरे आंग्ल मैसूर युद्ध और भारत में लोक सेवाओं की शुरूआत से है? [SSC GD -2021]

(a) लॉर्ड विलियम बेन (b) लॉर्ड वैलेजली

(c) लॉर्ड कार्नवालिस (d) लॉर्ड हेस्टिंग्स

180. लॉर्ड डलहौजी ने विलय नीति के तहत किस वर्ष झाँसी का विलय किया था? [SSC GD -2022]

(a) 1854 (b) 1848

(c) 1850 (d) 1852

181. जनरल डायर ने किस वर्ष में मार्शल लॉ के दौरान कमान संभाली थी? [SSC GD -2022]

(a) 1819 (b) 1945

(c) 1929 (d) 1919

182. 1877 में, वायसराय लिटन ने .... को भारत की साम्राज्ञी के रूप में स्वीकार करने के लिए एक दरबार का आयोजन किया। [SSC GD -2022]

(a) महारानी एलिजाबेथ (b) महारानी एंजेलिया

(c) महारानी विक्टोरिया (d) महारानी एलिजाबेथ II

183. सहायक गठबंधन प्रणाली, जिसके तहत किसी भारतीय शासक को अपने खुद के सशस्त्र बलों को भंग करना पड़ता था और अपने क्षेत्र में ब्रिटिश सेना और निवासियों को स्वीकार करना पड़ता था, निम्नलिखित में से किसने शुरू की थी? [SSC GD -2022]

(a) लॉर्ड हेस्टिंग्स (b) लॉर्ड मिंटो

(c) लॉर्ड वैलेस्ली (d) लॉर्ड विलियम बेंटिक

184. उधम सिंह ने किसकी हत्या की थी? [SSC GD -2022]

(a) जॉन साइमन (b) माइकल ओ डायर

(c) सिडनी रोलेट (d) रेजिनाल्ड डायर

185. महालवारी (Mahalwari) बंदोबस्त की व्यवस्था ____ द्वारा तैयार की गई थी। [SSC GD -2023]

(a) रिचर्ड वेलेस्ली (Richard Wellesley)

(b) थॉमस मुनरो (Thomas Munro)

(c) होल्ट मैकेंजी (Holt Mackenzie)

(d) अलेक्जेंडर रीड (Aleñander Read)

186. प्लासी नाम का एक छोटा सा गाँव जिसे 'प्लासी के युद्ध' के लिए जाना जाता है, जो ईस्ट इंडिया कंपनी और नवाब सिराज-उद-दौला के बीच लड़ा गया था, किस नदी के किनारे स्थित है? [SSC GD -2022]

(a) पद्मा (b) हुगली

(c) भागीरथी (d) बराकर

187. राष्ट्रीय नमक सत्याग्रह स्मारक कहाँ स्थित है? [SSC GD -2021]

(a) गुजरात (b) महाराष्ट्र

(c) दिल्ली (d) पुदुचेरी

188. कलकत्ता (कोलकाता) में भारतीय संग्रहालय की स्थापना निम्न में से किस वर्ष की गई थी? [SSC GD -2021]

(a) 1845 (b) 1798

(c) 1814 (d) 1886

189. बाल गंगाधर तिलक को वैलेंटाइन चिरोल द्वारा – के रूप में वर्णित किया गया था। [SSC GD -2021]

(a) शांतिप्रिय व्यक्ति (b) भारतीय अशांति के जनक

(c) क्रांतिकारी विचारों के जनक (d) भारत का वयोवृद्ध पुरुष

190. 'स्वतंत्रता मेरा जन्म अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूँगा', यह नारा किसने दिया था ? [SSC GD -2021]

(a) बाल गंगाधर तिलक (b) लाला लाजपत राय

(c) बिपिन चंद्र पाल (d) महात्मा गांधी

191. 1774 ईस्वी में भारत के पहले डाकघर की स्थापना निम्नलिखित में से किसने की थी? [SSC GD -2021]

(a) लॉर्ड मेयो (b) लॉर्ड कॉर्नवॉलिस

(c) वॉरेन हेस्टिंग्स (d) रॉबर्ट क्लाइव

192. सैयद अहमद खान द्वारा आंदोलन की शुरुआत निम्न में से किस वर्ष की गई? [SSC GD -2021]

(a) 1890 (b) 1875

(c) 1789 (d) 1909

193. हजारद्वारी महल .....में स्थित है। [SSC GD -2021]

(a) मुर्शिदाबाद (b) जोधपुर

(c) मैसूर (d) बीकानेर

194. निम्नलिखित में से कौन सा समाचार पत्र राजा राममोहन राय द्वारा शुरु किया गया था? [SSC GD -2021]

(a) संवाद कौमुदी (b) आनंद बाजार पत्रिका

(c) अमृत बाजार पत्रिका (d) कर्मयोगी

195. निम्नलिखित में से कौन ब्रिटिश भारत में भारतीय सिविल सेवा में भर्ती होने वाले पहले भारतीय थे? [SSC GD -2022]

(a) सुरेंद्र नाथ बनर्जी (b) रविंद्रनाथ टैगोर

(c) सत्येंद्रनाथ टैगोर (d) रहीमतुल्ला एम. सयानी

196. श्वेन त्सांग (Xuan Zang) के अनुसार, नालंदा बौद्ध मठ के नए प्रवेशकों से कठिन प्रश्न पूछते हैं, जिनका उत्तर देना बहुत कठिन होता है। [SSC GD -2022]

(a) द्वारपाल (b) सबसे पुराने भिक्षु

(c) मठ के प्रमुख (d) सबसे छोटे भिक्षु

197. भारत में रेडियो प्रसारण 1923..... में द्वारा शुरू किया गया था। [SSC GD -2022]

(a) लायंस क्लब ऑफ बॉम्बे (b) रेडियो क्लब ऑफ बॉम्बे
(c) रोटरैक्ट क्लब ऑफ बॉम्ब (d) सेटरी क्लब ऑफ बॉम्बे

198. मध्य भारत में बस्तर विद्रोह..... में हुआ था। [SSC GD -2022]
(a) 1905 (b) 1910
(c) 1918 (d) 1915

199. निम्नलिखित में से कौन सा पुरातात्विक स्थल वर्तमान भारत में स्थित नहीं है? [SSC GD -2022]
(a) हल्लुर (b) महागढ़ा
(c) मेहरगढ़ (d) चिराँद

200. स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 23वां राष्ट्रीय युवा महोत्सव .....में आयोजित किया गया था। [SSC GD -2022]
(a) मुंबई (b) दिल्ली
(c) देहरादून (d) लखनऊ

201. निम्नलिखित में से किसने वन्दे मातरम गीत लिखा था? [SSC GD -2022]
(a) लाल माखन सिंह (b) अनिल चंद्र बनर्जी
(c) बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय (d) वीर सिंह सलगांवकर

202. निम्नलिखित में से किस सत्याग्रह का नेतृत्व डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने किया था? [SSC GD -2022]
(a) व्यक्तिगत सत्याग्रह (b) कानपुर सत्याग्रह
(c) महाड़ सत्याग्रह (d) खेड़ा सत्याग्रह

203. 1967 में, पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले के नक्सलबाड़ी में शुरू हुए आंदोलन का नाम क्या था? [SSC GD -2022]
(a) भूदान आंदोलन (b) भारत छोड़ो आंदोलन
(c) चिपको आंदोलन (d) नक्सली आंदोलन

204. जमींदारी एसोसिएशन को लोकप्रिय रूप से किस नाम से जाना जाता था? [SSC GD -2022]
(a) किसान समाज (b) किरायेदार समाज
(c) भू-स्वामियों का समाज (d) किसान समाज

205. निम्नलिखित में से कौन भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के 'लाल-बाल-पाल' में से एक थे? SC GD -2022]
(a) जवाहर लाल नेहरू (b) लाला लाजपत राय
(c) चित्तरंजन दास (d) लाल बहादुर शास्त्री

206. 1962 में, मैकमोहन रेखा के क्षेत्र में भारत का युद्ध किस देश के साथ हुआ था? [SSC GD -2022]
(a) भूटान (b) नेपाल
(c) पाकिस्तान (d) चीन

207. निम्नलिखित में से कौन-सा अधिनियम राजनीतिक कैदियों को बिना मुकदमा चलाए दो साल तक हिरासत में रखने की अनुमति देता है? [SSC GD -2023]
(a) वर्नाक्युलर प्रेस एक्ट (Vernacular Press Act)
(b) रौलेट एक्ट (Rowlatt Act)
(c) भारत सरकार अधिनियम 1935 (Government of India Act 1935)
(d) आर्म्स एक्ट (Arms Act)

208. निम्नलिखित में से किसे देशभक्तों के राजकुमार के रूप में जाना जाता है? [SSC GD -2023]
(a) वल्लभभाई पटेल (b) राजेन्द्र प्रसाद
(c) भगत सिंह (d) सुभाष चंद्र बोस

ANSWER KEY

1. (a)	22. (c)	43. (d)	64. (c)	85. (d)	106. (a)	127. (d)	148. (d)	169. (c)	190. (a)
2. (c)	23. (c)	44. (a)	65. (b)	86. (a)	107. (b)	128. (d)	149. (c)	170. (a)	191. (c)
3. (a)	24. (c)	45. (d)	66. (a)	87. (c)	108. (a)	129. (b)	150. (b)	171. (c)	192. (b)
4. (c)	25. (a)	46. (a)	67. (b)	88. (a)	109. (b)	130. (c)	151. (c)	172. (b)	193. (a)
5. (b)	26. (a)	47. (d)	68. (b)	89. (b)	110. (c)	131. (b)	152. (c)	173. (c)	194. (a)
6. (c)	27. (c)	48. (a)	69. (c)	90. (d)	111. (a)	132. (a)	153. (d)	174. (a)	195. (c)
7. (b)	28. (d)	49. (d)	70. (c)	91. (c)	112. (d)	133. (d)	154. (c)	175. (d)	196. (a)
8. (a)	29. (c)	50. (a)	71. (c)	92. (a)	113. (a)	134. (a)	155. (c)	176. (d)	197. (b)
9. (b)	30. (d)	51. (b)	72. (d)	93. (b)	114. (c)	135. (d)	156. (c)	177. (c)	198. (b)
10. (c)	31. (b)	52. (a)	73. (a)	94. (b)	115. (b)	136. (b)	157. (b)	178. (d)	199. (c)
11. (d)	32. (b)	53. (d)	74. (c)	95. (d)	116. (c)	137. (a)	158. (d)	179. (c)	200. (d)
12. (a)	33. (b)	54. (a)	75. (c)	96. (d)	117. (d)	138. (a)	159. (d)	180. (a)	201. (c)
13. (c)	34. (a)	55. (b)	76. (c)	97. (d)	118. (d)	139. (b)	160. (c)	181. (d)	202. (c)
14. (b)	35. (c)	56. (a)	77. (d)	98. (c)	119. (d)	140. (c)	161. (b)	182. (c)	203. (d)
15. (c)	36. (c)	57. (a)	78. (a)	99. (d)	120. (a)	141. (a)	162. (c)	183. (c)	204. (a)
16. (a)	37. (d)	58. (d)	79. (c)	100. (a)	121. (c)	142. (b)	163. (a)	184. (b)	205. (b)
17. (b)	38. (c)	59. (b)	80. (a)	101. (c)	122. (b)	143. (d)	164. (b)	185. (c)	206. (d)
18. (d)	39. (a)	60. (a)	81. (b)	102. (b)	123. (c)	144. (a)	165. (b)	186. (c)	207. (b)
19. (a)	40. (b)	61. (d)	82. (a)	103. (d)	124. (a)	145. (c)	166. (b)	187. (a)	208. (d)
20. (c)	41. (c)	62. (d)	83. (b)	104. (a)	125. (a)	146. (a)	167. (c)	188. (c)	
21. (c)	42. (d)	63. (b)	84. (d)	105. (c)	126. (b)	147. (d)	168. (b)	189. (b)	

भारतीय राजव्यवस्था

- **रेग्यूलेटिंग एक्ट, 1773** के द्वारा सन् 1774 में कलकत्ता में **'सुप्रीम कोर्ट'** की स्थापना की गई, जिसके प्राधिकार क्षेत्र बंगाल, बिहार एवं उड़ीसा थे।
- भारत शासन अधिनियम, 1858 द्वारा ब्रिटिश ताज ने भारत का शासन ईस्ट इण्डिया कम्पनी से अपने हाथों में ले लिया।
- **भारतीय परिषद् अधिनियम,** 1909 द्वारा मुस्लिम समुदाय के लिए **पृथक् निर्वाचन मण्डल** अथवा निर्वाचन क्षेत्र का गठन किया गया।
- भारतीय परिषद् अधिनियम, 1909, **'मॉर्ले-मिण्टो सुधार अधिनियम'** के नाम से प्रसिद्ध है।
- भारत शासन अधिनियम, 1919, 'मॉण्टेग्यू-चेम्सफोर्ड रिपोर्ट' पर आधारित था।
- भारत शासन अधिनियम, 1919 द्वारा प्रान्तों में **'द्वैध-शासन प्रणाली'** की स्थापना की गयी।
- अप्रैल, 1936 में **लखनऊ अधिवेशन** में कांग्रेस द्वारा एक प्रस्ताव स्वीकार किया गया, जिसमें घोषणा की गयी कि किसी बाह्य सत्ता द्वारा थोपा गया कोई भी संविधान भारत द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- 1937 में सम्पन्न प्रान्तीय विधानमण्डलों के चुनाव में भारी विजय प्राप्त करने के उपरान्त कांग्रेस ने 18 मार्च, 1937 को दिल्ली में एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें वयस्क मताधिकार के आधार पर निर्वाचित संविधान सभा द्वारा राष्ट्रीय स्वतंत्रता पर आधारित संविधान बनाने की माँग की गयी थी।
- ब्रिटिश सरकार ने संविधान सभा की माँग को पहली बार अप्रत्यक्ष एवं महत्वपूर्ण शर्तों के साथ, 1940 के **'अगस्त प्रस्ताव'** में आधिकारिक रूप से स्वीकार किया।
- भारत में संविधान सभा का गठन कैबिनेट मिशन की सिफारिश पर जुलाई 1946 में किया गया था।
- संविधान सभा का पुनर्गठन विभाजन के बाद 31 अक्टूबर, 1947 को हुआ था। संविधान सभा में कुल सदस्यों की संख्या 299 निर्धारित की गई थी, लेकिन संविधान के मूल मसौदे पर हस्ताक्षर 284 सदस्यों के थे।
- संविधान सभा की **प्रथम बैठक 9 दिसम्बर, 1946** को हुई थी।
- 29 अगस्त, 1947 को गठित 7 सदस्यीय **प्रारूप समिति** के अध्यक्ष **डॉ. बी. आर. अम्बेडकर थे**।
- संविधान सभा द्वारा इस **'उद्देश्य प्रस्ताव'** को अन्ततः **22 जनवरी, 1947** को स्वीकार कर लिया गया।
- संविधान निर्माण हेतु संविधान सभा द्वारा कुल 22 समितियों का गठन किया गया।

प्रारूप समिति

1. डॉ. बी.आर. अम्बेडकर
2. अल्लादि कृष्णास्वामी अय्यर
3. एन. गोपालस्वामी आयंगार
4. के.एम. मुन्शी
5. सैय्यद मो. सादुल्ला
6. बी.एल. मित्र (***नोट :*** थोड़े समय बाद हट गए और इनके स्थान पर एन. माधवराव सदस्य बने।)
7. डी.पी. खेतान (***नोट :*** इनकी आकस्मिक मृत्यु होने के कारण टी.टी. कृष्णामाचारी को सदस्य बनाया गया।)

1946 का अंतरिम मंत्रिमंडल : महत्वपूर्ण तथ्य

नाम	आवंटित महत्वपूर्ण विभाग
1. जवाहरलाल नेहरू	कार्यकारी परिषद् के उपाध्यक्ष, राष्ट्रमण्डल तथा विदेशी मामले
2. वल्लभभाई पटेल	गृह, सूचना तथा प्रसारण
3. जॉन मथाई	उद्योग तथा आपूर्ति
4. बलदेव सिंह	रक्षा
5. सी. राजगोपालाचारी	शिक्षा
6. सी.एच. भाभा	खान एवं बंदरगाह
7. आसफ अली	रेलवे
8. राजेन्द्र प्रसाद	खाद्य एवं कृषि
9. जगजीवन राम	श्रम
10. लियाकत अली खाँ	वित्त (लीग)
11. आई.आई. चुन्दीगर	वाणिज्य (लीग)
12. अब्दुल रब नस्तर	संचार (लीग)
13. जोगेन्द्र नाथ मण्डल	विधि (लीग)
14. गजानफर अली खाँ	स्वास्थ्य (लीग)

अन्य महत्त्वपूर्ण समितियाँ

समिति	अध्यक्ष
1. संघ शक्ति समिति	पं. जवाहरलाल नेहरू
2. मूलाधिकार एवं अल्पसंख्यक समिति	सरदार बल्लभ भाई पटेल
3. प्रांतीय संविधान समिति	सरदार पटेल
4. संघीय संविधान समिति	जवाहर लाल नेहरू
5. झण्डा समिति	जे.बी. कृपलानी
6. संचालन समिति	डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

- प्रारूप समिति द्वारा संविधान का प्रारूप प्रस्तुत किया गया जिसे फरवरी, 1948 में प्रकाशित किया गया। प्रारूप के उपबन्धों पर खण्डवार विचार करने हेतु 15 नवम्बर, 1948 से 17 अक्टूबर, 1949 के मध्य संविधान सभा के अनेक बैठकें हुई।
- प्रस्तावना सबसे बाद में स्वीकार की गयी। तृतीय वाचन हेतु संविधान सभा की बैठक 14 नवम्बर, 1949 को आरम्भ हुई तथा 26 नवम्बर, 1949 को समाप्त हुई। इसी तारीख को संविधान पर संविधान सभा के अध्यक्ष के हस्ताक्षर हुए एवं उसे पारित घोषित किया गया।

प्रथम वाचन : 4-11- 1948 से 9-11-1948 तक चला।

द्वितीय वाचन : 15-11- 1948 से 17-10-1949 तक चला।

तृतीय वाचन : 14-11- 1949 से 26-11-1949 तक चला।

- संविधान निर्माण में कुल 2 वर्ष 11 माह तथा 18 दिन लगे। संविधान पर संविधान सभा के सदस्यों द्वारा 24 जनवरी, 1950 को संविधान सभा के अन्तिम दिन अन्तिम रूप से हस्ताक्षर किए गए।
- 26 जनवरी, 1950 को सम्पूर्ण संविधान लागू किया गया तथा भारत को गणतन्त्र घोषित किया गया। आगामी संसद चुनाव तथा संविधान सभा को ही 'भारतीय संसद' के रूप में मान्यता प्रदान कर दी गयी तथा डॉ॰ **राजेन्द्र प्रसाद** को **गणतन्त्र भारत का प्रथम राष्ट्रपति** नियुक्त किया गया।

स्वतंत्रता पश्चात् अंतरिम मंत्रिमण्डल : महत्वपूर्ण तथ्य

क्रम नाम	विभाग/पद
1. चक्रवर्ती राजगोपालाचारी	अध्यक्ष
2. पंडित जवाहर लाल नेहरू	उपाध्यक्ष तथा प्रधानमंत्री, विदेश कॉमनवेल्थ संबंध तथा वैज्ञानिक शोध
3. सरदार वल्लभ भाई पटेल	गृह सूचना एवं प्रसारण मंत्री
4. डॉ. वी.आर. अम्बेडर	विधि मंत्री
5. सरदार बलदेव सिंह	रक्षामंत्री
6. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद	खाद्य तथा कृषि मंत्री
7. मौलाना अबुल कलाम आजाद	शिक्षा मंत्री
8. डॉ. जॉन मथाई	रेलवे एवं परिवहन
9. बाबू जगजीवन राम	श्रम मंत्री
10. सी. एच. भाभा	वाणिज्य मंत्री
11. रफी अहमद किदवई	संचार मंत्री
12. राजकुमारी अमृत कौर	स्वास्थ्य मंत्री
13. आर. के. शणमुखम चेट्टी	वित्त मंत्री
14. डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी	उद्योग तथा आपूर्ति
15. एन.वी. गाडगिल	कार्य खदान तथा ऊर्जा मंत्री

राष्ट्रीय प्रतीक

राष्ट्रीय ध्वज

ध्वज की चौड़ाई-लंबाई का अनुपात 2:3 है। सफेद पट्टी के बीच में नीले रंग का चक्र है। इसका प्रारूप सारनाथ में अशोक के सिंह स्तंभ पर बने चक्र से लिया गया है। इसका व्यास लगभग सफेद पट्टी की चौड़ाई के बराबर है और इसमें 24 तीलियां हैं।

भारत की संविधान सभा ने **राष्ट्रीय ध्वज का प्रारूप 22 जुलाई, 1947 को अपनाया। भारतीय ध्वज संहिता, 2002** सभी संबंधित लोगों के मार्गदर्शन और लाभ के लिए इस प्रकार के सभी कानूनों, परंपराओं, प्रथाओं और दिशानिर्देशों को साथ लाने का एक प्रयास है। 26 जनवरी, 2002 से भारतीय ध्वज संहिता, 2002 प्रभावी है।

राजचिह्न

भारत का राजचिन्ह सारनाथ स्थित अशोक के सिंह स्तंभ की अनुकृति है, जो सारनाथ के संग्रहालय में सुरक्षित है। मूल स्तंभ में शीर्ष पर चार सिंह हैं, जो एक-दूसरे की ओर पीठ किए..... हुए हैं। इसके नीचे घंटे के आकार के पद्म के ऊपर एक चित्र वल्लरी में **एक हाथी, चौकड़ी भरता हुआ एक घोड़ा, एक सांड तथा एक सिंह की उभरी हुई मूर्तियां हैं,** इसके बीच-बीच में चक्र बने हुए हैं। एक ही पत्थर को काटकर बनाए गए इस सिंह स्तंभ के **ऊपर 'धर्मचक्र'** रखा हुआ है। भारत सरकार ने **यह चिन्ह 26 जनवरी, 1950 को अपनाया।** पट्टी के मध्य में उभरी हुई नक्काशी में चक्र है, जिसके दाईं ओर एक सांड और बाईं ओर एक घोड़ा है। दाएं तथा बाएं छोरों पर अन्य चक्रों के किनारे हैं। घंटाकार पद्म छोड़ दिया गया है। फलक के नीचे **मंडुकोपनिषद का सूत्र 'सत्यमेव जयते' देवनागरी लिपि में अंकित है** जिसका अर्थ है- **'सत्य की ही विजय होती है।'**

राष्ट्रगान

रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा मूल रूप से **बांग्ला में रचित** और संगीतबद्ध 'जन-गण-मन' के हिंदी संस्करण को संविधान सभा ने भारत के राष्ट्रगान के रूप में **24 जनवरी, 1950 को अपनाया था** यह सर्वप्रथम 27 दिसंबर, 1911 को भारतीय कांग्रेस के कोलकाता अधिवेशन में गाया गया था। पूरे गीत में पाँच पद हैं। राष्ट्रगान के गायन की अवधि लगभग **52 सेकेंड** है। जिसमें इसकी प्रथम और अंतिम पंक्तियाँ (गाने का समय लगभग 20 सेकेंड) होती है।

राष्ट्रगीत

बंकिमचंद्र चटर्जी ने **'वंदे मातरम्'** गीत की रचना की, जिसे 'जन-गण-मन' के समान दर्जा प्राप्त है।

राष्ट्रीय पंचाग (कैलेंडर)

ग्रिगेरियन कैलेंडर के साथ-साथ देशभर के लिए **शक संवत् पर आधारित** एकरूप राष्ट्रीय पंचांग, जिसका **पहला महीना चैत्र है,** और सामान्य वर्ष 365 दिन का होता है।

नोट : **22 मार्च 1957 को इस** चैत्र के महीने का पहला दिन सामान्यता 22 मार्च को और अधिवर्ष 21 मार्च को पड़ता है।

राष्ट्रीय पशु

पीले रंगों और धारीदार लोमचर्म वाला **'बाघ' (पैंथरा टाइग्रिस- लिन्नायस),** राष्ट्रीय पशु है। इसकी आठ प्रजातियों में से भारत में पाई जाने वाली प्रजाति को **'रायल बंगाल टाइगर'** के नाम से जाना जाता है। **उत्तर-पश्चिम भारत को छोड़कर बाकी सारे देश में यह प्रजाति पाई जाती है।**

राष्ट्रीय पक्षी

भारत का राष्ट्रीय पक्षी **'मयूर' (पावो क्रिस्टेटस)** है। मादा मयूर का रंग भूरा होता है।

राष्ट्रीय पुष्प

भारत का राष्ट्रीय पुष्प **कमल (नेलंबो न्यूसिपेरा गार्टन)** है।

राष्ट्रीय वृक्ष

भारत का राष्ट्रीय वृक्ष **बरगद (फाइकस बेंघालेंसिस)** है।

राष्ट्रीय फल

आम (मेनिगिफेरा इंडिका) भारत का राष्ट्रीय फल है। ऊष्णकटिबंधीय देशों में आम बड़े पैमाने पर पैदा होता है।

राष्ट्रीय जलीय जीव डॉल्फिन

- केंद्र सरकार ने **05 अक्टूबर 2009** को **'गंगा डाल्फिन'** को राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित कर दिया है।

राष्ट्रीय विरासत पशु-हाथी (गज)

- भारत सरकार ने **एशियाई हाथी** को राष्ट्रीय विरासत पशु के रूप में **21 अक्टूबर, 2010** को घोषित किया है।

***नोट :* 42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976** के द्वारा उद्देशिका में **'समाजवादी'** तथा **'पंथनिरपेक्ष'** शब्द जोड़े गए। इसके अतिरिक्त **'राष्ट्र की एकता'** शब्दों के स्थान पर **'राष्ट्र की एकता तथा अखण्डता'** शब्दों को प्रतिस्थापित किया गया।

1956 के पश्चात् नए राज्यों का गठन क्रमानुसार इस प्रकार है

वर्ष	राज्य	अधिनियम
1960	बम्बई	मुम्बई पुनर्गठन अधिनियम
1960	गुजरात	मुम्बई पुनर्गठन अधिनियम
1962	नागालैण्ड	नागालैण्ड पुनर्गठन अधिनियम
1966	पंजाब	पंजाब पुनर्गठन अधिनियम
1966	हरियाणा	पंजाब पुनर्गठन अधिनियम
1971	मणिपुर	पूर्वोत्तर क्षेत्र पुनर्गठन अधिनियम
1971	त्रिपुरा	पूर्वोत्तर क्षेत्र पुनर्गठन अधिनियम
1971	मेघालय	पूर्वोत्तर क्षेत्र पुनर्गठन अधिनियम
1975	सिक्किम	36वाँ संविधान संशोधन अधिनियम
1986	मिजोरम	मिजोरम राज्य अधिनियम
1986	अरुणांचल प्रदेश	अरुणांचल प्रदेश अधिनियम
1987	गोवा	गोवा, दमन तथा दीव पुनर्गठन अधिनियम
2000	छत्तीसगढ़	मध्य प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम
2000	उत्तराखंड	उत्तर प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम
2000	झारखंड	बिहार पुनर्गठन अधिनियम
2014	आंध्र प्रदेश	आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम

विभिन्न देशों के संविधानों के उद्धृत प्रावधान

स्त्रोत	उद्धृत महत्वपूर्ण प्रावधान
ब्रिटिश संविधान	: सर्वाधिक मत के आधार पर चुनाव में जीत का फैसला
	: संसदीय शासन प्रणाली
	: कानून का शासन
	: कानून निर्माण की विधि
	: संसदीय विशेषाधिकार
	: एकल नागरिकता
	: राष्ट्रपति की संवैधानिक स्थिति
अमेरिका का संविधान	: उच्चतम न्यायालय
	: संविधान की सर्वोच्चता
	: राष्ट्रपति पर महाभियोग की प्रक्रिया
	: उपराष्ट्रपति का पद
	: मौलिक अधिकारों की सूची
	: न्यायिक पुर्नविलोकन की शक्ति एवं न्यायपालिका की स्वतंत्रता
कनाडा का संविधान	: सरकार का अर्द्ध-संघात्मक स्वरूप (सशक्त केन्द्रीय सरकार वाली संघात्मक व्यवस्था)
	: केन्द्र तथा राज्यों के मध्य शक्तियों का वितरण
	: अवशिष्ट शक्तियों का सिद्धान्त
	: राज्यपाल की नियुक्ति केन्द्र द्वारा
आयरलैण्ड का संविधान	: राज्य के नीति-निदेशक तत्व
	: राष्ट्रपति के निर्वाचन सम्बन्धी प्रक्रिया
	: राज्यसभा में मनोनीत सदस्य
फ्रांस का संविधान	: स्वतंत्रता, समानता एवं बन्धुत्व का सिद्धान्त
	: गणतंत्र
जापान का संविधान	: विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया
पूर्व सोवियत संघ (रूस)	: मौलिक कर्तव्य
ऑस्ट्रेलिया	: प्रस्तावना
	: समवर्ती सूची
	: केन्द्र-राज्य सम्बन्ध
दक्षिण अफ्रीका	: संविधान संशोधन प्रक्रिया
जर्मनी	: आपातकालीन उपबन्ध

भारतीय संविधान पर एक नजर

भाग	विषय	सम्बद्ध अनुच्छेद
I	**संघ और उसके राज्य क्षेत्र**	1 से 4
II	**नागरिकता**	5 से 11
III	**मौलिक अधिकार**	12 से 35
IV	**राज्य के नीति-निदेशक तत्व**	36 से 51
IVए	**मौलिक कर्तव्य**	51 क
V	**संघ सरकार**	52 से 151
	अध्याय-I-कार्यपालिका	52 से 78
	अध्याय-II- संसद	79 से 122
	अध्याय-III-राष्ट्रपति की विधायी शक्तियाँ	123
	अध्याय-IV-संघ की न्यायपालिका	124 से 147
	अध्याय-V-भारत का नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक	148 से 151
VI	**राज्य सरकारें**	152
	अध्याय-I-साधारण	152 से 237
	अध्याय-II-कार्यपालिका	153 से 167
	अध्याय-III-राज्य का विधानमण्डल	168 से 212
	अध्याय-IV-राज्यपाल की विधायी शक्तियाँ	213
	अध्याय-V-राज्यों के उच्च न्यायालय	214 से 232
	अध्याय-VI-अधीनस्थ न्यायालय	233 से 237
VIII	**संघ राज्य क्षेत्र**	239 से 242
IX	**पंचायतें**	243 से 243 ण
IXए/क	**नगरपालिकाएँ**	243 त से 243 छ
IXख	**सहयोग समितियाँ**	243 य ज से 243 य न
X	**अनुसूचित जाति और जनजातीय क्षेत्र**	244 से 244-क
XI	**संघ और राज्यों के बीच सम्बन्ध**	245 से 263

	अध्याय-I- विधायी सम्बन्ध	245 से 255
	अध्याय-II-प्रशासनिक सम्बन्ध	256 से 263
XII	**वित्त, सम्पत्ति, संविदायें और वाद**	264 से 300ए
	अध्याय-I-वित्त	264 से 291
	अध्याय-II-ऋण लेना	292 से 293
	अध्याय-III-सम्पत्ति, संविदाएँ अधिकार बाध्यताएँ और वाद	294 से 300
	अध्याय-IV-सम्पत्ति का अधिकार	300-क
XIII	**भारत के राज्यक्षेत्र के भीतर व्यापार, वाणिज्य एवं समागम**	301 से 307
XIV	**संघ और राज्यों के अधीन सेवाएँ**	308 से 323
	अध्याय-I-सेवाएँ	308 से 314
	अध्याय-II-लोक सेवा आयोग	315 से 323
XIVक	**अधिकरण**	323-क से 323-ख
XV	**निर्वाचन**	324 से 329-क
XVI	**अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़े वर्ग एवं आग्ंल-भारतीयों के सम्बन्ध में विशेष उपबन्ध**	330 से 342
XVII	**राजभाषा**	343 से 351
	अध्याय-I-संघ की भाषा	343 से 344
	अध्याय-II-प्रादेशिक भाषाएँ	345 से 347
	अध्याय-III-सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय आदि की भाषा	348 से 349
	अध्याय-IV-विशेष निर्देश	350 से 351
XVIII	**आपात उपबन्ध**	352 से 360
XIX	**प्रकीर्ण**	361 से 367
XX	**संविधान का संशोधन**	368
XXI	**अस्थायी, संक्रमणशील और विशेष उपबन्ध**	369 से 392
XXII	**संक्षिप्त नाम, प्रारम्भ, हिन्दी में प्राधिकृत पाठ और निरसन**	393 से 395

संविधान की अनुसूचियों पर एक नजर

क्र.सं.	विषय	सम्बद्ध अनुच्छेद
प्रथम अनुसूची	1. संघ राज्य क्षेत्रों के नाम और उनकी सीमाएँ 2. नए राज्यों का प्रवेश या स्थापना	1 एवं 4
दूसरी अनुसूची	1. भारत के राष्ट्रपति 2. राज्यों के राज्यपाल 3. लोकसभा के सभापति और उपाध्यक्ष 4. राज्यसभा के सभापति और उप-सभापति 5. राज्य विधानसभाओं के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष 6. राज्य विधान परिषदों के सभापति और उप-सभापति 7. सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश 8. उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश 9. भारत के नियन्त्रक एवं महालेखापरीक्षक	59, 65, 75, 97, 125, 148, 158, 164, 186 एवं 221
तीसरी अनुसूची	इसमें विभिन्न उम्मीदवारों द्वारा ली जाने वाली शपथ या प्रतिज्ञान के प्रारूप दिए गए हैं ये उम्मीदवार हैं- 1. संघ के मंत्री 2. संसद के सदस्य 3. सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश 4. भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक 5. राज्य मंत्री 6. राज्य विधानमण्डल के निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी 7. राज्य विधानमण्डल के सदस्य 8. उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश	146, 173, 188 एवं 219
चौथी अनुसूची	राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के लिए राज्यसभा में सीटों का आवंटन	4 एवं 80
पाँचवी अनुसूची	अनुसूचित और जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन तथा नियंत्रण के बारे में उपबन्ध	244
छठी अनुसूची	असम मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम राज्यों के जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन के बारे में उपबन्ध	244 एवं 275
सातवीं अनुसूची	संघ सूची (मूल रूप से 94 वर्तमान में 100 विषय), राज्य सूची (मूल रूप से 66 वर्तमान में 61 विषय) तथा समवर्ती सूची (मूल रूप से 47 वर्तमान में 52 विषय) के सन्दर्भ में राज्य और केन्द्र के मध्य शक्तियों का विभाजन।	
आठवीं अनुसूची	संविधान द्वारा मान्यता प्राप्त भाषाएँ (मूल रूप से 14 वर्तमान में 22)। ये भाषाएँ हैं- असमिया, बांग्ला, बोडा, डोगरी, गुजराती, हिन्दी कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, मैथिली, मलयालम, मणिपुर, मराठी, नेपाली, उड़िया, पंजाबी, संस्कृत, संथाली, सिंधी, तमिल, तेलुगू तथा उर्दू, सिंधी भाषा।	344 एवं 351
नवी अनुसूची	भू-सुधारों और जमींदारी प्रणाली के उन्मूलन सम्बन्धित राज्य विधानमण्डलों और अन्य मामलों से सम्बन्धित संसद के अधिनियम और विनियम है।	31-ख
दसवीं अनुसूची	दल-बदल के आधार पर संसद और विधानसभा के सदस्यों की निरर्हता के बारे में उपबन्ध, इस अनुसूची को **52वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1985** द्वारा जोड़ा गया।	102 एवं 191
ग्यारहवीं अनुसूची	पंचायत की शक्तियाँ, प्राधिकार व जिम्मेदारियाँ इसमें 29 विषय हैं। इस अनुसूची को 73वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 द्वारा जोड़ा गया।	243-छ
बारहवीं अनुसूची	नगरपालिकाओं की शक्तियाँ, प्राधिकार व जिम्मेदारियाँ। इसमें 18 विषय हैं। इस अनुसूची को **74वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992** के प्रावधानों द्वारा जोड़ा गया।	243-ब

- 'संघ' अर्थात् 'यूनियन' शब्द कनाडा के संविधान से लिया गया है।
- भारतीय **'संविधान का जनक'** डॉ. भीमराव अम्बेडकर को माना जाता है।
- **संविधान संशोधन की प्रक्रिया** दक्षिण अफ्रीका के संविधान से ली है।
- **प्रथम संविधान संशोधन 1951** में हुआ था।
- भारत की 22 भाषाओं का उल्लेख **8वीं अनुसूची** में है।
- दल-बदल विरोधी उपबंध 10वीं अनुसूची में है।
- संघ-सूची, समवर्ती सूची एवं राज्य सूची का उल्लेख **7वीं अनुसूची** तथा **अनुच्छेद 246** में है।
- भारत से लगातार 7 वर्ष बाहर रहने पर नागरिकता समाप्त हो जाती है।
- मूल-संविधान में मौलिक अधिकारों की संख्या 7 थी लेकिन वर्तमान में 6 है। संपत्ति के अधिकार के विधिक अधिकार (अनु. 300 क) में परिवर्तित कर दिया गया है। संपत्ति के अधिकार को 44वें संशोधन द्वारा 1978 में हटा दिया गया था।
- मौलिक अधिकार को संशोधित करने का अधिकार संसद को है।

मौलिक अधिकार

- भारतीय संविधान के भाग-3 में अनुच्छेद-12 से 35 तक मूल अधिकारों से सम्बंधित उपबंध हैं।
- मूल संविधान में 7- प्रकार के मूल-अधिकार नागरिकों को प्रदान किये गये थे परंतु 44 वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1978 के द्वारा संपत्ति के मूल अधिकार, जो कि अनुच्छेद-31 के अंतर्गत था, की श्रेणी से हटा दिया गया।
- डॉ. बी. आर. अम्बेडकर ने अनुच्छेद-32 को संविधान का महत्त्वपूर्ण अनुच्छेद बताते हुए माना है कि इस अनुच्छेद के बिना संविधान अर्थहीन है, यह संविधान की आत्मा और हृदय है।

समानता का अधिकार (अनुच्छेद- 14 से 18 तक)

(i) कानून के समक्ष समानता
(ii) धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग या जन्मस्थान के आधार पर भेदभाव का निषेध
(iii) रोजगार के अवसर की समानता
(iv) छुआछूत का अंत
(v) उपाधियों का अंत

स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद- 19 से 22 तक)

(i) व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार
(ii) अपराधों के लिए दोषसिद्धि के संबंध में संरक्षण
(iii) जीवन की रक्षा और दैहिक स्वतंत्रता का अधिकार
(iv) शिक्षा का अधिकार
(v) अभियुक्तों और सजा पाए लोगों के अधिकार

शोषण के विरुद्ध अधिकार (अनुच्छेद- 23 एवं 24)

(i) मानव के दुर्व्यापार और बंधुआ मजदूरी पर रोक
(ii) जोखिम वाले कामों में बच्चों से मजदूरी कराने पर रोक

धार्मिक-स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद-25 से 28 तक)

(i) आस्था और प्रार्थना की आजादी
(ii) धार्मिक मामलों के प्रबंधन
(iii) किसी विशिष्ट धर्म की अभिवृद्धि के लिए कर अदायगी की स्वतंत्रता
(iv) कुछ शिक्षा संस्थाओं में धार्मिक शिक्षा या उपासना में उपस्थित होने की स्वतंत्रता

सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार (अनुच्छेद- 29 एवं 30)

(i) अल्पसंख्यकों की भाषा और संस्कृति के संरक्षण का अधिकार
(ii) अल्पसंख्यकों को शैक्षिक संस्थाएँ स्थापित करने का अधिकार

संवैधानिक उपचारों का अधिकार (अनुच्छेद-32 से 35 तक)

(i) मौलिक अधिकारों को लागू करवाने के लिए न्यायालय में जाने का अधिकार

- **अनुच्छेद-32** के अंतर्गत उच्चतम न्यायालय को शक्ति दी गई है। कि भाग-3 के अंतर्गत मूल अधिकारों के हनन होने पर वह रिट जारी कर सकता है। उच्चतम न्यायालय के साथ-साथ यह शक्ति अनुच्छेद-226 के अंतर्गत उच्च न्यायालयों को भी प्राप्त हैं।
- रिट निम्न 5-प्रकार की होती हैं।
  (i) बंदी प्रत्यक्षीकरण (ii) परमादेश
  (iii) प्रतिषेध (iv) उत्प्रेषण
  (v) अधिकार वृच्छा

अनुच्छेद	विषय-वस्तु
32	भाग-3 द्वारा प्रदत्त अधिकारों को प्रवर्तित करने के लिए उपचार
33	भाग-3 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का, बलों आदि को लागू होने में उपांतरण करने की संसद की शक्ति
34	जब किसी क्षेत्र में सेना विधि प्रवृत्त है तब इस भाग द्वारा प्रदत्त अधिकारों पर निर्बन्धन
35	इस भाग के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए विधान

राज्य की नीति के निदेशक तत्त्व/सिद्धांत

- संविधान के भाग-4 में "राज्य की नीति के निदेशक सिद्धांतों" का उल्लेख है। इस भाग में अनुच्छेद-36 से 51 तक हैं।
- इन्हें मौलिक-अधिकारों की भाँति न्यायालय द्वारा कोई गारंटी प्रदान नहीं की गई है।

राज्य की नीति के निदेशक तत्त्व		
समाजवादी विचारधारा	**गाँधीवादी विचारधारा**	**उदार-बौद्धिक विचारधारा**
❑ अनुच्छेद-38: राज्य लोक कल्याण की बनाएगा	❑ अनुच्छेद-40: ग्राम पंचायतों का गठन अभिवृद्धि के लिए सामाजिक व्यवस्था	❑ अनुच्छेद-44: नागरिकों के लिए एक समान सिविल संहिता
❑ अनुच्छेद-39: राज्य द्वारा अनुसरणीय आयु के बालकों की शिक्षा का प्रावधान	❑ अनुच्छेद-43: के अंतर्गत राज्य ग्रामों में कुछ नीति तत्त्व	❑ अनुच्छेद-45: प्रारंभिक शैशवावस्था की देख-रेख कुटीर उद्योगों को वैयक्तिक या सहकारी छ: वर्ष से कम आधार पर बढ़ाने का प्रयास करेगा
❑ अनुच्छेद-39(A): समान न्याय और नि: शुल्क विधिक सहायता	❑ अनुच्छेद-43(A): सहकारी समितियों का उन्नयन	❑ अनुच्छेद-48: कृषि और पशुपालन को आधुनिक और वैज्ञानिक प्रणालियों से करने वाला उपबंध
❑ अनुच्छेद-41: कुछ दशाओं में काम, शिक्षा लोक सहायता पाने का अधिकार	❑ अनुच्छेद-46(B): अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य दुर्बल वर्गों के शिक्षा और अर्थ सम्बंधी हितों की अभिवृद्धि	❑ अनुच्छेद-48(A): पर्यावरण का संरक्षण तथा संवर्धन और वन तथा वन्य जीवों की रक्षा
❑ अनुच्छेद-42: काम की न्यायसंगत और मनोनीत दशाओं तथा प्रसूति सहायता के का उपबंध	❑ अनुच्छेद-47: स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक नशीली, दवाओं, मदिरा, ड्रग का संरक्षण औषधीय प्रयोजनों से भिन्न उपभोग पर प्रतिबंध	❑ अनुच्छेद-49: राष्ट्रीय महत्त्व के संस्मारकों स्थानों और वस्तुओं का संरक्षण
❑ अनुच्छेद-43: कर्मकारों के लिए निर्वाह मजदूरी आदि	❑ अनुच्छेद-48: के अंतर्गत गाय, बछड़ा व अन्य दुधारू पशुओं की बलि पर रोक और उनकी नस्लों में सुधार को प्रोत्साहन	❑ अनुच्छेद-51: अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की अभिवृद्धि
❑ अनुच्छेद-43(A): उद्योगों के प्रबंध में कर्मकारों का भाग लेना		
❑ अनुच्छेद-47: पोषाहार स्तर और जीवन स्तर को ऊंचा करने तथा लोक स्वास्थ्य का सुधार करने का राज्य का कर्त्तव्य		

मूल कर्त्तव्य

- ❑ संविधान का भाग- 4(A) मूल-कर्त्तव्य से सम्बंधित है। इस भाग के अनुच्छेद-51(A) के अंतर्गत वर्तमान में 11 मूल-कर्त्तव्य शामिल हैं।
- ❑ वर्ष-1976 में सरकार द्वारा मूल कर्त्तव्यों के सुझावों के लिए सरदार स्वर्ण सिंह समिति का गठन किया। इस समिति द्वारा संविधान में 8-मूल कर्त्तव्यों को शामिल करने का सुझाव दिया। लेकिन 42वें संविधान संशोधन के द्वारा 10 मूल-कर्त्तव्यों को शामिल किया। गया।
- ❑ **अनुच्छेद-51(A)** के तहत भारत के प्रत्येक नागरिकों का यह कर्त्तव्य होगा कि वह-
  - (a) संविधान का पालन करें और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करें।
  - (b) स्वतंत्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आंदोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखें और उनका पालन करें।
  - (c) भारत की प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करें और उसे अक्षुण्ण रखें।
  - (d) देश की रक्षा करें और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करें
  - (e) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भातृत्व की भावना का निर्माण करें जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो, ऐसी प्रथाओं का त्याग करें तो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हैं।
  - (f) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्त्व समझें और उसका परिरक्षण करें।
  - (g) प्राकृतिक पर्यावरण की, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्यजीव है, की रक्षा करें और उसका संवर्धन करें तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखें।

(h) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करें

(i) सार्वजनिक सम्पत्ति को सुरक्षित रखें और हिंसा से दूर रहें।

(j) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करें जिससे राष्ट्र निरंतर बढ़ते हुए प्रयत्न और उपलब्धि की नई ऊँचाइयों को छू लें

(k) जो माता-पिता या संरक्षक हों वह, छः से चौदह वर्ष के बीच की आयु के यथास्थिति, अपने बच्चे अथवा प्रतिपाल्य को शिक्षा प्राप्त करने के अवसर प्रदान करेगा।

❑ **राष्ट्रपति का निर्वाचन**

❑ राष्ट्रपति के निर्वाचन में निम्न लिखित सदस्य भाग लेते हैं।

(i) संसद के दोनों सदनों के केवल "निर्वाचित सदस्य"।

(ii) भारत के सभी राज्यों की विधानसभाओं के केवल निर्वाचित सदस्य।

❑ राष्ट्रपति के निर्वाचन में भाग लेने वाले संसद सदस्य और विधायकों के मतों का मूल्य-

$$\text{सांसद के मत का मूल्य} = \frac{\text{सभी राज्यों के विधायकों के मतों का कुल मूल्य}}{\text{संसद के निर्वाचित सदस्यों की कुल सदस्य संख्या}}$$

❑ विधायक के मत का मूल्य

$$= \frac{\text{राज्य की कुल जनसंख्या}}{\text{राज्य विधानसभा के निर्वाचित कुल सदस्य}} \times \frac{1}{1000}$$

❑ राष्ट्रपति का चुनाव आनुपातिक प्रतिनिधित्व के अनुसार "एकल संक्रमणीय मत और गुप्त मतदान द्वारा होता है।

❑ भारत में कोई भी व्यक्ति, जो पूर्व में राष्ट्रपति रह चुका है, कितनी भी बार राष्ट्रपति निर्वाचन के लिए पात्र हो सकता है।

❑ **राष्ट्रपति होने के लिए अर्हताएँ:-**

(i) वह व्यक्ति भारत का नागरिक हो और उसकी आयु 35 वर्ष हो चुकी हो।

(ii) वह लोकसभा का सदस्य निर्वाचित होने के लिए अर्हित हो।

(iii) वह लाभ के पद पर न हो।

❑ संसद द्वारा राष्ट्रपति को महाभियोग की प्रक्रिया द्वारा पद से हटाया जा सकता है।

❑ महाभियोग की प्रक्रिया संसद के किसी भी सदन में, राष्ट्रपति पर संविधान का उल्लंघन करने के आधार पर, प्रारम्भ की जा सकती है।

❑ राष्ट्रपति की अनुपस्थिति में राष्ट्रपति के पद पर कार्य उप-राष्ट्रपति करेंगे और यदि उप-राष्ट्रपति भी अनुपस्थित हैं तो उच्चतम न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश, भारत के कार्यवाहक राष्ट्रपति होंगे।

❑ भारत के राष्ट्रपति के पास 3-वीटो शक्तियाँ होती हैं जो कि इस प्रकार हैं-

(i) अत्यांतिक वीटो (ii) निलंबनकारी वीटो

(iii) पॉकेट वीटो

❑ **राष्ट्रपति की क्षमादान की शक्तिः-** राष्ट्रपति की क्षमादान की शक्ति न्यायपालिका से स्वतंत्र है।

राष्ट्रपति के पास शक्ति होती है कि वह किसी दोषी के दण्ड को क्षमा, दण्ड के स्वरूप को कम, सजा को माफ, उम्रकैद या फाँसी की सजा को भी कम या माफ कर सकता है।

राष्ट्रपति सैन्य न्यायालय द्वारा दी गई सजा (कोर्ट मॉर्शल) को भी माफ कर सकता है।

❑ राष्ट्रपति अपने अध्यादेश जारी (अनुच्छेद-123) करने की शक्ति का प्रयोग संसद के सत्रावसान की अवधि में कर सकते हैं। राष्ट्रपति द्वारा जारी किये गयें। अध्यादेश का प्रभाव व शक्तियाँ संसद द्वारा बनाए गए अधिनियम की भाँति ही होता है।

❑ राष्ट्रपति के अध्यादेश की अवधि अधिकतम 6 माह तक हो सकती है।

राष्ट्रपति से सम्बंधित महत्त्वपूर्ण अनुच्छेद

अनुच्छेद	विषय वस्तु
52.	भारत के राष्ट्रपति
53.	संघ की कार्यपालिका शक्ति
54.	राष्ट्रपति का निर्वाचन/चुनाव
55.	राष्ट्रपति के निर्वाचन की रीति
56.	राष्ट्रपति की पदावधि
57.	पुनर्निर्वाचन के लिए पात्रता
58.	राष्ट्रपति निर्वाचित होने के लिए अर्हताएँ
59.	राष्ट्रपति के पद के लिए शर्तें
60	राष्ट्रपति द्वारा शपथ/प्रतिज्ञान
61.	राष्ट्रपति पर महाभियोग चलाने की प्रक्रिया
72.	राष्ट्रपति की क्षमा आदि की और कुछ मामलों में दण्डादेश के निलंबन, परिहार या लघुकरण की शक्ति।
78.	राष्ट्रपति को जानकारी देने आदि के सम्बंध में प्रधानमंत्री के कर्त्तव्य

उप राष्ट्रपति

❑ उपराष्ट्रपति का पद देश का दूसरा सर्वोच पद होता है।

❑ उपराष्ट्रपति का निर्वाचन संसद के दोनों सदनों के निर्वाचित और नामांकित सदस्यों द्वारा किया जाता है।

❑ उपराष्ट्रपति का निर्वाचन आनुपातिक प्रतिनिधित्त्व के आधार पर एकल संक्रमणीय मत द्वारा सम्पन्न होता है।

❑ उपराष्ट्रपति के लिए निम्नलिखित अर्हताएँ होनी चाहिए:-

(i) वह भारत का नागरिक हो और उसकी आयु 35 वर्ष की पूर्ण हो चुकी हो।

(ii) वह राज्यसभा का सदस्य बनने के योग्य हों।

(iii) वह लाभ के पद पर न हों।

❑ उपराष्ट्रपति को उसके पद की शपथ राष्ट्रपति या उसके द्वारा नियुक्त किसी व्यक्ति द्वारा दिलावाई जाती है।

❑ उपराष्ट्रपति का कार्यकाल 5 वर्ष होता है। उसके पद त्याग या मृत्यु आदि की स्थिति में चुनाव शीघ्रताशीघ्र कराये जाने चाहिए।

❑ सामान्य परिस्थितियों में उपराष्ट्रपति, राज्यसभा के पदेन सभापति के रूप में कार्य करते हैं लेकिन यदि राष्ट्रपति का पद उसके त्यागपत्र, निष्कासन, मृत्यु आदि कारणों से रिक्त होता है तब उप-राष्ट्रपति कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में कार्य करते हैं।

उप-राष्ट्रपति से सम्बंधित महत्त्वपूर्ण अनुच्छेद	
अनुच्छेद	**विषय-वस्तु**
63.	भारत के उप राष्ट्रपति
64.	उप राष्ट्रपति राज्यसभा के पदेन सभापति होगें
65.	उप राष्ट्रपति आकस्मिक रिक्तियों अथवा राष्ट्रपति की अनुपस्थित में राष्ट्रपति के कर्त्तव्यों का निर्वहन
66.	उप राष्ट्रपति का चुनाव
67.	उप राष्ट्रपति का कार्यकाल
69.	उप राष्ट्रपति द्वारा शपथ ग्रहण
70.	अन्य आकस्मिकताओं में राष्ट्रपति के कर्त्तव्यों का निर्वहन

- **धन विधेयक** केवल लोकसभा में प्रस्तुत किया जाता है।
- धन विधेयक को राज्यसभा केवल 14 दिनों तक विचारार्थ अपने पास रखती है। अनु. 110 में ऐसा वर्णित है।
- पहली लोकसभा की प्रथम बैठक **6 मई 1952** को हुई थी।
- **राज्यसभा का गठन सर्वप्रथम 3 अगस्त 1952** को हुआ था।
- लोकसभा के सदस्यों की न्यूनतम आयु सीमा **25 वर्ष** तथा राज्यसभा के सदस्यों की **30 वर्ष** होती है।
- प्रधानमंत्री के लिए न्यूनतम आयु सीमा **25 वर्ष** तथा कार्यकाल 5 वर्ष है।
- **अनु. 73** के अनुसार मंत्रिपरिषद् सामूहिक रूप से लोकसभा के प्रति उत्तरदायी होती है।
- **महान्यायवादी** भारत सरकार का सबसे बड़ा कानूनी अधिकारी होता है।
- भारतीय संसद के तीन अंग - **राष्ट्रपति, लोकसभा, राज्यसभा**।
- उच्चतम न्यायालय को **'संविधान का रक्षक'** बताया गया है।
- **राज्य पुनर्गठन आयोग** का गठन 1953 में किया गया था।
- प्रत्येक बैठक के आरंभ में एक घंटे का समय प्रश्नकाल कहलाता है।
- प्रश्नकाल के तुरंत बाद का समय (12 से 1 बजे तक) शून्यकाल कहलाता है।
- धन विधेयक को लोकसभा में प्रस्तुत करने से पूर्ण राष्ट्रपति की अनुमति लेना आवश्यक है।
- साधारण विधेयक को राज्यसभा 6 माह तक रोक सकती है।
- **प्राक्कलन** या **अनुमान समिति** में **30 सदस्य** होते हैं। वह भी केवल लोकसभा से ही होते हैं।
- **सार्वजनिक उपक्रम समिति** में **15 सदस्य** होते हैं- 10 लोकसभा, 5 राज्यसभा।
- लोकसभा समिति का प्रारम्भ 1967 में हुआ था।
- **लोकलेखा समिति** में 22 सदस्य होते हैं। 15 लोकसभा से तथा 7 राज्यसभा से। इसे **'प्राक्कलन समिति की जुड़वाँ बहन'** भी कहा जाता है।
- वर्तमान में सर्वोच्च न्यायालय में न्यायधीशों की संख्या **31** है। (1 मुख्य न्यायाधीश तथा 30 अन्य न्यायधीश) है।
- राज्य का विधानमंडल राज्यपाल विधान सभा तथा राज्य विधान परिषद् से मिलकर बना होता है।
- संसद के दोनों सदनों का सत्रावसान राष्ट्रपति करता है।
- राज्य में सर्वप्रथम गैर-कांग्रेसी सरकार 1957 में केरल में गठित हुई।
- **जम्मू-कश्मीर** एकमात्र ऐसा राज्य है जिसका अपना अलग संविधान है।
- 73वां संविधान संशोधन, 1992 पंचायती राज्य से संबंधित है।
- **'समान नागरिक संहिता'** गोवा राज्य में लागू है।
- यदि राष्ट्रपति का पद खाली है तो इसे 6 महीने के अंदर भरना आवश्यक है।
- **अनुच्छेद - 143** के तहत राष्ट्रपति सर्वोच्च न्यायालय से परामर्श मांग सकता है।
- 60 दिनों तक लोकसभा एवं राज्यसभा का कोई सदस्य सदन की बिना अनुमति के अनुपस्थित रहता है तो वह अयोग्य ठहराया जायेगा।
- **56वें संविधान** द्वारा 1987 में गोवा को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया गया।
- **36वें संविधान संशोधन** द्वारा 1975 में सिक्किम को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया गया।
- **1964** में गठित **प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग** के चेयरमैन **मोरारजी देसाई** थे।
- लोक लेखा समिति अपनी वार्षिक रिपोर्ट लोकसभा को सौंपती है।
- लोक लेखा समिति द्वारा नियंत्रक तथा महालेखा परीक्षक के कार्यों की निगरानी की जाती है।
- भाषा के आधार पर गठित प्रथम प्रदेश आंध्र प्रदेश है।
- बी.जी. खेर राज्य भाषा आयोग के प्रथम अध्यक्ष थे।
- 52वें संविधान संशोधन द्वारा 1985 में दल-बदल विरोधी अधिनियम पारित हुआ था।
- लोकसेवाओं हेतु **'ली कमीशन'** 1923 में गठित हुआ था।
- भारत के महान्यायवादी को सदन की बैठक में भाग लेने तथा बोलने का अधिकार है।
- 1921 से 1937 तक द्वैध शासन प्रणाली चली थी।
- **मंडल आयोग** 1970 में गठित हुआ था।
- 1 अप्रैल, 1938 को प्रांतीय स्वायत्तता लागू हुई थी।
- **प्रोटेम स्पीकर**-पिछली लोकसभा के अध्यक्ष नई लोकसभा की पहली बैठक के ठीक पहले तक अपने पद पर बना रहता है। इसलिए राष्ट्रपति लोकसभा के सबसे वरिष्ठतम् सदस्य को तदर्थ अध्यक्ष नियुक्त करता है, जो कि लोकसभा की पहली बैठक में पीठासीन अधिकारी होता है, जिसका मुख्य कर्तव्य नये सदस्यों को शपथ दिलाना होता है।
- **संसद (लोकसभा) के तीन सत्र होते हैं-**

सत्र	समयावधि
बजट सत्र	फरवरी से मई तक
मानसून सत्र	जुलाई से सितम्बर तक
शीतकालीन सत्र	नवम्बर से दिसम्बर तक
नोटः **बजट सत्र** सबसे लम्बा व **शीतकालीन सत्र** सबसे छोटा होता है।	

- **विघटनः**-विघटन **केवल** लोकसभा का ही होता है, राज्यसभा का नहीं।
- लोकसभा का विघटन दो तरीके से हो सकता है-(1) अपने पाँच वर्ष के कार्यकाल की समाप्ति के बाद। (2) अनुच्छेद 85 के अन्तर्गत राष्ट्रपति द्वारा विघटित किया जाना।

- **सत्रावसानः**- 1. संसद के किसी विषय क्षेत्र का समापन होता है।
  2. सत्रावसान मन्त्रिपरिषद की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा किया जाता है।
- **स्थगनः**- यह सदन के पीठासीन अधिकारी द्वारा किसी सत्र के भीतर घोषित लघु विराम होता है।
- **गणपूर्तिः** 1. यह वह न्यूनतम संख्या होती है, जिसकी उपस्थिति सदन की कार्यवाही हेतु आवश्यक होती है।
  2. यह प्रत्येक सदन में पीठासीन अधिकारी समेत कुल सदस्यों का दसवाँ हिस्सा होता है।
  3. लोकसभा में गणपूर्ति संख्या 55 है, राज्य सभा में गणपूर्ति संख्या 25 है।
- **संसदीय विशेषाधिकारः**-अनुच्छेद 105 के द्वारा इसका उल्लेख है।
- **गिरफ्तारी से उन्मुक्तिः**-यह व्यक्तिगत संसदीय विशेषाधिकार है। इसके तहत संसद सदस्य को सदन अथवा उसकी किसी समिति के, जिसका वह सदस्य है, अधिवेशन के चलते रहने के दौरान अथवा अधिवेशन के पूर्व या पश्चात् 40 दिन की अवधि के दौरान गिरफ्तारी से छूट होती है। यह केवल सिविल मामलों पर ही लागू होता है, आपराधिक मामलों पर नहीं।
- **अनुच्छेद 254:**-यदि संघ तथा राज्य की विधियों के बीच टकराव उत्पन्न हो जाए, तो संसदीय विधि की प्राथमिकता तय की जायेगी।

महत्वपूर्ण विधेयक	सम्बन्धित अनुच्छेद
धन विधेयक	अनुच्छेद 110
वित्त विधेयक	अनुच्छेद 117
संविधान संशोधन विधेयक	अनुच्छेद 368

नोट : **अनुच्छेद 107** के अंतर्गत यह प्रावधान है कि, **साधारण विधेयक** को किसी भी सदन में प्रस्तुत किया जा सकता है।

प्रमुख संसदीय समितियाँ

समिति	सदस्यों की संख्या
प्राक्कलन समिति	30 सदस्य-सभी सदस्य लोकसभा से
लोकलेखा समिति	22 सदस्य-15 लोकसभा, 07 राज्यसभा
सार्वजनिक उपक्रम समिति	22 सदस्य, 15 लोकसभा, 07 राज्यसभा

संसदीय सत्र से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य


तारांकित प्रश्न	इनका उत्तर मौखिक दिया जाता है। पूरक प्रश्न भी पूछे जा सकते हैं।
अतारांकित प्रश्न	उत्तर लिखित रूप में दिया जाता है। पूरक प्रश्न नहीं पूछे जाते हैं।
अल्पसूचना प्रश्न	लोक महत्व के तात्कालीक मामले से सम्बन्धित प्रश्न। मौखिक उत्तर के लिए सूचना पूरे 10 दिन से कम अवधि में ली जा सकती है।

राज्य	लोकसभा (सीटों की संख्या)	राज्यसभा (सीटों की संख्या)
जम्मू-कश्मीर	6	4
हिमाचल प्रदेश	4	3
पंजाब	13	7
उत्तराखंड	5	3
हरियाणा	10	5
दिल्ली	7	3
राजस्थान	25	10
उत्तर प्रदेश	80	31
बिहार	40	16
गुजरात	26	11
मध्य प्रदेश	29	11
छत्तीसगढ़	11	5
झारखण्ड	14	6
पश्चिम बंगाल	42	16
उड़ीसा	21	10
महाराष्ट्र	48	19
तेलंगाना	17	7
आन्ध्र प्रदेश	25	11
कर्नाटक	28	12
गोवा	2	1
केरल	20	9
तमिलनाडु	39	18
सिक्किम	1	1
असम	14	7
अरूणाचल प्रदेश	2	1
मेघालय	2	1
नागालैण्ड	1	1
मणिपुर	2	1
मिजोरम	1	1
त्रिपुरा	2	1
अण्डमान व निकोबार द्वीप समूह	1	0
पुडुचेरी	1	1
लक्षद्वीप	1	0
दादर और नगर हवेली	1	0
दमन और दीव	1	0
चण्डीगढ़ दिल्ली	1	0

राज्य सरकार

राज्यपाल

- संविधान के भाग 6 में अनुच्छेद 153 से 167 तक राज्य कार्यपालिका के सम्बंध में प्रावधान हैं।



- राज्यपाल, राज्य का संवैधानिक प्रमुख होता है और साथ ही यह केंद्र सरकार के प्रतिनिधि के रूप में भी कार्य करता है।

- किसी व्यक्ति को राज्यपाल नियुक्त किये जाने के लिए उसमें निम्न दो अर्हताएँ होनी चाहिए:-

  (क) वह भारत का नागरिक हो।

  (ख) उसने 35 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो।

- राज्यपाल राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत पद धारण करता है। सामान्यत: राज्यपाल का कार्यकाल पाँच वर्ष की अवधि के लिए होता है।

राज्यपाल से सम्बंधित कुछ महत्त्वपूर्ण अनुच्छेद	
अनुच्छेद	**विषय वस्तु**
153.	राज्यों के लिए राज्यपाल
154.	राज्य की कार्यपालिका शक्ति
155.	राज्यपाल की नियुक्ति
156.	राज्यपाल की पदावधि
157.	राज्यपाल नियुक्त होने के लिए अर्हताएँ
158.	राज्यपाल के पद के लिए शर्तें
159.	राज्यपाल द्वारा शपथ या प्रतिज्ञान
160.	कुछ आकस्मिकताओं में राज्यपाल के कृत्यों का निर्वहन
161.	क्षमा आदि और कुछ मामलों में दण्डादेश के निलंबन, परिहार या लघुकरण की राज्यपाल की शक्ति

मुख्यमंत्री

- राज्यपाल राज्य का मुखिया होता है जबकि वास्तव में राज्य सरकार का मुखिया मुख्यमंत्री होता है।
- संविधान के अनुच्छेद 164 के अनुसार राज्यपाल, मुख्यमंत्री की नियुक्ति करता है। राज्यपाल उस व्यक्ति को मुख्यमंत्री नियुक्त करता है जिसके पास विधानसभा में बहुमत प्राप्त होता है या वह व्यक्ति सबसे बड़े दल के नेता के रूप में हो।
- मुख्यमंत्री को शपथ, राज्य का राज्यपाल या राज्यपाल द्वारा नियुक्त व्यक्ति दिलाता है।

मुख्यमंत्री से सम्बंधित महत्त्वपूर्ण अनुच्छेद	
अनुच्छेद	**विषय वस्तु**
163.	राज्यपाल को सहायता और सलाह देने के लिए मंत्रिपरिषद होगी जिसका मुखिया मुख्यमंत्री होगा।
164.	मंत्रियों के बारे में उपबंध
167.	राज्यपाल को जानकारी देने के सम्बंध में मुख्यमंत्री के कर्त्तव्य

राज्य-मंत्रिपरिषद

- राज्यपाल को सलाह एवं सहायता देने के लिए एक राज्य मंत्रिपरिषद होगी, जिसका प्रधान मुख्यमंत्री होगा।
- ऐसा कोई व्यक्ति जिसे राज्यपाल ने मंत्री नियुक्त किया हो और वह राज्य विधानमण्डल के किसी भी सदन का सदस्य नहीं है तो उसे 6-माह के अंदर विधानमण्डल के किसी भी सदन की सदस्यता ग्रहण करना अनिवार्य है।
- सभी मंत्री अपना पद राज्यपाल के प्रसादपर्यंत धारण करते हैं।
- केंद्र की तरह राज्यों की मंत्रिपरिषद में भी 3 तरह के मंत्री होते हैं जैसे- कैबिनेट मंत्री, राज्यमंत्री/स्वतंत्र प्रभार मंत्री और उपमंत्री
- राज्यों में कुल मंत्रियों की संख्या राज्य के विधान सभा के कुल सदस्यों के 15% से अधिक नहीं होगी लेकिन कम से कम 12 सदस्य मंत्रिपरिषद में होंगे। यह प्रावधान संविधान में 86वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2003 के द्वारा शामिल किया गया।

राज्य विधानमण्डल

- संविधान के भाग 6 में राज्य विधानमण्डल से सम्बंधित प्रावधान हैं।
- राज्यों में भी संसदीय प्रणाली लागू की गयी है जिसके अंतर्गत राज्य विधानमण्डल के 3-अंग हो सकतें हैं- राज्यपाल, विधान परिषद और विधान सभा लेकिन जिन राज्यों में विधान परिषद नहीं है वहाँ विधानमण्डल के केवल 2-ही अंग होतें हैं, राज्यपाल और विधान सभा।
- भारत के अधिकतर राज्यों में एक सदनीय विधानमण्डल हैं, जहाँ केवल विधान सभा है जबकि कुछ राज्यों में द्विसदनीय विधानमण्डल हैं, जहाँ विधान परिषद और विधान सभा दोनों हैं।
- वे राज्य जहाँ विधान सभा के साथ-साथ विधान परिषद भी हैं वे इस प्रकार हैं- जम्मू-कश्मीर, बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक।

विधान परिषद

- यह राज्य विधानमण्डल का उच्च सदन होता है।
- किसी राज्य की विधान परिषद का आकार या सदस्य संख्या उस राज्य की विधान सभा सदस्य के 1/3 होगी और कम से कम 40 सदस्य होंगे।
- **विधान परिषद के कुल सदस्यों में से-**
  - **(i)** 1/3 सदस्यों को स्थानीय निकायों, जैसे नगरपालिका, जिला बोर्ड आदि के द्वारा चुने जाते हैं।
  - **(ii)** 1/12 सदस्यों को राज्य में 3 वर्ष से रह रहे स्नातक चुनेगें।
  - **(iii)** 1/12 सदस्यों को 3 वर्ष से अध्यापन करा रहें लोग चुनेगें।
  - **(iv)** 1/3 सदस्यों का चुनाव विधान सभा के सदस्यों द्वारा किया जाएगा।
  - **(v)** शेष बचे 1/6 सदस्यों को राज्य का राज्यपाल मनोनीत करेगा जो कला, साहित्य, विज्ञान और समाज सेवा क्षेत्र से जुड़े हों।
- राज्य विधान परिषद, राज्यसभा के समान ही सतत् चलने वाला सदन है। यह कभी विघटित/भंग नहीं किया जा सकता हैं परंतु इसके 1/3 सदस्यों को प्रत्येक दूसरे वर्ष में सेवानिवृत्त होते हैं। सामान्यत: प्रत्येक सदस्य का कार्यकाल 6 वर्ष होता है।


राज्य विधान सभा

- प्रत्येक राज्य के लिए एक विधान सभा होगी। इसके प्रतिनिधियों को जनता द्वारा प्रत्यक्ष रूप से चुना जाता है। विधान सभा के लिए अधिकतम सदस्य संख्या 500 और न्यूनतम 60 होगी। लेकिन कुछ राज्य ऐसे भी हैं, जिनमें विधान सभा सदस्यों की संख्या 60 से कम है।

- लोकसभा की तरह विधान सभा भी विधानमण्डल का निम्न सदन होता है।
- यदि कोई सदस्य बिना पूर्व अनुमति के 60 दिन तक बैठकों से अनुपस्थित रहता है तो सदन में उसकी सदस्यता रिक्त घोषित हो सकती है।

राज्य विधानमण्डल से सम्बंधित कुछ महत्त्वपूर्ण अनुच्छेद	
अनुच्छेद	**विषयवस्तु**
168.	राज्यों के विधानमण्डलों का गठन
169.	राज्यों में विधान परिषदों का उत्सादन
170.	विधान सभाओं की संरचना
171.	विधान परिषदों की संरचना
172.	राज्यों के विधान मण्डलों की अवधि
178.	विधान सभा का अध्यक्ष और उपाध्यक्ष
182.	विधान परिषदों का सभापति और उपसभापति
198.	विधेयकों के सम्बंध में विशेष प्रक्रिया
199.	धन विधेयक की परिभाषा
200.	विधेयकों पर अनुमति
202.	वार्षिक वित्तीय विवरण
207.	वित्त विधेयकों के बारे में विशेष उपबंध
210.	विधानमण्डल में प्रयोग की जाने वाली भाषा
212.	न्यायालयों द्वारा विधानमण्डल की कार्यवाही की जाँच न किया जाना।
213.	विधानमण्डल के विश्रांतिकाल में अध्यादेश प्रख्यापित करने की राज्यपाल की शक्ति।

न्यायपालिका



- न्यायालय की यह एकात्मक प्रणाली भारत शासन अधिनियम, 1935 से ग्रहण की गई है।
- भारत के उच्चतम न्यायालय का उद्घाटन 28 जनवरी, 1950 को किया गया था। उस समय न्यायाधीशों की संख्या 8 थी, जिनमें से 1 मुख्य न्यायाधीश और 7 अन्य न्यायाधीश थे। वर्तमान में न्यायाधीशों की संख्या 31 है, जिनमें से 1 मुख्य न्यायाधीश एवं 30 अन्य न्यायाधीश हैं।
- उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश में निम्न अर्हताएँ होनी चाहिए।
  - (i) वह भारत का नागरिक हो।
  - (ii) वह भारत के किसी भी उच्च न्यायालय में कम से कम पाँच वर्ष तक न्यायाधीश रहा हो या उसने उच्च न्यायालय या अलग-अलग न्यायालयों में मिलाकर 10 वर्ष तक वकालत की हो या राष्ट्रपति के मत में न्यायवादी हो।

उच्चतम न्यायालय से सम्बंधित कुछ महत्वपूर्ण अनुच्छेद

अनुच्छेद	विषय वस्तु
124.	उच्चतम न्यायालय की स्थापना
124 (A)	राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (NJAC)
125.	न्यायाधीशों के वेतन इत्यादि
129.	अभिलेख न्यायालय के रूप में उच्चतम न्यायालय
131.	उच्चतम न्यायालय का मूल क्षेत्राधिकार
132.	उच्चतम न्यायालय का कुछ मामलों में उच्च न्यायालयों से अपील के मामले में अपीलीय क्षेत्राधिकार
137.	उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्णयों अथवा आदेशों की समीक्षा
143.	राष्ट्रपति की उच्चतम न्यायालय से सलाह करने की शक्ति

जनहित याचिका

- जनहित याचिका की अवधारणा की उत्पत्ति एवं विकास अमेरिका में 1990 के दशक में हुआ।
- जनहित याचिका, सार्वजनिक हित की रक्षा के लिए मुकदमें का प्रबंध है। अन्य सामान्य अदालती याचिकाओं से अलग, इसमें यह आवश्यक नहीं की पीड़ित पक्ष स्वयं अदालत में जाए। यह किसी भी नागरिक या स्वयं न्यायालय द्वारा पीड़ितों के पक्ष में दायर किया जा सकता है।


उच्च न्यायालय

- वर्तमान में भारत में 24 उच्च न्यायालय हैं।
- भारत में उच्च न्यायालय का सर्वप्रथम गठन 1862 ई. में कलकत्ता, बंबई (मुम्बई) और मद्रास में हुआ, जबकि 1866 ई. में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की स्थापना हुई।
- भारतीय संविधान के भाग-6 में अनुच्छेद-214 से 231 तक के प्रावधान उच्च न्यायालय से सम्बंधित हैं।
- 7वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1956 के द्वारा दो या दो से अधिक राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्र के लिए एक साझा उच्च न्यायालय की स्थापना की गई है।

उच्च न्यायालय से सम्बंधित महत्त्वपूर्ण अनुच्छेद	
अनुच्छेद	**विषय वस्तु**
214	राज्यों के लिए उच्च न्यायालय
215	उच्च न्यायालय अभिलेखों के न्यायालय के रूप में
216	उच्च न्यायालय का गठन
217	उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद के लिए नियुक्ति तथा दशाएँ
219	उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों का शपथ ग्रहण
221	न्यायाधीशों को वेतन इत्यादि।
222	किसी न्यायाधीश का एक उच्च न्यायालय से दूसरे उच्च न्यायालय में स्थानांतरण।
225	उच्च न्यायालयों का क्षेत्राधिकार
226	रिट जारी करने की उच्च न्यायालय की शक्ति
231	दो या अधिक राज्यों के लिए एक साझे उच्च न्यायालय की स्थापना।

अधीनस्थ न्यायालय

- संविधान के भाग-6 में अनुच्छेद-233 से 237 तक अधीनस्थ न्यायालयों के संगठन एवं कार्यपालिका से स्वतंत्रता सुनिश्चित करने वाले प्रावधान हैं।



संवैधानिक निकाय

प्रमुख निकाय	अनुच्छेद	संरचना	पदावधि	नियुक्ति की निर्धारित सीमा
निर्वाचन आयोग	324	तीन सदस्य 1993 से एक प्रमुख/मुख्य चुनाव आयुक्त व दो सहायक	6 वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक	(i) राष्ट्रपति द्वारा (ii) राष्ट्रपति द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त के आवेदन पर प्रादेशिक आयुक्तों की नियुक्तियाँ की जा सकती है। (iii) सेवा शर्तें राष्ट्रपति द्वारा निर्धारित
संघ लोक सेवा आयोग	315-323	एक अध्यक्ष व अन्य सदस्य संख्या निर्धारित नहीं साधारणतया 9-11 अध्यक्ष सहित	6 वर्ष या 65 वर्ष आयु तक	(i) राष्ट्रपति द्वारा (ii) राष्ट्रपति द्वारा सेवा शर्तों का निर्धारण
राज्य लोक सेवा आयोग	315-323	राज्यपाल के विवेक पर	6 वर्ष या 62 वर्ष तक	(i) राज्यपाल द्वारा (ii) राज्यपाल द्वारा सेवा शर्तों का निर्धारण
वित्त-आयोग	280	एक अध्यक्ष व चार सदस्य	-	(i) राष्ट्रपति द्वारा
अनु. जाति के लिए राष्ट्रीय आयोग	338	एक अध्यक्ष एक उपाध्यक्ष तीन सदस्य	3 वर्ष	(i) राष्ट्रपति द्वारा (ii) राष्ट्रपति द्वारा सेवा शर्तों का निर्धारण
अनु. जनजाति के लिए राष्ट्रीय आयोग	338 (क) (A)	एक अध्यक्ष एक उपाध्यक्ष तीन सदस्य	3 वर्ष	(i) राष्ट्रपति द्वारा (ii) राष्ट्रपति द्वारा सेवा शर्तों का निर्धारण
भारत के नियत्रंक और महालेखा-परीक्षक (CAG)	148	एक सदस्य	6 वर्ष या 65	(i) राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त
भारत के महान्यायवादी व महाधिवक्ता	76	एक सदस्य	सरकार के बदलने	(i) राष्ट्रपति द्वारा सेवा शर्तों का निर्धारण (ii) पारिश्रमिक निर्धारिण (iii) राष्ट्रपति द्वारा
राज्य का महाधिवक्ता	165	एक सदस्य		(i) राज्यपाल (ii) पारिश्रमिक-राज्यपाल

आपातकाल और संविधान संशोधन

आपातकालीन उपबंध

❒ संविधान के भाग-18 में अनुच्छेद-352 से 360 तक आपातकालीन उपबंध हैं, जो केन्द्र को किसी भी असामान्य स्थिति से निपटने में सक्षम करते हैं।

❒ **संविधान में तीन प्रकार के आपातकालों का उल्लेख है-**

(1) राष्ट्रीय आपातकाल (अनुच्छेद-352)

(2) राज्यों में राष्ट्रपति शासन (अनुच्छेद-356)

(3) वित्तीय आपातकाल (अनुच्छेद-360)

- 44वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1978 के द्वारा "आंतरिक गडबड़ी" शब्द को "सशस्त्र विद्रोह" शब्द से विस्थापित किया गया है।
- भारत में आपातकाल की घोषणा अभी तक तीन बार की जा चुकी है- 1962, 1971 और 1975 में।


आपात से सम्बंधित कुछ महत्त्वपूर्ण अनुच्छेद	
अनुच्छेद	**विषय वस्तु**
352	आपात की उद्घोषणा
353	आपात की उद्घोषणा के प्रभाव
355	बाह्य आक्रमण और अशांति से राज्य की संरक्षा करने का संघ का कर्त्तव्य
356	राज्यों में सांविधानिक तंत्र के विफल हो जाने की दशा में उपबंध
358	आपात के दौरान अनुच्छेद-19 के उपबंधों का निलम्बन
359	आपात के दौरान भाग-3 द्वारा प्रदत्त अधिकारों के प्रवर्तन का निलम्बन
360	वित्तीय आपात के बारे में उपबंध

संविधान का संशोधन

- संविधान के भाग-20 के अनुच्छेद-368 के अंतर्गत संसद को संविधान में संशोधन करने की शक्ति प्राप्त है।
- **संविधान के अनुच्छेद-368 के अंतर्गत दो प्रकार के संशोधनों की व्यवस्था है-**
  (1) संसद के विशेष बहुमत द्वारा संशोधन।
  (2) संसद के विशेष बहुमत द्वारा एवं आधे राज्य विधानमण्डलों की संस्तुति के द्वारा।

कुछ महत्त्वपूर्ण संविधान संशोधनों पर एक नजर	
संशोधन संख्या एवं वर्ष	**संविधान के संशोधित प्रावधान**
प्रथम संशोधन अधिनियम, 1951	1. कानून की रक्षा के लिए संपत्तिअधिग्रहण आदि की व्यवस्था। 2. भूमि सुधार एवं न्यायिक समीक्षा से जुड़े अन्य कानून को नौवीं सूची में स्थान
25वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1971	1. संपत्ति के मूल अधिकार में कटौती। 2. अनुच्छेद- 39 (ख) या (ग) में वर्णित निदेशक तत्वों को प्रभावी करने के लिए बनाई गई किसी भी विधि को इस आधार पर चुनौती नहीं दी जा सकती कि अनुच्छेद 14,19, और 31 द्वारा अभिनिश्चत अधिकारों के उल्लंघन के आधार पर पर चुनौती नहीं दी जा सकती।
42वाँ संशोधन अधिनियम,1976	1. नागरिकों द्वारा मूल कर्तव्यों को जोड़ा गया (नया भाग IVक) 2. सांविधानिक संशोधन को न्यायिक जाँच से बाहर किया गया। 3. न्यायिक समीक्षा एवं रिट न्यायक्षेत्र में उच्चतम एवं उच्च न्यायालयों की शक्ति में कटौती। 4. तीन नए निदेशक तत्व जोड़े गए अर्थात् समान न्याय और निशुल्क विधिक सहायता उद्योगों के प्रबंध मे कर्मकारों का भाग लेना, पर्यावरण का संरक्षण तथा संवर्धन और वन तथा वन्य जीवों की रक्षा। 5. संसद और विधानमण्डल में कोरम की आवश्यकता की समाप्ति। 6. अखिल भारतीय विधिक सेवा के निर्माण की व्यवस्था। 7. सिविल सेवक को दूसरे चरण पर जाँच के उपरांत प्रतिवेदन के अधिकार को समाप्त कर अनुशासनात्मक कार्यवाही को छोटा किया गया (प्रस्तावित दंड के मामले में)
44वाँ संशोधन अधिनियम, 1978	1. संसद एवं राज्य विधानमण्डल में कोरम के उपबंध को पूर्ववत् रखा। 2. अध्यादेश जारी करने में राष्ट्रपति, राज्यपाल एवं प्रशासक की संतुष्टि के उपबंध को समाप्त किया गया। 3. उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय की कुछ शक्तियों को फिर से प्रदान किया गया। 4. राष्ट्रीय आपात के संदर्भ मे 'आंतरिक अशांति' के शब्द के स्थान पर 'सशस्त्र विद्रोह' शब्द रखा गया। 5. मूल अधिकारों की सूची से संपत्ति समाप्त किया गया और इसे केवल विधिक अधिकार बनाया गया। 6. अनुच्छेद-20 और 21 द्वारा प्रदत्त मूल अधिकारों को राष्ट्रीय आपातकाल में निलंबित नहीं किया जा सकता ।
61वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1989	लोकसभा एवं विधानसभा सभा चुनाव में मतदान की उम्र 21 से घटाकर 18 वर्ष की गई।
73वाँ संशोधन अधिनियम, 1992	पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक स्थिति एवं सुरक्षा प्रदान की गई। इस उद्देश्य के लिए संशोधन में नया भाग IX जोड़ा गया जिसे 'पंचायत' नाम दिया गया और नई 11वीं अनुसूची में पंचायत की 29 कार्यात्मक मदें जोड़ी गई।
101वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 2016	वस्तु एवं सेवा कर (G.S.T.) विधेयक।

स्थानीय स्वशासन



पंचायती राजव्यवस्था

- भारत में सर्वप्रथम लोकतांत्रिक व्यवस्था के अंतर्गत त्रि-स्तरीय पंचायती राज प्रणाली लागू करने की सिफारिश बलवंत राय मेहता समिति के द्वारा की गई।
- यह त्रि-स्तरीय व्यवस्था- गाँव स्तर पर ग्राम पंचायत, ब्लॉक या मध्यस्तर पर पंचायत समिति और जिला स्तर पर जिला परिषद।
- भारत में सर्वप्रथम पंचायती राज प्रणाली को लागू करने वाला राज्य राजस्थान है, जिसने अपने राज्य के नागौर जिले में 2 अक्टूबर, 1959 को इस व्यवस्था का उद्घाटन किया। इसके बाद इस व्यवस्था को आंध्र प्रदेश राज्य द्वारा अपनाया गया।
- वर्ष 1977 में गठित अशोक मेहता समिति ने त्रि-स्तरीय पंचायती प्रणाली के स्थान पर द्विस्तरीय पंचायती प्रणाली को लागू करने की सिफारिश की।
- जी.वी. के. राव, एल. एम. सिंधवी समिति, थुंगन समिति, गाडगिल समिति आदि समितियों द्वारा समय-समय पर पंचायती राज प्रणाली के लिए सिफारिशें की।
- 73वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 के द्वारा भारतीय संविधान में एक नया भाग-9 शामिल किया गया, जिसका नाम 'पंचायतें' हैं तथा इस अधिनियम द्वारा एक नयी अनुसूची-11वीं भी शामिल की गयी जिनमें पंचायतों को 29 कार्यकारी विषय सौंपे गये हैं।
- इस अधिनियम द्वारा पंचायतों को संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ।

पंचायतों से सम्बंधित कुछ महत्त्वपूर्ण अनुच्छेद

अनुच्छेद	विषयवस्तु
243	परिभाषाएँ
243 (A)	ग्राम सभा
243 (B)	पंचायतों का गठन
243 (C)	पंचायतों की संरचना
243 (D)	स्थानों का आरक्षण
243 (E)	पंचायतों की अवधि आदि
243 (I)	वित्त आयोग का गठन
243 (K)	पंचायतों के लिए निर्वाचन
243 (M)	इस भाग का कतिपय क्षेत्रों को लागू न होना।
243 (O)	निर्वाचन सम्बंधी मामलों में न्यायालयों के हस्तक्षेप का वर्जन।

नगरपालिकाएँ

- 74वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 नगरपालिकाओं से सम्बंधित है।
- इस अधिनियम द्वारा संविधान में एक नया भाग-9 (A) शामिल किया गया, जिसका सम्बंध नगरपालिकाओं से है तथा साथ ही एक नयी अनुसूची 12 संविधान में शामिल की गयी जिसमें नगरपालिकाओं को 18 कार्यकारी विषय सौंपे गये हैं।
- भारत में पहला नगर निगम मद्रास में वर्ष 1687-88 ई. में स्थापित हुआ।
- भाग-9 (A) के अंर्तगत अनुच्छेद-243 (P) से 243 (ZG) तक हैं।

नगरपालिका से सम्बंधित कुछ महत्त्वपूर्ण अनुच्छेद

अनुच्छेद	विषयवस्तु
243 (P)	परिभाषाएँ
243 (Q)	नगरपालिकाओं का गठन
243 (R)	नगरपालिकाओं की संरचना
243 (S)	वार्ड, समितियों, आदि का गठन और संरचना
243 (T)	स्थानों का आरक्षण
x. मालदीव	xi. इण्डोनेशिया	xii. किरबाती, कागों

कर्क रेखा पर स्थित देश हैं

i. बहामास	ii. मैक्सिका	iii मॉरीटानिया
iv. माली	v. पश्चिमी सहारा	vi. अल्जीरिया
vii. नाइजीरिया	viii. लीबिया,	ix. मिस्र
x. सऊदी अरब	xi. ओमान	xii. भारत
xiii. बांग्लादेश	xiv. म्यांमार	xv. चीन
xvi. ताइवान	xvii. हवाई द्वीप (USA)	

मकर रेखा पर स्थित देश हैं

(i) चिली ii. अर्जेंटिना iii. पराग्वे
iv. ब्राजील v. नामीबिया vi. बोत्सवाना
vii. दक्षिण अफ्रीका viii. मोजम्बिक ix. आस्ट्रेलिया
x. **फ्रेंच पालिनेशिया** (न्यू कैलेडोनिशिया, फिजी, टोंगा, कुक द्वीप)

- **180° देशांतर रेखा** को अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा माना गया है।
- पृथ्वी पूर्णतः गोलाकार नहीं है बल्कि यह **चपटा गोलाध** (Oblate Sphezoid) है।
- पृथ्वी एवं सूर्य की न्यूनतम दूरी को **उपसौर** (Perihelion) कहते है।
- पृथ्वी एवं सूर्य के मध्य अधिकतम दूरी की स्थिति को **अपसौर** (Aphelion) कहते है।

सम्पूर्ण पृथ्वी तथा क्रस्ट के महत्वपूर्ण तथ्य

सम्पूर्ण पृथ्वी

तत्त्व	प्रतिशत
लोहा	35.5
ऑक्सीजन	30.0
सिलिकन	15.0
मैग्नीशियम	13.0
निकेल	2.4
गन्धक	1.9
कैल्शियम	1.1
एल्यूमीनियम	11

क्रस्ट

तत्त्व	प्रतिशत
ऑक्सीजन	46.8
सिलिकन	27.7
एल्यूमीनियम	8.1
लोहा	5.0
मैग्नीशियम	2.0
कैल्शियम	3.6
पोटैशियम	2.4
सोडियम	2.8

- आग्नेय चट्टानों को **प्राथमिक शैल** कहा जाता है।
- आग्नेय चट्टानों में **जीवाश्म नहीं** पाये जाते है।
- अधिकतर **जीवाश्म एवं खनिज तेल अवसादी चट्टानों/शैलों** में पाये जाते है।
- **कायान्तरित चट्टानों** में **कठोरता एवं दृढ़ता** सर्वाधिक पायी जाती है।
- **वायुमण्डल का स्तरीकरण-**
  क्षोभमण्डल, > **समतापमण्डल** > **मध्यमण्डल** >**आयनमण्डल** > **बाह्य मण्डल**
- भारत में **मुख्यतः छः प्रकार** की मिट्टी पाई जाती है जो इस प्रकार-
  1. पर्वतीय मिट्टी 2. लाल मिट्टी
  3. जलोढ़ मिट्टी 4. लैटेराइट मिट्टी
  5. काली मिट्टी 6. मरुस्थलीय मिट्टी

विश्व के प्रमुख ज्वालामुखी पर्वत तथा संबंधित देश

ज्वालामुखी	देश
विसुवियस	इटली (नेपल्स की खाड़ी)
स्ट्राम्बोली	भूमध्यसागर (लिपारी द्वीप)
किलिमंजारो	तंजानिया
कोहसुल्तान	ईरान
मौनालोआ	हवाईद्वीप
फ्यूजीयामा	जापान
माउण्ट इरेबस	रास (अंटार्कटिका)
चिम्बाराजो	इक्वेडोर
ओजासडेल सेलेडो	अर्जेण्टीना-चिली
कोटोपैक्सी	इक्वेडोर

समुद्र

- संपूर्ण पृथ्वी के 70.8% (71%) भाग पर महासागरों का विस्तार है।
- उत्तरी गोलार्द्ध में 60.7% भाग पर जल का विस्तार है, जबकि दक्षिणी गोलार्द्ध में 80.9% भाग पर जल का विस्तार है।

विशाल महासागरों एवं सागरों का क्षेत्रफल

महासागर	क्षेत्रफल (वर्ग मी.)	प्रतिशत
प्रशांत	165,246,200	45.77
अटलांटिक	82,441,500	22.83
हिंद	73,442,700	20.34
आर्कटिक	14,090,100	3.91

नोट : महासागरों की **औसत गहराई 3800 मीटर** है, जबकि स्थल खंड की **औसत ऊँचाई 840 मीटर** है।

महासागरीय बेसिन के उच्चावच

1. महाद्वीपीय मग्न तट (Continental Shelf)

- यह महाद्वीप का ही अंग है, जिस पर महासागरीय जल का विस्तार पाया जाता है।
- इसकी औसत गहराई **100 फैदम** (200 मीटर) होती है।
- इसकी औसत ढाल 17 फीट/मील या लगभग 1° होती है।
- जहां तट के किनारे पर्वत पाये जाते हैं, वहां मग्न तट संकरे हैं (जैसे- एण्डीज के तट पर)।
- समुद्र से प्राप्त होने वाले खाद्य संसाधन मुख्यतः महाद्वीपीय मग्न तट से ही प्राप्त होता है। विश्व के कुल खनिज तेल एवं प्राकृतिक गैस उत्पादन का 20% महाद्वीपीय मग्न तट से ही प्राप्त होता है।

2. महाद्वीपीय मग्न ढाल (Continental Slope)

- महाद्वीपीय मग्न तट से आगे सागर की ओर तीव्र ढाल वाला भाग महाद्वीपीय मग्न ढाल कहलाता है। औसत ढाल 2° - 5° गहराई 200-2000 फैदम (3660 मीटर)।
- महाद्वीपीय मग्न ढाल की एक मुख्य विशेषता यह है कि इस पर तीव्र ढाल वाली अंत:सागरीय कंदराएं (Submarine Canyons) पायी जाती हैं।

3. महाद्वीपीय उभार (Continental Rise)/पातालीय मैदान (Abyssal Plain)

- औसत ढाल 0.5-1°। इसका सामान्य उच्चावच काफी कम होता है एवं गहराई बढ़ने के साथ-साथ यह समतल होकर महासागरीय मैदान में मिल जाता है।

4. गहन सागरीय मैदान (Deep Sea Plains)

- इसकी औसत गहराई 3000-6000 मीटर है।
- इसके अंतर्गत संपूर्ण महासागरीय क्षेत्रफल का 75.9% भाग आता है। प्रशांत महासागर में 80.3%, हिन्द महासागर में 80.1% तथा अटलांटिक महासागर में 54.9% भाग पर गहन सागरीय मैदान का विस्तार है।

5. महासागरीय गर्त (Ocean Deeps)

- महासागरीय गर्त महासागरों के सबसे गहरे भाग हैं।
- विश्व का सबसे गहरा गर्त **मेरियाना ट्रेंच (चैलेंजर गर्त)** है, जो उ.प. प्रशांत महासागर में गुआम द्वीपमाला के निकट स्थित है।
- महासागरीय गर्तों की उत्पत्ति की व्याख्या 'प्लेट विवर्तनिकी सिद्धांत' द्वारा की जा सकती है।

विश्व के प्रमुख महासागरीय गर्त

महासागरीय गर्त	भौगोलिक स्थिति	गहराई (फैदम)
1. चैलेंजर/मेरियाना	उत्तरी प्रशांत महासागर	11034 मी.
2. टोंगा गर्त	प्रशांत महासागर	10,879 मी.
3. फिलीपींस गर्त	प्रशांत महासागर में फिलीपींस के पूर्वी तट पर स्थित	10,497 मी.
4. टासकोरा गर्त	जापान के पूर्वी तट पर (प्रशांत महासागर में)	10,554 मी.
5. प्यूर्टोरिको गर्त	अटलांटिक महासागर में कैरेबियन द्वीप के निकट	9,219 मी.
6. सुण्डा गर्त	हिन्द महासागर में सुमात्रा द्वीप के दक्षिण	7725 मी.

6. मध्य महासागरीय कटक (Mid Oceanic Ridge)

- इनकी कुल लंबाई 75,000 किलोमीटर है। ये कटक या तो पठार के समान हैं या पर्वत के समान। इनके शिखर समुद्री जल स्तर से ऊपर उठकर कहीं-कहीं द्वीप बनाते हैं, जैसे- अर्जोस द्वीप

जल मग्न केनियन (Submarine Canyons)

- महासागरीय नितल पर स्थित गहरे गॉर्ज को जलमग्न केनियन कहा जाता है। ये जलमग्न केनियन तीव्र ढालों वाली गहरी घाटियां हैं। ये सामान्यत: तट के लंबवत् पाये जाते हैं।
- महासागरों में अनेक केनियनों के शीर्ष, नदियों के मुहानों पर स्थित हैं। हडसन केनियन एक विश्व प्रसिद्ध जलमग्न केनियन है जो हडसन नदी के मुहाने के अग्रभाग में स्थित है।
- प्रवाल भित्ति का निर्माण प्रवाल जीवों के द्वारा होता है। यह एक चूना प्रधान संरचना होती है।

विभिन्न महासागरों के नितल उच्चावच

A. प्रशांत महासागर

- यह विश्व का सबसे बड़ा महासागर है जो संपूर्ण पृथ्वी के एक तिहाई भाग पर फैला है। इसका क्षेत्रफल सभी स्थलों के संयुक्त क्षेत्रफल से भी अधिक है।
- इस महासागर में **20,000 द्वीप** हैं। कुछ द्वीप धंसे हुए हैं (जैसे- एल्युशियन), तो कुछ द्वीप-चाप के रूप में (जैसे-न्यूजीलैंड, इंडोनेशिया, जापान आदि)। समुद्र में कुछ द्वीप बिंदु के रूप में बिखरे हुए हैं, जैसे- कुक द्वीप, सोसायटी द्वीप, पोलिनेशियाई द्वीप आदि।
- दक्षिण-पश्चिम के द्वीपों को निम्नलिखित तीन समूहों में विभाजित किया जाता है:
  - **(i) मेलानीशिया (Melanesia):** सोलोमन द्वीप, फिजी द्वीप, न्यू हैब्राइडस आदि।
  - **(ii) माइक्रोनेशिया (Micronesia):** कैरोलाइन्स, मार्शल, गिल्बर्ट एलीस एवं अन्य द्वीप।
  - **(iii) पोलीनेशिया (Polynesia):** लाइन, कुक, सोसायटी, टुआभाटो आदि।
- सीमांत सागर (Marginal Seas)- बेरिंग सागर, ओखोटस्क सागर, जापान सागर, पीला सागर, दक्षिण चीन सागर, जावा सागर, सुलु सागर, बांदा सागर आदि प्रशांत महासागर के प्रमुख सीमांत सागर या आंशिक रूप से घिरे हुए सागर हैं।

B. अटलांटिक महासागर

- इसका क्षेत्रफल संपूर्ण पृथ्वी के क्षेत्रफल का 1/6 एवं प्रशांत महासागर के क्षेत्रफल का 1/2 है। प्रमुख तट (Bank) - ग्रैंड बैंक, जॉर्जेज बैंक, सेंटपियरी बैंक, सेविल द्वीप, डागर बैंक आदि।
- महत्त्वपूर्ण द्वीप- फॉकलैंड, दक्षिण शैटलैंड, अर्जोर्स, ट्रिनिडाड, केप वर्डे, बरमूडा, वेस्टइंडीज, सैंडविच, सेंट हेलेना, असेशियन, ट्रिस्टन डी कुन्हा, मडीरा, केनारी आदि।
- सीमांत सागर- हड़सन की खाड़ी, बाल्टिक सागर, उत्तर सागर, बोथनिया की खाड़ी, डेविस स्ट्रेट, कैरीबियन सागर, मैक्सिको की खाड़ी, बिस्के की खाड़ी, भूमध्य सागर आदि।
- प्रमुख गर्त- रोमांश गर्त (Romanche Deep), केमन गर्त, प्यूटोरिको गर्त, दक्षिण सैंडविच गर्त आदि।

C. हिंद महासागर

प्रमुख द्वीप

मध्यम आकार के द्वीप : मैडागास्कर, श्रीलंका, सुमात्रा, जावा।

छोटे आकार के द्वीप : अंडमान निकोबार, जंजीबार, मॉरीशस, कोमोरो।

सूक्ष्म द्वीप : मालदीव, सेशेल्स, अमरैंटीज, प्रोपीडेंस, कोकोज, सेंट पाल, चागोस, डियागो-गार्सीया।

- मध्यवर्ती कटक के ऊपर लक्षद्वीप, मालदीव, चौगोस, न्यू एमस्टर्डम, सेण्ट पाल, करगुलेन आदि द्वीप स्थित हैं।
- प्रमुख बेसिन- ओमान बेसिन, अरेबियन बेसिन, सोमाली बेसिन, मॉरीशस बेसिन, नेटाल बेसिन, अंडमान बेसिन आदि।
- प्रमुख गर्त: सुण्डा गर्त (जावा द्वीप के सहारे), ओब गर्त, मॉरीशस गर्त, अमीरांटे गर्त आदि।

- अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, श्रीलंका, मेडागास्कर एवं जंजीबार जैसे द्वीप महाद्वीपीय खंडों से टूटकर अलग हुए हैं। लक्षद्वीप एवं मालदीव प्रवाल द्वीपों के उदाहरण हैं।

D. आर्कटिक महासागर

- यह सबसे छोटा महासागर है। इसके अधिकांश भाग पर बर्फ की परत जमी रहती है। नोवाया-जैमलिया, स्पिट्स बर्जन, बीयर, कनाडा के द्वीप आदि इस महासागर में स्थित महत्त्वपूर्ण द्वीप हैं।
- सीमांत सागर-ब्यूफोर्ट सागर, पूर्व साइबेरियन सागर, लिप्टेव सागर, कारा सागर आदि।

महासागरीय जल का तापमान

- सामान्यत: महासागरीय जल का **तापमान –5°C से 33°C** तक होता है।
- महासागरीय जल की सतह का **औसत दैनिक तापांतर नगण्य** (लगभग 1°C) होता है।
- उत्तरी गोलार्द्ध में सागरीय जल का उच्चतम वार्षिक तापमान अगस्त में तथा न्यूनतम फरवरी के महीने में अंकित किया जाता है।

महासागरीय तापमान का क्षैतिज वितरण

अक्षांश	तापमान
0° अक्षांश	26°C या 80°F
20° अक्षांश	23°C या 73°F
40° अक्षांश	14°C या 57°F
60° अक्षांश	1°C या 34°F

- 20° उत्तरी एवं दक्षिणी अक्षांशों के बीच तथा 50° दक्षिणी अक्षांश वृत्त से दक्षिण में तापांतर लगभग 5.5°C होता है।
- तापांतर की सर्वाधिक मात्रा उत्तर-पश्चिमी अटलांटिक में **न्यू फाउंडलैंड के समीप (20°C)** तथा उत्तर-पश्चिमी प्रशांत महासागर में **ब्लाडीवोस्टक के समीप (25°C)** होती है।
- सर्वाधिक तापमान घिरे हुए उष्ण कटिबंधिय सागरों में होता है। जैसे- लाल सागर में जल का अधिकतम तापमान 38°C तक अंकित किया गया है, हालांकि ग्रीष्म ऋतु का औसत तापमान 29°C होता है।

महासागरीय तापमान का लंबवत् वितरण

- सामान्यत: महासागरों में गहराई बढ़ने के साथ-साथ तापमान घटता जाता है। यहां अधिकतम तापमान सतह से कुछ गहराई पर होता है, परंतु 400 मीटर से नीचे जाने पर तापमान पुन: गिरने लगता है।
- 100 मीटर की गहराई तक तापमान धीरे-धीरे गिरता है, परंतु इसके पश्चात् ताप के गिरने की गति काफी तीव्र हो जाती है। **1800 मीटर** की गहराई पर तापमान लगभग **15°C से घटकर 2°C** रह जाता है।
- यद्यपि महासागरीय सतह का तापमान **भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर** कम होता जाता है, परंतु **सागर नितल का तापमान भूमध्य रेखा से ध्रुवों** तक एक समान रहता है। इस प्रकार **भूमध्य रेखा पर गहराई** के साथ तापमान में गिरावट तीव्र गति से होती है, जबकि **ध्रुवों की ओर घटने की दर कम** होती जाती है।

लवणता (Salinity)

- सागरीय जल में घुले हुए पदार्थों के भार एवं सागरीय जल के भार के बीच का अनुपात **सागरीय लवणता** कहलाता है। इसे ग्राम, प्रति हजार ग्राम (‰) के रूप में प्रदर्शित किया जाता है।

	लवण	कुल मात्रा (ग्राम में)	% में
1.	सोडियम क्लोराइड	27.21	77.8
2.	मैग्नीशियम क्लोराइड	3.80	10.9
3.	मैग्नीशियम सल्फेट	1.65	4.7
4.	कैल्सियम सल्फेट	1.26	3.6
5.	पोटैशियम सल्फेट	0.86	2.5
6.	कैल्सियम कार्बेनेट	0.12	0.3

- अधिक लवण युक्त सागर देर में जमता है। इसी प्रकार सागरीय जल का क्वथनांक (Boiling Point) सामान्य जल से ऊँचा रहता है।
- सामान्यत: 1000 ग्राम जल में जितना ग्राम घुला हुआ लवण पाया जाता है, उसे उस समुद्री जल की लवणता कहा जाता है।

सागरीय लवणता को नियंत्रित करने वाले कारक

(i) तापमान (ii) वर्षा
(iii) नदियों का जल (iv) वायुदाब एवं पवन
(v) सागरीय जल की गतियाँ

महासागरों में लवणता का वितरण

- उत्तरी-गोलार्द्ध की औसत लवणता 34% ₀ है, जबकि दक्षिणी गोलार्द्ध में औसत लवणता 35% ₀ है। सभी महासागरों की सम्मिलित रूप से औसत लवणता 34.75% ₀ है।
- विषुवत रेखीय क्षेत्र में अधिक तापमान के बावजूद तुलनात्मक रूप से कम लवणता (34%-35% ₀) पायी जाती है।
- पृथ्वी पर सर्वाधिक लवणता सागरों एवं झीलों में पायी जाती है, जैसे-

I. लेक असल (जिबूती)- 335‰
II. वॉन झील (तुर्की)- 330‰
III. मृत सागर- 240‰
IV. ग्रेट साल्ट लेक (U.S.A.)- 220‰

ज्वार-भाटा (Tides)

सूर्य एवं चंद्रमा की आकर्षण शक्ति के कारण सागरीय जल के नियमित रूप से ऊपर उठने एवं नीचे गिरने की क्रिया को ज्वार-भाटा कहा जाता है।

- चंद्रमा सूर्य से आकार में छोटा होने के बावजूद अपेक्षाकृत अधिक नजदीक होने के कारण सूर्य की तुलना में अधिक आकर्षण बल पृथ्वी पर डालता है।
- ज्वार के समय पृथ्वी के अन्य भागों का जल खिंचकर चले आने से दोनों ज्वार वाले स्थानों के बीच के भागों में समुद्र तल सामान्य तल से नीचे चला जाता है, जिससे वहां भाटा उत्पन्न होता है।
- प्रत्येक स्थान पर दो बार ज्वार एवं **दो बार भाटा** पृथ्वी की घूर्णनगति (rotation) के कारण आता है।
- जब सूर्य एवं चंद्रमा एक सीध में होते हैं तो दोनों की आकर्षण शक्ति सम्मिलित रूप से कार्य करती है जिसके कारण ज्वार की ऊँचाई अधिक होती है। इसे **वृहत् ज्वार (Spring tide)** कहा जाता है। यह ज्वार साधारण ज्वार की अपेक्षा 20% अधिक ऊँचा होता है। इस समय भाटा

की ऊँचाई सबसे कम होती है। यह स्थिति प्रत्येक **अमावस्या एवं पूर्णिमा** को होती है।

- प्रत्येक महीने के शुल्क पक्ष एवं कृष्ण पक्ष की सप्तमी एवं अष्टमी को सूर्य एवं चंद्रमा समकोणिक स्थिति में होते हैं। फलस्वरूप **सूर्य एवं चंद्रमा** के ज्वारोत्पादक बल एक-दूसरे के विपरीत कार्य करते हैं, जिसके कारण सामान्य ज्वार से नीचा ज्वार आता है। इसे **लघु ज्वार** (Neep tide) कहा जाता है। यह सामान्य भाटा से कम होती है इसके फलस्वरूप ज्वार एवं भाटे की ऊँचाई का अंतर काफी कम रहता है।
- प्रत्येक स्थान पर सामान्य तौर पर दिन में दो बार ज्वार आता है, एक बार चंद्रमा की आकर्षण शक्ति के कारण एवं दूसरी बार **अपकेन्द्रीय शक्ति** के कारण। चूँकि पृथ्वी 24 घंटे में एक चक्कर पूरा कर लेती है, अतः प्रत्येक स्थान पर 12 घंटे बाद ज्वार आना चाहिए, परंतु प्रतिदिन ज्वार लगभग 26 मिनट देर से आता है। इसका कारण चंद्रमा को अपनी धुरी पर घूमते हुए पृथ्वी की परिक्रमा करना है। ज्वार के 6 घंटे एवं 13 मिनट बाद भाटा आता है।

महासागरीय धाराएँ

सागरों में जल के क्षैतिज रूप से एक निश्चित दिशा में प्रवाह को महासागरीय धारा कहा जाता है। इनका वेग 2 से 10 किलोमीटर प्रति घंटा तक होता है। ये जलधाराएं दो प्रकार की होती हैं:- गर्म जलधाराएँ एवं ठंडी जलधाराएँ

जलधाराएँ

1. A. उत्तर अटलांटिक जलधाराएं

गर्म जलधाराएँ	ठंडी जलधाराएँ
(i) उत्तरी विषुवतीय जलधारा	(i) ग्रीनलैंड धारा
(ii) फ्लोरिडा जलधारा	(ii) लेब्राडोर धारा
(iii) गल्फ स्ट्रीम	(iii) कनारी धारा
(iv) उत्तरी अटलांटिक प्रवाह	
(v) नार्वे जल धारा	

B. दक्षिण अटलांटिक जलधाराएं

गर्म जलधाराएँ	ठंडी जलधाराएँ
(i) द. विषुवतीय जलधारा	(i) फॉकलैंड जलधारा
(ii) ब्राजील धारा	(ii) बेनेगुएला धारा
	(iii) पछुवा पवन प्रवाह

2. प्रशांत महासागर की जलधाराएं

A. उत्तरी प्रशांत महासागर की जलधाराएं:

गर्म जलधाराएँ	ठंडी जलधाराएँ
(i) उत्तरी विषुवतीय जलधारा	(i) कमचटका या ओयशियों धारा या क्यूराइल धारा
(ii) क्यूरोशियो जलधारा	(ii) कैलीफोर्निया जलधारा
(iii) उत्तरी प्रशांत प्रवाह	(iii) ओखाटस्क जल धारा
(iv) अलास्का जल धारा	

B.दक्षिणी प्रशांत महासागर की जलधाराएँ

गर्म जलधाराएँ	ठंडी जलधाराएँ
(i) द. विषुवतीय धारा	(i) पेरू धारा (हम्बोल्ट धारा)
(ii) पूर्वी-ऑस्ट्रेलियाई धारा	(ii) पछुवा पवन प्रवाह
(iii) अल-नीनो धारा	(iii) ला-नीनो धारा

3. हिंद महासागर की जलधाराएँ

A. उत्तरी हिंद महासागर


(i) उत्तर विषुवतीय धारा

(ii) दक्षिण पश्चिम मानसूनी जलधारा (केवल ग्रीष्म ऋतु में)

(iii) उ.प. मानसूनी जलधारा (केवल शीत ऋतु में)

B. दक्षिणी हिंद महासागर

गर्म जलधाराएँ	ठंडी जलधाराएँ
(i) दक्षिणी विषुवतीय जलधारा	(i) पश्चिमी पवन प्रवाह
(ii) मोजाम्बिक धारा	(ii) प. ऑस्ट्रेलिया जलधारा
(iii) अगुलहास	



जलवायु

वायुमण्डल का संघटन, संरचना एवं संबंधित विशेषताएं-

- वायुमण्डल- पृथ्वी के चारो ओर कई हजार किमी. की ऊँचाई तक फैले 'गैसीय आवरण' को वायुमण्डल कहते हैं।

वायुमण्डल में स्थित गैसों का विविरण		
क्रम	**गैस**	**प्रतिशत**
1.	नाइट्रोजन	78.08%
2.	ऑक्सीजन	20.95%
3.	आर्गन	0.93%
4.	कार्बन डाइआक्साइड	0.04%
5.	नियॉन	0.0018%
6.	हीलियम	0.0005%
7.	मीथेन	0.00018%
8.	क्रिप्टान	0.00011%
9.	ओजोन	0.0006%
10.	हाइड्रोजन	0.00005%

- वायुमण्डल के निचले स्तर में भारी गैसे होती हैं जैसें- Co_2–20km तक, N2&O2 – 100km तक, H_2 – 125km तक जबकि ऊपरी भाग में हल्की गैस (He, Ne, Kr) मुख्यत: पाई जाती है।
- CO_2 ग्रीन हाउस गैस हैं।
- O_3 पराबैगनी किरणों का अवशोषण कर जीवों की रक्षा करती है।

जलवाष्प

- मात्रा (0.01%- 5%)
- वाष्प की मात्रा तापमान पर आधारित
- सभी प्रकार के वर्षण रूप (बादल, तुषार, वर्षा, हिम, ओस, ओला) का निर्माण वाष्प से होता हैं।

धूलकण (सूक्ष्म ठोस कण)

- धुआं, नमक, धूल आदि।
- सूर्य के प्रकाश का प्रकीर्णन (Scattering) अनेक वायुमण्डलीय घटनाएं, जैसे- 1. आकाश का नीला रंग, 2. सूर्योदय एवं सूर्यास्त के समय पीला (स्वर्ण) रंग।

1. क्षोभ मण्डल (Troposphere)

- वायुमण्डल की सबसे निचली एवं सघन परत
- औसत ऊंचाई = 12 किमी.
- विषुवत रेखा से ध्रुवों की ओर जाने पर ऊँचाई में कमी (0º पर = 18 किमी. ध्रुव पर- 6 किमी.) होती है।
- ऊँचाई बढ़ने पर सामान्य ह्रास दर (Normal Lapse rate) से [1ºC/165 मीटर और 6.5ºC/किमी] तापमान में कमी होती हैं।
- समस्त मौसमी घटनाएं (वर्षा, कुहरा, विद्युत गर्जन आदि) इसी मण्डल में सम्पन होती हैं।

2. समताप मण्डल (Stratosphere)

- सतह से औसत ऊँचाई 50 किमी. तक
- इसके निचले भाग में तापमान स्थिर, जबकि ऊपरी भाग में क्रमश: बढ़ता हैं।
  कारण = ओजोन परत की उपस्थिति के फलस्वरूप पराबैगनी किरणों का अवशोषण जिससे तापमान में वृद्धि होती है।
  O_3 परत - 15-55 किमी. के मध्य विस्तार तथा 20- 25 किमी. के मध्य सर्वाधिक घनत्व।
- इस मण्डल में बादलों का अभाव होता हैं तथा मौसम परिवर्तन शून्य होता है। अत: जेट विमानों के उड़ान हेतु उपयुक्त है।
- **स्ट्रेटोपास (Stratopose)** - समताप मण्डल के मध्य स्थित संक्रमण क्षेत्र इसके बाद पुन: तापमान में कमी होने लगती हैं।

3. मध्य मण्डल (Mesosphere)

- औसत ऊँचाई सतह से 80 किमी. तक (अर्थात 50-80 किमी के मध्य विस्तृत मण्डल)
- इस मण्डल में तापमान में गिरावट होती हैं इसकी ऊपरी सीमा पर तापमान गिरकर (–100ºC) हो जाता हैं।


  मेसोपास (Mesopause) - संक्रमण क्षेत्र, इसके बाद पुन: तापमान में वृद्धि शुरू।

4. आयन मण्डल/ताप मण्डल (Ionosphere or Thermosphere)

- विस्तार 80-640 किमी के मध्य
- इस मण्डल में तापमान पुन: तेजी से बढ़ता हैं जो इस मण्डल की ऊपरी सीमा पर बढ़कर 1000ºC हो जाता हैं।
- इस मण्डल में विद्युतीय एवं चुंबकीय घटनाएं घटित होती हैं।
- रेडियो तरंगों का परावर्तन इसी मण्डल से होता हैं।

5. बाह्यमण्डल (Exosphere)

- सबसे बाह्य परत, जो धीरे-धीरे बाह्य अंतरिक्ष में विलीन हो जाती हैं।
- इसकी बाह्य सीमा पर तापमान लगभग 5568ºC हो जाता हैं, लेकिन काफी विरल होने के कारण अनुभव नही किया जा सकता।



वायुदाब एवं पवन संचार

- **वायुदाब उच्चावच (Barometric Tide) :** वायुदाब के घटने बढ़ने की क्रिया ही वायुदाब उच्चावच हैं।
- **समदाब रेखायें :** समान वायुदाब को मिलाने वाली रेखा।
- **वायुदाब की पेटियां-**
    1. विषुवतरेखीय निम्न वायुदाब पेटी
    2. उपोष्ण उच्च वायुदाब
    3. उपध्रुवीय निम्न वायुदाब
    4. धुव्रीय उच्च वायु दाब पेटी
- **पवन के प्रकार**
    a. प्रचलित/ग्रहीय/सनातनी पवन
    b. सामयिक पवन
    c. स्थानीय पवन
- वर्ष भर एक दिशा में चलती हैं।
- विस्तार में ऋतु परिवर्तन होता हैं।

डोलड्रम की विषुवत रेखीय पछुवा पवन

- विषुवत रेखा के दोनों ओर 0º-5º अक्षांशों के मध्य
- उत्तर पूर्व एवं दक्षिण पूर्व हवाओं के अभिसरण से निर्मित क्षेत्र के मध्य विषुवतीय पछुवा पवन का प्रवाह
- डोलड्रम में वायु का ऊपरमुख प्रवाह (अंतर उष्ण अभिसरण क्षेत्र में) संवहन धाराएं। संघनन- दोपहर बाद विद्युत की गरज एवं चमक के बाद वर्षा।

वाणिज्यिक/व्यापारिक पवन (Trade Wind) :-

- उपोष्ण उच्चदाब से विषुवतीय निम्नदाब की ओर प्रवाहित पवन
- दिशा- उत्तर गोलार्द्ध- NE - SW, दक्षिण गोलार्द्ध - SE - NW
- ग्रीष्म ऋतु - एशिया एवं दक्षिण दक्षिण अमेरिका

पछुवा पवन (Westerlies):

- उपोष्ण उच्चदाब से उपध्रुवीय निम्नदाब की ओर प्रवाहित होने वाली पवन
- दिशा - उत्तरी गोलार्द्ध - SW to NE

  - उत्तरी गोलार्द्ध की अपेक्षा दक्षिण गोलार्द्ध में यह पवन अधिक प्रचण्ड एवं व्यवस्थित रूप से प्रवाहित होती है।

  40º – 50º दक्षिणी अक्षांश – गरजती चालीसा (Roaring forties)

  50º दक्षिणी अक्षांश पर – प्रचंड पचासा (furious fifties)

  60º दक्षिणी अक्षांश – चीखती साठा (Shirieking Sixties)
- प्रभाव - वाताग्र निर्माण, शीत ऋतु में महाद्वीपों के पश्चिम भाग में वर्षा

ध्रुवीय हवाएं Polar Winds

- ध्रुवीय उच्चदाब से उपध्रुवीय निम्नदाब की ओर प्रवाह
- ग्रीष्म ऋतु में क्षेत्र विस्तार कम जबकि शीत ऋतु में लगभग 60º अक्षांश तक
- प्राय: शुष्क एवं ठण्डी वायु वाताग्र का निर्माण करती है।

नोट: अश्व अक्षांश- 30º – 35º के मध्य दोनों गोलार्द्ध में उच्चदाब पेटियों में विभाजित करता है।

सामयिक पवन (Temporary Winds)

1. मानसूनी पवन
2. स्थल एवं समुद्री समीर
3. पर्वत समीर एवं घाटी समीर

स्थानीय पवन (Local Wind)

1. स्थानीय गर्म हवायें
2. स्थानीय ठण्डी हवायें

जलवायु विज्ञान

आर्द्रता एवं वर्षण

1. वायुमंडल में मौजूद अदृश्य जलवाष्प की मात्रा को ही आर्द्रता कहा जाता है।
2. वायुमंडल में 16 कि.मी. से अधिक ऊँचाई पर आर्द्रता नहीं पायी जाती है।
3. किसी भी वायु में जलवाष्प धारण करने की क्षमता उस वायु के तापमान पर निर्भर करती है। तापमान बढ़ने से आर्द्रता धारण करने की क्षमता भी बढ़ जाती है। इसी प्रकार यदि वायुं का तापमान कम हो जाये, तो उसकी आर्द्रता धारण करने की क्षमता भी कम हो जाती है।

जल के गैसीय अवस्था से तरल या ठोस अवस्था में परिवर्तित होने की प्रक्रिया को संघनन कहा जाता है। यदि हवा का तापमान ओसांक बिंदु से नीचे पहुँच जाये तो संघनन की क्रिया प्रारंभ होती है। संघनन की प्रक्रिया पर वायु के आयतन, तापमान, वायुदाब एवं आर्द्रता का प्रभाव पड़ता है।

(a) यदि संघनन हिमांक (Freezing Point) से नीचे होता है, तो तुषार (Frost), हिम (Snow) एवं पक्षाभ मेघ (Cirrus Cloud) का निर्माण होता है।

(b) यदि संघनन हिमांक से ऊपर होता है तो ओस, कुहरा, कुहासा एवं बादलों का निर्माण होता है।

(c) यदि संघनन पृथ्वी के धरातल के समीप होता है तो ओस (Dew), पाला (Frost), कुहरा एवं कुहासे का निर्माण होता है।

संघनन के रूप

(i) ओस (Dew): हवा का जल वाष्प जब संघनित होकर छोटी-छोटी बूदों के रूप में धरातल पर पड़ी वस्तुओं (घास पत्तियों आदि) पर जमा हो जाता है, तो इसे ओस कहा जाता है।

(ii) तुषार या पाला (Frost): जब संघनन की क्रिया हिमांक से नीचे होती है। (0ºC या उससे कम पर) तो जलवाष्प जल कणों के बदले हिम कणों में परिवर्तित हो जाता है।

नोट: ओस या पाला ऊपर से नहीं गिरता है, बल्कि यह वहीं बनता है जहां हम इसे देखते हैं।

(iii) कुहरा (Fog): कुहरा एक प्रकार का बादल है। जब जलवाष्प का संघनन धरातल के बिल्कुल समीप होता है तो कुहरे का निर्माण होता है।

(iv) कुहासा (Mist): कुहासा भी एक प्रकार का कुहरा है, जिसमें कुहरे की अपेक्षा दृश्यता (Visibility) दूर तक रहती है। इसमें दृश्यता एक किलोमीटर से अधिक, परंतु दो किलोमीटर से कम होती है।

(v) धुआंसा (Smog): बड़े-बड़े शहरों में फैक्टरियों के निकट जब कुहरे में धुएं के कण मिल जाते हैं तो उसे धुआंसा (Smoke + Fog = Smog) कहा जाता है।

स्थानीय हवाएं/पवनें

1. गर्म हवाएं/पवनें

स्थानीय पवनें	सम्बन्धित तथ्य
फॉन (Fohn)	• आल्पस पर्वत के दक्षिण ढाल के सहारे ऊपरी उठती एवं उत्तरी एवं उ॰ ढाल पर उतरती दक्षिण ढाल, उत्तरी ढाल पर वर्षा, तापमान अधिक होने से बर्फ पिघलती है।
चिनूक (Chinook)	• अमेरिका एवं कनाडा • रॉकी श्रेणी के पश्चिम ढाल से चढ़कर पूर्वी ढाल पर उतरती हैं। • उपनाम – Snow eater (हिम भक्षी)
लू (Loo)	• ग्रीष्मकालीन गर्म एवं शुष्क हवाएँ (भारत में)
हरमट्टन (Harmattan)	• पश्चिम अफ्रीका में
बर्ग (Berg)	• दक्षिण अफ्रीका के आन्तरिक पठारी भाग
सिमूम (Simoom)	• अरब मरूस्थल (इजराइल, जार्डन, सीरिया, स. अरब)
शामल (Shamal)	• ईराक और फारस की खाड़ी
गोरिच/सामून (Samoon)	• ईरान और ईराक
काराबुरान (Karaburan)	• तारिम बेसिन (चीन)
सिरॉको (Sirocco)	• 1. सहारा मरुस्थल से इटली की ओर 2. इटली में वर्षा - रक्त वर्षा (Blood Rain) - लाल बालू के कण युक्त।
ब्लैक रोलर	• संयुक्त राज्य अमेरिका के मैदानी क्षेत्रों में
ब्रिक फिल्डर	• ऑस्ट्रेलिया के मरुस्थलीय भाग में
सान्ता आना	• कैलिफोर्निया (USA) में आम बागान को हानि (फल)
योमा	• जापान
जोन्डा	• अर्जेण्टिना और ऊरूग्वे में एंडीज के मैदानी भाग में
कोयम बैग	• इण्डोनेशिया तम्बाकू के खेती को हानि
नार्वेस्टर	• न्यूजीलैण्ड
आयाल	• फ्रांस के सेंट्रल मैसिफ में।
पापागायो	• मैक्सिको के तट पर
सुखोवे	• रूस एवं कजाकिस्तान
बाग्यो	• फिलीपींस

2. ठण्डी हवाएं/पवनें

स्थानीय पवनें	सम्बन्धित तथ्य
मिस्ट्रल	• फ्रांस में आल्पस से भूमध्यसागर की ओर तापमान, फसलों को हानि
बोरा	• युगोस्लाविया में मध्य यूरोप के पर्वतीय भाग से एड्रियाटिक तट की ओर
ब्लिजार्ड	• साइबेरिया एवं उत्तरी अमेरिका के उत्तरी भाग में
बुरान (Buran)	• रूस तथा मध्य एशिया में।
पूर्गा	• हिमकण युक्त बुरान को पूर्गा कहते हैं।
नार्दर/नार्टे	• USA में खाड़ी तट आने वाले ठण्डी पवन
पैम्परों	• पम्पास क्षेत्र (उरुग्वे और अर्जेण्टिना)
बाइज	• दक्षिण फ्रांस में
ट्रामोण्टाना	• कोर्सिका (भूमध्यसागर में)
जूटन	• स्वीटजरलैण्ड।
लेवांटर	• दक्षिणी स्पेन में

❍ **बादल (Clouds):** रूद्धोष्म प्रक्रिया (Adiabatic Process) द्वारा वायु के ठंडा होने एवं उसके तापमान के ओसांक से नीचे गिरने के कारण बादलों का निर्माण होता है।

(A) उच्च मेघ (High Clouds): इनकी ऊँचाई 7000 मीटर से 13000 मीटर के बीच होती है:

(i) पक्षाभ मेघ (Cirrus Clouds): यह मेघ वायुमंडल में सर्वाधिक ऊँचाई पर पाया जाता है।

- ❍ इनका निर्माण हिम कणों द्वारा होता है।
- ❍ ये चक्रवात के आगमन के सूचक होते हैं।

(ii) पक्षाभ स्तरी मेघ (Cirro-Stratus Clouds)

- ❍ ये मेघ पृथक्-पृथक् न होकर महीन एवं सफेद चादर के समान संपूर्ण आकाश में छा जाते हैं।
- ❍ इन मेघों से दिन में सूर्य एवं रात्रि में चंद्रमा के चारों ओर प्रभा मंडल (Halo) का निर्माण होता है।
- ❍ ये मेघ भी चक्रवात के आगमन के सूचक होते हैं।

(iii) पक्षाभ कपासी मेघ (Cirro-Cumulus Clouds)

- ❍ ये मेघ लहर चिह्न (Ripples) के रूप में होते हैं।
- ❍ इनमें कपास के ढेर जैसे बादल भी रहा करते हैं।

(B) मध्यम ऊँचाई के बादल (Medium Clouds)

❍ ये मेघ धरातल से 2000 मीटर से 7000 मीटर के बीच पाये जाते हैं।

(i) मध्य स्तरी मेघ (Alto-Cummulus Clouds)

- ❍ इन मेघों की परतें मोटी होती हैं एवं इनका रंग भूरा या नीलाभ होता है।

(ii) मध्य कपासी मेघ (Alto Cumulo Clouds)

- ❍ ये मेघ भूरे अथवा श्वेत रंग के होते हैं।
- ❍ आकाश में ये बड़ा ही मनोहर दृश्य उपस्थित करते हैं।

(c) निचले मेघ (Low Clouds): इनकी ऊँचाई धरातल से 2000 मीटर से भी कम होती है।

(i) स्तरी कपासी मेघ (Strato Cummuls Clouds)

- ये बड़े-बड़े गोलाकार चकतों के रूप में पाये जाते हैं।

(ii) स्तरी मेघ (Stratus Clouds)

- मेघ धरातल से कुछ ऊँचाई पर होते हैं एवं कोहरे की भांति आकाश को ढक लेते हैं।

(iii) वर्षा स्तरी मेघ (Nimbo-Stratus Clouds): इसका रंग गहरा भूरा होता है।

- इनकी सघनता के कारण धरातल पर अंधकार छा जाता है।
- इनसे सर्वाधिक वर्षा होती है।

(D) उर्ध्वाधर विकास वाले मेघ: इन मेघों की ऊँचाई आधार से शीर्ष तक 18 किलोमीटर या अधिक होती है।


(i) कपासी मेघ (Cumuls Clouds)

- इन मेघों के शीर्ष की तुलना गोभी के फूल से की जाती है।
- इनसे कभी-कभी वर्षा होती है।

(ii) कपासी वर्षी मेघ (Cumuls Nimbus Clouds)

- मूसलाधार वर्षा, ओला एवं तड़ित झंझा लाना इन मेघों की प्रमुख विशेषता है।

वर्षण के रूप



वर्षण जल के रूप में या ठोस हिम के रूप में या दोनों के मिश्रण के रूप में हो सकती है।

- जब तापमान हिमांक से नीचे होता है, तो वर्षण हिम कणों के रूप में होती है, जिसे हिमवृष्टि या हिमपात (Snow Fall) कहा जाता है।
- जब बर्फ की कड़ी एवं बड़ी गोलियों की बौछार होने लगती है तो इसे ओला (Hail) पड़ना कहा जाता है। ओला में बर्फ की कई संकेंद्रीय परतें पायी जाती है।

वर्षा के प्रकार

(i) संवहनीय वर्षा (Convectional Rainfall):

(ii) पर्वतीय वर्षा (Orographic Rainfall):

(iii) चक्रवाती या वाताग्री वर्षा (Cyclonic or Frontal Precipitations):

तड़ित झंझा

(Thunder storm)

"तड़ितझंझा एक तीव्र स्थानीय झंझावात होता है, जिसमें विस्तृत तथा घने कपासी वर्षी मेघ होते हैं तथा नीचे से ऊपर की ओर प्रबल हवा चलती है।"

बिजली का तेजी से चमकना तथा बादलों की गरज इसकी प्रमुख विशेषताएँ हैं। परंतु कभी-कभी ओले भी पड़ते हैं। वर्षा इतनी तेजी से होती है कि लगता है कि मेघ ही फूट पड़े हैं। इसी से इस वर्षा को **वर्षा प्रस्फोट** (Cloud burst) कहते हैं। परंतु वर्षा थोड़े समय तक टिकती है।

परीक्षोपयोगी तथ्य

- पृथ्वी के ऊपरी भाग को भू-पर्पटी कहा जाता है।
- पृथ्वी की भू-पर्पटी पर सर्वाधिक मात्रा में पाया जाने वाला तत्व ऑक्सीजन, सिलिकन तथा एल्युमीनियम है।
- पृथ्वी की आंतरिक संरचना सिलिकान, एल्युमीनियम, मैग्नेशियम, निकिल तथा फेरस से बनी है।
- पृथ्वी पर अधिकतम ऊँचाई माउण्ट एवरेस्ट (8848m) की है।
- पृथ्वी पर अधिकतम गहराई मेरियाना गर्त (11,034m) की है जो कि प्रशांत महासागर में है।
- ग्रेनाइट, बैसाल्ट, पेग्माटाइट, डायोलाइट, ग्रेबो आग्नेय चट्टान के उदाहरण है।
- आग्नेय चट्टान का निर्माण मैग्मा के जमने से होता है।
- बैसाल्ट में सर्वाधिक मात्रा में लोहा होता है।
- बलुआ पत्थर, चूना पत्थर, स्लेट, कांग्लोमेरेट, कोयला अवसादी चट्टान के उदाहरण है।
- कायान्तरित चट्टान का निर्माण आग्नेय व अवसदी चट्टानों से होता है।
- पृथ्वी पर सबसे अधिक तापमान (लीबिया के अजीजियाह) नामक स्थान पर पाया जाता था वर्तमान समय में डेथ वैली (U.S.A) में पाया जाता है।
- पृथ्वी पर सबसे कम तापमान **बर्खोयान्सक** (पूर्वी साइबेरिया) स्थान पर पाया जाता है।
- पृथ्वी का 'शीत ध्रुव' पूर्वी साइबेरिया के बर्खोयान्सक को कहा जाता है।
- ज्वालामुखी के मुख को **'क्रेटर'** कहा जाता है।
- क्रेटर का आकार बड़ा हो जाने पर उसे **'काल्डेरा'** कहा जाता है।
- ज्वालामुखी के मुख से निकलने वाला द्रवित पदार्थ **मैग्मा** कहलाता है।
- इटली का **एटना** तथा **स्ट्राम्बोली** सक्रिय ज्वालामुखी के उदाहरण हैं।
- **'भूमध्यसागर का प्रकाश स्तम्भ'** स्ट्राम्बोली को कहा जाता है।
- जापान का फ्यूजीयामा तथा इटली का विसुवियस **सुषुप्त ज्वालामुखी** है।
- भारत का एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी **'बैरन'** है जो कि **अण्डमान निकोबार** में स्थित है।
- सक्रिय ज्वालामुखी अधिकांशत: प्रशांत महासागर के तटीय भाग में पाये जाते हैं।
- प्रशांत महासागर के परिमेखला को अग्नि वलय कहा जाता है।
- भूकम्पीय तरंगें सबसे पहले अधिकेंद्र पर पहुँचती हैं।
- भूकम्प को मापने वाला यंत्र **सिस्मोग्राफ** कहलाता है।
- भूकम्प को तीव्रता **रिक्टर स्केल** पर मापी जाती है।
- भूकम्प का अध्ययन **सिस्मोलॉजी** कहलाता है।
- सर्वाधिक लवणता वान झील (तुर्की) में पायी जाती थी वर्तमान समय में लेक असल जिबूती में पाई जाती है।

- पृथ्वी पर जलमण्डल का स्वच्छ जल क्षेत्र 2.7 भाग है।
- समुद्री लवणता में सर्वाधिक मात्रा में **सोडियम क्लोराइड** पाया जाता है।
- लवणता के संघटकों में सबसे ज्यादा मिलने वाला तत्व **क्लोरीन** है।
- पृथ्वी के चारों ओर का गैसीय आवरण **वायुमंडल** कहलाता है।
- पृथ्वी पर पहुँचने वाली सौर विकिरण की मात्रा 51% है।
- वायुमण्डल की पाँच परतें क्रमशः क्षोभमंडल, समताप मंडल, मध्यमंडल, आयनमंडल तथा बर्हिमंडल।
- मौसम परिवर्तन से संबंधित सभी घटनाएँ **क्षोभमंडल** में घटित होती हैं।
- सूर्य से आने वाली पराबैंगनी किरणों से ओजोन परत रक्षा करती है।
- पृथ्वी पर **'रक्षा कवच'** ओजोन परत को कहा जाता है।
- ओजोन परत को क्लोरो-फ्लोरो कार्बन (CFC) गैस नष्ट करती है।
- जेट विमान तथा हवाई जहाज **समतापमंडल** में उड़ते हैं।
- रेडियो तथा संचार उपग्रह **आयनमंडल** में स्थित होते हैं।
- अंतरिक्ष यात्री तथा उपग्रह पृथ्वी की परिक्रमा **बहिर्मण्डल** में करते हैं।
- बहिर्मण्डल की प्रधान गैंसे **हीलियम** और **हाइड्रोजन** है।
- वायु में जल की उपस्थिति आर्द्रता कहलाती है।
- वायुमण्डल की आर्द्रता की माप **हाइग्रोमीटर** से की जाती है।
- ग्रीन हाउस गैसें कार्बन-डाई-ऑक्साइड तथा क्लोरो-फ्लोरो कार्बन है।
- सागर तल पर समान वायुदाब वाले क्षेत्रों को मिलाने वाली काल्पनिक रेखा **समदाब रेखा** कहलाती है।
- वायुमण्डलीय दाब को मापने वाला यंत्र **बैरोमीटर** कहलाता है।
- विश्व की कुल जनसंख्या लगभग 7.17 अरब है।
- विश्व में जनसंख्या की दृष्टि से सबसे बडा देश **चीन** है।
- विश्व में का सबसे छोटा देश **वेटिकन सिटी** है।
- सबसे बड़ा महाद्वीप **एशिया** है।
- सर्वाधिक जन्म दर वाला महाद्वीप **अफ्रीका** है।
- सर्वाधिक मृत्यु वाला महाद्वीप **अफ्रीका** है।
- सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाले देश **मकाऊ** है।
- विश्व में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा **चीनी (मंदारिन)** है।
- सर्वाधिक अमीर देश **कतर** है।
- पामीर के पठार को **'विश्व की छत'** कहा जाता है।
- एशिया में सर्वाधिक घने रूप से बसा द्वीप **जावा** है।
- संसार का सबसे बड़ा सागर **दक्षिण-चीन सागर** है।
- एशिया में क्षेत्रफल की दृष्टि से बड़ा देश **चीन** है।
- एशिया में क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे छोटा देश **मालदीव** है।
- **थाईलैंड** सर्वाधिक प्राकृतिक रबड़ उत्पादित करने वाला देश है।
- चीन सर्वाधिक अभ्रक उत्पादित करने वाला देश है।
- **भारत** सर्वाधिक चाय उत्पादित करने वाला देश है।
- मलेशिया सर्वाधिक टिन उत्पादित करने वाला देश है।
- अफ्रीका को अंध महाद्वीप भी कहा जाता है।
- **बुशमैन** (कालाहारी तथा पिग्मी (कांगो बेसिन) अफ्रीका महाद्वीप की **प्रमुख जनजातियाँ** हैं।
- विश्व का प्रमुख **'स्वर्ण उत्पादक नगर'** जोहान्सबर्ग है।
- विश्व की सबसे बड़ी हीरे की खान किम्बरले (द. अफ्रीका) है।
- आइवरी कोस्ट सर्वाधिक कोको उत्पादन करने वाला देश है।
- हरीकेन एवं टारनेडो USA के द. पूर्व तट पर चलने वाले चक्रवात है।
- उत्तरी अमेरिका के शीतोष्ण घास के मैदान को प्रेयरी कहा जाता है।
- मॉण्ट्रियल (कनाडा) सर्वाधिक कागज उत्पादित करने वाला राज्य है।
- सर्वाधिक मक्का तथा सोयाबीन अमेरिका में उत्पादित किया जाता है।
- अमेजन नदी विश्व में अप्रवाह क्षेत्र की दृष्टि से बहने वाली सबसे बड़ी नदी है।
- ब्राजील में कहवा के बागों को **फैजेण्डा** कहा जाता है।
- ब्राजील के उष्ण आर्द्र वनों को **सेल्वास** कहा जाता है।
- **आटाकामा मरुस्थल** चिली में उपस्थित है।
- द. अमेरिका के वृक्षरहित घास के मैदान को **पम्पास** कहा जाता है।
- लंदन **टेम्स नदी** के किनारे बसा है।
- फ्रांस की राजधानी पेरिस **सीन नदी** पर बसी है।
- पेरिस को **'फैशन की नगरी'** कहा जाता है।
- इटली सर्वाधिक अंगूर उत्पादक देश है।
- न्यूजीलैंड के मूल निवासी को **'माओरी'** कहा जाता है।
- विश्व विख्यात सोने की खान **कालगुर्ली** तथा **कुलगार्डी** ऑस्ट्रेलिया में है।
- दक्षिण का ब्रिटेन न्यूजीलैंड को कहा जाता है।
- फिनलैंड को **'झीलों का देश'** कहा जाता है।
- इटली को **'यूरोप का भारत'** कहा जाता है।
- विश्व में सर्वाधिक **कॉफी** तथा **कोको** ब्राजील में उत्पादित होता है।
- घाना को **'गोल्ड कोस्ट'** के नाम से जाना जाता है।
- **'आस्वान बांध'** नील नदी पर बना है।
- अफ्रीका से कर्क, मकर तथा भूमध्य रेखा भी गुजरती हैं।
- कील नहर जर्मनी में स्थित है।
- द लैंड ऑफ गोल्डेन पैलेस, लैंड ऑफ कंगारू एवं प्यासी भूमि का देश **ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप** को कहा जाता है।
- एण्डीज पर्वतमाला की सर्वोच्च चोटी **एकांकागुआ** है।
- जापान **'निप्पन'** के नाम से जाना जाता था।
- वोल्गा नदी कैस्पियन सागर में गिरती है।
- **'अंकोरवाट'** (मंदिर परिसर) कम्बोडिया में स्थित है।
- नियाग्रा जल प्रपात अमेरिका तथा कनाडा को अलग करता है।
- हवाई द्वीप को 'प्रशांत महासागर का चौराहा' उपनाम से जाना जाता है।
- उत्तर अटलांटिक जलमार्ग विश्व का सर्वाधिक व्यस्त एवं महत्वपूर्ण जलमार्ग है।
- अण्डमान सागर एवं दक्षिण चीन सागर को मलक्का जलसंधि जोड़ती है।
- कोलोराडों नदी संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवाहित होती है।
- 'ग्रैंड बैंक' (मत्स्य उद्योग हेतू सर्वाधिक उपयुक्त स्थान) उत्तरी अटलांटिक महासागर में है।
- विश्व में सर्वाधिक अम्लीय वर्षा नॉर्वे में होती है।
- नील नदी का उद्गम स्थल विक्टोरिया झील है।

- भारत विश्व में जूट उत्पादन में अग्रणी है।
- जापान को **'सूर्योदय का देश'** कहा जाता है।
- नार्वे को मध्यरात्रि के सूर्य का देश कहा जाता है।
- **'मृतक घाटी'** कैलिफोर्निया में स्थित है।
- **बद्दू जनजाति** अरब के रेगिस्तान में निवास करती है।
- एशिया की सबसे लंबी नदी **यांग्त्ज़ी या सीक्यांग** (चीन) है।
- एशिया का सबसे बड़ा मरूस्थल **'गोबी'** है जो कि मंगोलिया में स्थित है।
- द. अमेरिका का सबसे बड़ा नगर ब्युनस आयर्स है।
- काकेशस पर्वत एशिया महाद्वीप को यूरोप से पृथक करता है।

भारत एक परिचय

क्षेत्रफल	32,87,263 वर्ग किमी. विश्व के कुल क्षेत्रफल का 2.4 % था
अक्षांश	8° 4' – 37° 6' उत्तर
देशांतर	68° 7' – 97° 25' पूर्व
भूमि सीमा	लगभग 15,200 किमी.
समुद्री तट की	7,516.6 किमी. लक्षद्वीप
कुल लंबाई	अंडमान निकोबार सम्मिलित
जनसंख्या	1,21,05,69,573
राजधानी	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
स्टेन्डर्ड मेरिडियन	82 ½° पूर्व देशांतर
सुदूर दक्षिणतम बिंदु	इंदिरा प्वाईंट (निकोबार द्वीप)
मुख्य भूमि का दक्षिणतम स्थान	केप कोमोरिन
भारत के पड़ोसी देश	पाकिस्तान, अफगानिस्तान, चीन, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, म्यांमार।
क्षेत्रफल के आधार पर भारत का स्थान	रूस, कनाडा, चीन, यू.एस.ए., ब्राजील एवं ऑस्ट्रेलिया के बाद विश्व का **सातवाँ** विशालतम देश **भारत** है।

भारत में कोयला का भौगोलिक वितरण

राज्य	कोयले की उपस्थिति वाले जिले
आंध्र प्रदेश	गुंटूर, सिंह-भूमि
छत्तीसगढ़	बस्तर, दुर्ग, चन्दा, जबलपुर
उड़ीसा	क्योंझर, सुन्दरगढ़, मयूरभंज
तमिलनाडु	सलेम, तिरुचिरापल्ली

भारत की प्रमुख जनजातियाँ

जनजातियाँ		आवास स्थान
भोटिया, थारू, बुक्सा, खरवार, जौनसारी, माहीगीर	:	उत्तर प्रदेश तथा उत्तराखण्ड
गोंड, मारिया, कोल, कोरबा, सहरिया, हल्वा, कोरकु	:	मध्य प्रदेश तथा छत्तीसगढ़
मीणा, भील, गरासिया, साँसी	:	राजस्थान
संथाल, कोरबा, उराँव, असुर, मुंडा	:	झारखण्ड
नागा	:	अरुणांचल प्रदेश नागालैण्ड तथा मणिपुर
टोडा	:	तमिलनाडु (नीलगिरि)
शोम्पेन, सेटंलीज, ओंगे व जारवा	:	अंडमान-निकोबार

बहु-उद्देशीय परियोजना

परियोजना	नदी	संबंधित राज्य
दामोदर घाटी परियोजना	दामोदर	बिहार, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल
भाखड़ा-नांगल परियोजना	सतलज	पंजाब, हरियाणा, राजस्थान
रिहंद बाँध	रिहन्द नदी	उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश
हसदे परियोजना	हसदे नदी	मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़
व्यास सतलज लिंक	व्यास एवं सतलज	हिमांचल प्रदेश, राजस्थान
हीराकुंड परियोजना	महानदी	उड़ीसा

भारत की प्रमुख नदियाँ

नदी	उद्गम स्थल	कुल लम्बाई	महत्वपूर्ण सहायक नदियाँ
सिंधु नदी	तिब्बत के निकट मानसरोवर झील	3180 किमी.	जास्कर, अस्तर, आस, श्योक, गिलगिट, झेलम, चेनाब, रावी, व्यास, सतलज **नोट:** अंतिम पाँचों नदियाँ बाएं तट से मिलती है।
झेलम	वेरिनाग (पीरपंजाल)	725 किमी.	वूलर (झील का निर्माण कश्मीर)
चेनाब	कुल्लू पहाड़ियाँ	960 किमी.	
रावी	कुल्लू पहाड़ियाँ	725 किमी.	
व्यास	कुल्लू पहाड़ियाँ	470 किमी.	हरि के समीप सतलज नदी से मिलती है।
सतलज	धर्मा दर्रा	450 किमी.	व्यास
गंगा	वृहत हिमालय के गंगोत्री हिमानी से	2525 किमी.	गोमती, घाघरा, कोसी, गंडक, भागीरथी, हुगली
यमुना	यमुनोत्री	1376 किमी.	चम्बल, बेतवा, सोन, केन, शारदा।
ब्रह्मपुत्र	कैलाश श्रेणी के चेम्मायुंगदुंग	2900 किमी.	सुबनसिरी, कामेंग, मानस, दिहिंग।
नर्मदा	अमरकंटक पठार	1,312 किमी.	तावा, हिरन, माचक, दूधी, शेर
महानदी	दंडकराण्य श्रेणी	858 किमी.	शिवनाथ, हसदे, जोंक, तेल
कृष्णा	महाबलेश्वर	1,400 किमी.	भीमा, तुंगभद्रा, घाटप्रभा, मालप्रभा, कोयना
कावेरी	ब्रह्मगिरी श्रृंखला	805 किमी.	हेमवती, अरकावती, भवानी, अमरावती।

भारत में मीठे जल की झीलें

झीलों के नाम	संबंधित राज्य
वुलर झील	जम्मू-कश्मीर
पुलिकट झील	आंध्र प्रदेश
जयसमंद झील	राजस्थान
नक्की झील	राजस्थान
लोकटक झील	मणिपुर
कोल्लेरू झील	आंध्र प्रदेश

खारे जल की झीलें

झील	संबंधित राज्य
सांभर झील	राजस्थान
डिडवाना झील	राजस्थान

भारत में स्थित प्रमुख खाड़ियाँ

नाम		अवस्थिति
कच्छ की खाड़ी	:	कच्छ तथा काठियावाड़ प्रायद्वीप (पश्चिम गुजरात)
कैम्बे की खाड़ी	:	काठियावाड़ प्रायद्वीप तथा गुजरात
मन्नार की खाड़ी	:	श्रीलंका तथा दक्षिणी भारत


मृदा के प्रकार


मृदायें	क्षेत्र	मुख्य फसलें
जलोढ़ मृदा	सिंध-गंगा-ब्रह्मपुत्र का दोआब तथा समुद्र-तटीय क्षेत्र	धान, गेहूँ, गन्ना, आलू, तिलहनी एवं दलहनी फसलें
काली मृदा	महाराष्ट्र, गुजरात, म.प्र. तमिलनाडु का लावा क्षेत्र	कपास, सोयाबीन, चना, ज्वार, गेंहूँ, मूँगफली, केला
लाल मृदा	संपूर्ण तमिलनाडु, कर्नाटक, द. पूं. महाराष्ट्र, ओडिशा एवं म.प्र. का द.पू. भाग	तंबाकू, रागी, ज्वार, कपास, गेहूँ, मक्का
लैटराइट मृदा	कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, असम, महाराष्ट्र, ओडिशा के पर्वतीय पाद क्षेत्र	चाय, काफी, रबर, सिनकोना, काजू की प्रचुरता
मरुस्थलीय मृदा	पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, पश्चिमी उ.प्र.	बाजरा, ज्वार, मोटा अनाज, सरसों, जौ
पर्वतीय मृदा	कश्मीर से अरुणाचल तक का पर्वतीय क्षेत्र	सेब, नाशपाती, आलूचा, चाय, आदि फल वृक्ष

महत्वपूर्ण तथ्य

- भारत की राजधानी **नई दिल्ली** है। 1912 में नई दिल्ली भारत की राजधानी बनी। नई दिल्ली से पहले **कोलकाता** भारत की राजधानी थी।
- क्षेत्रफल की दृष्टि से पूरे विश्व में भारत का **7वाँ स्थान** है।
- भारत का मानक समय **82.5" पूर्वी देशांतर रेखा** (जो इलाहाबाद के नैनी से गुजरती है) को माना जाता है।
- भारत के उत्तर में **नेपाल, भूटान व चीन** स्थित है, तथा भारत के दक्षिण में **श्रीलंका व हिंद महासागर** है।
- भारत के पूर्व में **बांग्लादेश, म्यांमार व बंगाल की खाड़ी** स्थित है।
- भारत के पश्चिम में **पाकिस्तान एवं अरब सागर** स्थित है।
- भारत का सबसे उत्तरी बिंदु **इंदिरा कॉल (जम्मू और कश्मीर)** है।
- भारत का दक्षिणतम बिंदु **इंदिरा प्वाइंट (ग्रेट-निकोबार द्वीप)** है।
- भारत का सबसे पूर्वी बिंदु **वालांगु (अरुणाचल प्रदेश)** है।
- भारत का सबसे पश्चिमी बिंदु **गुहार मोती सर क्रीक (गुजरात)** है।
- इंदिरा प्वाइंट का अन्य नाम **पिगमेलियन प्वाइंट** या **पारसन प्वाइंट** है।
- प्रायद्वीपीय भारत का दक्षिणतम बिंदु **कन्याकुमारी (तमिलनाडु)** है।
- प्रायद्वीपीय भारत की सबसे लंबी नदी **गोदावरी** है।
- भारत से सटे 7 पड़ोसी देश **पाकिस्तान, अफगानिस्तान, चीन, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश तथा म्यांमार** हैं।
- भारत का मानक समय ग्रीनविच समय से **5 घंटा 30 मिनट** आगे है।
- भारत में द्वीपों की कुल संख्या **247** है।
- अण्डमान निकोबार द्वीप समूह की सबसे ऊँची चोटी **सैंडल पीक** है।
- श्रीलंका को भारत से **पाक जलडमरूमध्य** तथा **मन्नार की खाड़ी** अलग करती है।
- भारत का सबसे बड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग (NH-44) **(श्रीनगर से कन्याकुमारी तक)** है।
- भारत का सबसे छोटा राष्ट्रीय राजमार्ग (NH-47A **(बिलिंगटन आइलैण्ड से कोच्चि बाईपास तक)** है।
- अरावली पर्वत की सबसे ऊँची छोटी **गुरू शिखर** (1722 मीटर) माउण्ट आबू पर स्थित है।
- सर्वाधिक लम्बी तथा सबसे छोटी तट रेखा वाला राज्य क्रमश: **गुजरात तथा गोवा** है।
- भारत के पड़ोसी देश की सीमा से जुड़े भारतीय राज्यों की संख्या **17** है।
- भारत में पहला **पूर्ण साक्षर शहर कोट्टायम** है जो कि केरल में स्थित है तथा देश का पहला **पूर्ण साक्षर जिला एर्नाकुलम** है जो कि केरल में स्थित है।
- कोर्णाक का **सूर्य मंदिर ओडिशा** में स्थित है जिसे **ब्लैक पैगोड़ा** भी कहा जाता है।
- भारत का सबसे **प्राचीन तेल क्षेत्र डिगबोई** है जो कि **असम** में स्थित है। इसकी **स्थापना 1901** में हुई थी।
- भारत में **रबड़ का मुख्य उत्पादक राज्य केरल** है।
- **कोडाईकनाल तमिलनाडु** में स्थित है।
- भारत का **प्रवेश द्वार** तथा **सात टापुओं** का नगर **मुम्बई** को कहा जाता है।

- भारत का **मैनचेस्टर अहमदाबाद** को कहा जाता है।
- **'मुंडा'** और **'हो'** जनजाति **झारखण्ड** से संबंधित है।
- **'भारत का हृदय'** स्थल **मध्य प्रदेश** को कहा जाता है।
- **'हजरत बल मस्जिद' श्रीनगर (कश्मीर)** में स्थित है।
- **'बुनकरों का शहर' पानीपत (हरियाणा)** को कहा जाता है।
- **'नेशनल डेयरी रिसर्च इंस्टीट्यूट' करनाल (हरियाणा)** में स्थित है।
- **'लक्ष्मी विलास महल' बड़ौदा (गुजरात)** में स्थित है।
- **'राजस्थान का हृदय' अजमेर** को माना जाता है।
- **'भारत का जिब्राल्टर' ग्वालियर के किले** को कहा जाता है।
- **कोसी** नदी को **'बिहार का शोक'** कहा जाता है।
- **ब्रह्मपुत्र** नदी को **'असम का शोक'** कहा जाता है।
- **दामोदर** नदी को **'बंगाल का शोक'** कहा जाता है।
- भारत का **पहला आई.आई.टी. खड्गपुर** है जो कि पश्चिम बंगाल में स्थित है।
- भारत का **प्रथम जूट मिल कोलकाता के रिसरा में** 1659 में स्थापित किया गया था।
- **'काजीरंगा तथा मानस नेशनल पार्क' असम** में स्थित है।
- **आंध्र प्रदेश** भारत का **पहला सॉफ्टवेयर बनाने वाला राज्य** है।
- भारत का **कृत्रिम भू-उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र श्री हरिकोटा** है जो कि आंध्र प्रदेश में है।
- **'भारत का जुड़वा शहर'** सिकंदराबाद तथा हैदराबाद कहलाता है।
- आंध्र प्रदेश का प्राचीन नाम अमरावती था।
- **'मंदिरों की पुण्यभूमि'** तमिलनाडु को कहा जाता है।
- छत्तीसगढ़ को **'धान का कटोरा'** कहा जाता है।
- दिल्ली को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र 69वें संविधान संशोधन 1991 द्वारा घोषित किया गया था।
- ब्रह्मा का मंदिर पुष्कर (राजस्थान) में स्थित है।
- अढ़ाई दिन का झोपड़ा अजमेर में स्थित है।
- केसर का उत्पादन करने वाला एकमात्र राज्य जम्मू-कश्मीर है।
- गोंडवाना कोयला क्षेत्र मध्य प्रदेश में स्थित है।
- भारत में छोटी इलायची का सर्वाधिक उत्पादक राज्य केरल है।
- उत्तर-प्रदेश को **'चीनी का कटोरा'** कहा जाता है। (भारत में)
- मयूरभंज एवं क्योंझर ओडिशा में स्थित है।
- राजस्थान का 'खेतड़ी' तांबे के लिए प्रसिद्ध है।
- मौनधारी (साइलैंट वैली) केरल में स्थित है।
- भारत में 'सिलिकॉन वैली' के नाम से बंगलुरु को जाना जाता है।
- दक्षिण भारत का मैनचेस्टर कोयम्बटूर को कहा जाता है।
- उत्तर भारत का मैनचेस्टर कानपुर को कहा जाता है।
- 'भारत का पीट्सबर्ग' जमशेदपुर को कहा जाता है, जो कि झारखण्ड में स्थित है।
- **हुडंरू जलप्रपात** स्वर्ण रेखा नदी पर स्थित है जो कि झारखण्ड में है।
- सुखना झील चण्डीगढ़ में स्थित है।
- देश का पहला **बायोटिक सिटी** लखनऊ (उत्तर प्रदेश) है।
- देश का **पहला लौह इस्पात कारखाना 1874 ई. में कुल्टी** (पश्चिम बंगाल) में स्थापित किया गया था।
- आधुनिक ढंग से **सूती वस्त्र में पहली मिल 1818 ई.** में कोलकाता के समीप **फोर्टग्लास्टर** में स्थापित की गई थी।
- **पूर्व का स्कॉटलैण्ड 'मेघालय'** को कहा जाता है।
- कर्क रेखा भारत के 8 राज्यों से होकर गुजरती है। क्रमशः गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और मिजोरम है।
- भारत में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा- पहली हिन्दी तथा दूसरी बांग्ला है।
- भारत की सबसे बड़ी जनजाति **भील** है।
- भारत की स्थल सीमा की कुल लम्बाई 15,200 km. है।
- भारत का सबसे ऊँचा दर्रा कराकोरम है, जो कि जम्मू-कश्मीर के लद्दाख में स्थित है।
- जनसंख्या की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य उत्तर-प्रदेश तथा सबसे छोटा राज्य सिक्किम है।
- भारत का सर्वोच्च पर्वत शिखर गॉडविन ऑस्टिन k_2 है (8611मी.) जो कि कराकोरम श्रेणी में है।
- भारत की सर्वोच्च चोटी कंचनजंघा (8598 मी.) है जो कि सिक्किम में है।
- भारत का सर्वाधिक वर्षा वाला स्थान मासिनराम है जो कि मेघालय में है।
- भारत का सबसे बड़ा बंदरगाह मुम्बई है।
- अण्डमान-निकोबार द्वीपसमूह मरकत द्वीप के नाम से प्रसिद्ध है।
- भारत का मानक समय (82.5° पूर्वी देशांतर रेखा) रेखा पाँच राज्यों से गुजरती है। क्रमशः उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा एवं आंध्र प्रदेश।
- भारत में पश्चिमी घाट को सह्याद्रि कहा जाता है।
- विश्व की सबसे ऊँची चोटी एवरेस्ट (नेपाल) हिमाद्री पर्वत श्रेणी में है।
- जेलेप्ला तथा नाथूला दर्रा सिक्किम में अवस्थित है।
- बुर्जिला एवं जोजिला दर्रा कश्मीर में अवस्थित हैं।
- शिपकीला एवं बारालाचा ला दर्रा हिमाचल प्रदेश में है।
- भारत का प्राचीन पर्वत अरावली है जो गुजरात से दिल्ली तक है।
- **सह्याद्रि** महाराष्ट्र में स्थित है।
- नीलगिरी की सबसे ऊँची चोटी **डोडाबेट्टा** है।
- लैटेराइट मिट्टी चाय की खेती के लिए उपयुक्त है।
- मिनिकॉय द्वीप लक्षद्वीप के दक्षिण भाग में स्थित है।
- मिनिकॉय को लक्षद्वीप से 9^{0} चैनल अलग करता है।
- दक्षिणी अंडमान और छोटा अंडमान दक्कन पैसेज से अलग होता है।
- अंडमान और निकोबार 10^{0} चैनल (जलमार्ग) द्वारा अलग होता है।
- लक्षद्वीप को मालद्वीप 8^{0} चैनल से अलग करता है।
- इण्डोनेशिया के सुमात्रा द्वीप तथा ग्रेट निकोबार द्वीप को ग्रेट चैनल पृथक करता है।
- पश्चिमी घाट, पूर्वी घाट तथा दक्षिणी पहाड़ियों का मिलन स्थल नीलगिरी है।


नदियाँ
गिलगित
सिंधु
झेलम
चिनाब
रावी
व्यास
सतलज
श्योक
जास्कर
ब्रह्मपुत्र
दिबांग
लोहित
घाघरा
गंडक
सुबनसिरी
धुथरी
मानस
तिस्ता
कोसी
यमुना
गंगा
रामगंगा
गोमती
बनास
सदिया
धानसिरी
कोपिल
चंबल
कालीसिंध
पार्वती
धासन केन
बेतवा
सिंध
सोन
कोयल
रिहन्द
मंगुराक्षी
मेघना
दामोदर
हुगली
गोदावरी नदी
भीमा नदी
कृष्णा नदी
कावेरी नदी


पर्वत शृंखलाएँ
लद्दाख
जास्कर
ग्रेट हिमालय
पीर पंजाल
धौलाधार
शिवालिक
बंदरपूँछ
बद्रीनाथ
दूनागिरि
कामेत
नंदादेवी
त्रिशूल
नंदाकोट
मिशमी
जयंतिया
खासी
गारो
हाफलां
मिकिर
नागा पहाड़ियाँ
बराल श्रेणी
राजमहल पहाड़ियाँ
मिजो पहाड़ियाँ
अरावली
विंध्य पर्वत
सतपुड़ा श्रेणी
गिर पहाड़ियाँ
अजंता श्रेणी
हरिश्चंद्र श्रेणी
महादेव पहाड़ियाँ
मैकाल श्रेणी
गढ़जात पहाड़ियाँ
नवागढ़ पहाड़ियाँ
पालकोण्डा श्रेणी
नीलगिरि पहाड़ियाँ
वेलीकोण्डा श्रेणी
लक्षद्वीप
कवरत्ती
शेवरॉय पहाड़ियाँ
अन्नामलई पहाड़ियाँ
कार्डेमम पहाड़ियाँ
अंडमान निकोबार द्वीप समूह
पोर्ट ब्लेयर

- इलायची पहाड़ी केरल में स्थित है।
- हिमालय, रॉकी, आल्पस एवं एण्डीज पर्वत वलित पर्वत के उदाहरण है।
- कर्नाटक में शहतूत से रेशम प्राप्त किया जाता है।
- जोंग बांध व्यास नदी पर स्थित है। यह हिमाचल प्रदेश में है।
- थीन बांध पंजाब में रावी नदी पर स्थित है।
- गोदावरी नदी को अन्य नाम वृद्ध गंगा या दक्षिण गंगा के नाम से भी जाना जाता है।
- नर्मदा एवं ताप्ती पश्चिम की ओर बहने वाली नदियाँ हैं, जो डेल्टा नहीं बनाती हैं, अपितु एश्चुरी का निर्माण करती हैं।
- भाखड़ा-नांगल बांध पर मानव निर्मित सबसे बड़ी झील गोविन्द सागर झील है।
- भारत के सबसे दक्षिण में बैगई नदी बहती है।
- कर्नाटक के गोकक नदी पर गोकक जलप्रपात है।
- फूलों की घाटी 'चमोली' उत्तराखण्ड में स्थित है।
- खजुराहों का मंदिर मध्य प्रदेश में स्थित है जिसकी स्थापना चन्देल शासकों द्वारा की गई थी।
- रूद्रसागर झील मध्य प्रदेश में स्थित है। सर्वप्रथम पंचायती राज्य की स्थापना राजस्थान के नागौर जिले में की गई थी।
- विवेकानन्द रॉक कन्याकुमारी (तमिलनाडु) में स्थित है।
- कुरूक्षेत्र का मैदान पानीपत में तथा कटक क्षेत्र (उड़ीसा) में स्थित है।
- भारत में सबसे ज्यादा चंदन के वृक्ष कर्नाटक में पाये जाते हैं।
- डल झील, वुलर झील तथा शेषनाग झील जम्मू-कश्मीर में स्थित है।
- हुसैनसागर झील तथा कोलेरू झील आंध्र प्रदेश में स्थित है।
- उज्जैन क्षिप्रा नदी के किनारे स्थित है। नर्मदा नदी सर्वाधिक मध्य प्रदेश में बहती है। इसका उद्‌गम स्थल अमरकंटक है।
- भारत में सबसे **पहले** सूर्योदय अरुणांचल प्रदेश मे होता है तथा भारत में **सबसे बाद** में सूर्योदय गुजरात (लगभग 2 घण्टा) में होता है।
- भारत में **पर्वत** (29.3%), **पठार** (27.7%), एवं **मैदान** (43%) है।
- भारत की सबसे ऊँची चोटी **K-2** या **गॉडविन ऑस्टिन** है।
- माउण्ट एवरेस्ट को नेपाल में **सागरमाथा** कहा जाता है।
- भारत की जलवायु **'उष्णकटिबंधीय मानसूनी'** प्रकार की है।
- दक्षिण भारत की सर्वोच्च शिखर **अनाईमुडी** (2637 मी.) है।
- भारत में अधिकांश वर्षा **'दक्षिण-पश्चिम मानसून'** से प्राप्त होता है।
- जाड़े के दिनों (जनवरी-फरवरी) में तमिलनाडु के तट पर **लौटती हुई मॉनसून** या **उत्तर-पूर्वी मानसून** से वर्षा प्राप्त होता है।

भारत के प्रमुख दर्रे तथा उनका महत्व

प्रमुख दर्रे		महत्व
भोरघाट दर्रा	:	मुम्बई को पुणे से जोड़ता
पालघाट दर्रा	:	तमिलनाडु को केरल से जोड़ता है।
बुर्जिला दर्रा	:	पाक अधिकृत कश्मीर (PoK) को श्रीनगर से जोड़ता है।
जोजिला दर्रा	:	श्रीनगर को लेह से जोड़ता है।
शिपकिला दर्रा	:	हिमाचल प्रदेश को तिब्बत से जोड़ता है।
बारालाचा ला दर्रा	:	जम्मू को हिमांचल से जोड़ता है।
नाथूला एवं जेलेप्ला	:	सिक्किम और तिब्बत को जोड़ता है।

- भारत में सर्वाधिक मात्रा (क्षेत्र) में तथा सर्वाधिक उपयुक्त **जलोढ़ मिट्टी** है।
- सतपुड़ा की सर्वोच्च बिन्दू **धूपगढ़** (1350 मी., पंचमढ़ी के पास) हैं।
- छोटानागपुर पठार की सर्वोच्च चोटी **पारसनाथ** (गिरिडीह जिला) है।
- **पालघाट दर्रा** द्वारा दक्षिण में **इलायची पर्वत** और **नीलगिरी पर्वत** को पृथक करता है।
- भारत में **अरावली पर्वत** (राजस्थान) एवं **सतपुडा पर्वत** (मध्य प्रदेश) श्रृंखला **अवशिष्ट पर्वत** के उदाहरण है।
- भारत की सबसे लंबी नहर **राजस्थान नहर** (इंदिरा गांधी नहर) सतलज़ नदी से जल प्राप्त करती है।

कृषि पुरस्कार

पुरस्कार/ सम्मान	पुरस्कार प्रदान करने वाली संस्था	पुरस्कार विवरण	स्थापना वर्ष
बोरलॉग पुरस्कार	कोरोमंडल कृषि लि. फर्टिलाइजर्स	क्षेत्र में विशेष योगदान हेतु	1973
कुरियन पुरस्कार	राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान	भा. डेयरी के विकास हेतु	1990
वोयरमा पुरस्कार	विश्व खाद्य संगठन	विश्व में खाद्य आपूर्ति में बढ़ोत्तरी एवं सुधार लाने की दिशा में कार्य हेतु	1987
सरदार पटेल संस्थान पुरस्कार	I.C.A.R. द्वारा	(I.C.A.R.) के अनुषांगिक कृषि शोध संस्थानों को	

जगजीवन राम किसान पुरस्कार	I.C.A.R. द्वारा	कृषि उत्पादन में उत्कृष्ट योगदान हेतु
लाल बहादुर प्रसाद पुरस्कार	I.C.A.R. द्वारा	युवा कृषि वैज्ञानिक को
डॉ. राजेंद्र प्रसाद पुरस्कार	I.C.A.R. द्वारा	तकनीकी कृषि पर हिन्दी में पुस्तक लेखन पर
स्वामी सहजानंद सरस्वती पुरस्कार	I.C.A.R. द्वारा	कृषि विस्तार वैज्ञानिक/कार्यकर्ता को
(a) अधिशेष बजट (b) संतुलित बजट

(c) पूंजीगत बजट (d) घाटे का बजट

[SSC GD 2022]

77. निम्नलिखित में से कौन सा अप्रत्यक्ष कर का उदाहरण है?
(a) फिर्मों के लिए निगम कर (b) उपहार कर
(c) जी. एस. टी. (d) संपत्ति कर
[SSC GD 2022]

78. एक लेखा वर्ष के दौरान घरेलू क्षेत्र के _____ उत्पादित अंतिम माल और सेवाओं का कुल मूल्य, घरेलू आय कहलाती है।
(a) बाहर (b) दूर
(c) भीतर (d) के अलावा अन्य
[SSC GD 2022]

89. निवल मूल्य = परिसंपत्तियां - _____
(a) मौजूदा परिसंपत्तियां (b) देयताएं
(c) हिस्सेदारी (d) बही ऋण
[SSC GD 2022]

80. _____ बजट से भारत में बजट घाटा दिखाने की प्रथा बंद कर दी गई है।
(a) 1994-95 (b) 1997-98
(c) 2003-04 (d) 2001-02
[SSC GD 2022]

81. पूंजीगत प्राप्तियों के संबंध में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए।
A. सरकार की वे सभी प्राप्तियां जो देयता पैदा करती हैं या वित्तीय परिसंपत्तियों को कम करती है, पूंजीगत प्राप्तियां कहलाती है।
B. पूंजीगत प्राप्तियों की मुख्य मदें सरकार द्वारा जनता से लिए गए ऋण जिन्हें बाजार ऋण ग्रहण कहा जाता है, सरकार द्वारा रिजर्व बैंक, व्यावसायिक बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों से राजकोष बिलों (treasury bills) की बिक्री के माध्यम से लिया गया ऋण, विदेशी सरकारों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों से प्राप्त ऋण, और केंद्र सरकार द्वारा दिए गए ऋणों की वसूली है।
सही कथन/कथनों को पहचानिए।
(a) केवल A (b) केवल B
(c) A और B दोनों (d) न तो A और न ही B
[SSC GD 2023]

82. घाटे में कटौती के बारे में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए।
A. करों में वृद्धि अथवा व्यय में कटौती से सरकारी घाटे में कमी की जा सकती है।
B. भारत में, सरकार कर राजस्व में वृद्धि करने के लिए प्रत्यक्ष करों पर अधिक भरोसा करती है। (अप्रत्यक्ष कर प्रकृति में प्रतिगामी होते हैं - यह सभी आय समूहों को समान रूप से प्रभावित करते हैं)।
सही कथन/कथनों की पहचान कीजिए।
(a) A और B दोनों (b) न तो A और न ही B
(c) केवल A (d) केवल B
[SSC GD 2023]

83. अंतर्मुखी व्यापार रणनीति में घरेलू उद्योगों को विदेशी प्रतिस्पर्धा से बचाने के लिए उपयोग की जाने वाली सुरक्षा के दो मुख्य रूप क्या है?
(a) प्रशुल्क और मूल्य नियंत्रण (b) प्रशुल्क और सब्सिडी
(c) प्रशुल्क और कोटा (d) कोटा और सब्सिडी
[SSC GD 2023]

84. सरकार के व्यय के वर्गीकरण के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
I. राजस्व व्यय केंद्र सरकार की भौतिक या वित्तीय संपत्तियों के निर्माण के अलावा अन्य उद्देश्यों के लिए किया गया व्यय है।
II. पूंजीगत व्यय के परिणामस्वरूप भौतिक या वित्तीय परिसंपत्तियों का निर्माण होता है या वित्तीय देनदारियों में कमी आती है।
(a) केवल II (b) I और II दोनों
(c) न तो I और न ही II (d) केवल I
[SSC GD 2023]

85. किस प्रकार का व्यय उन व्ययों को संदर्भित करता है जिनसे भौतिक या वित्तीय संपत्तियों का सृजन नहीं होता है?
(a) पूंजीगत व्यय (b) राजकोषीय व्यय
(c) विकास संबंधी व्यय (d) राजस्व व्यय
[SSC GD 2023]

86. निम्नलिखित में से कौन-सा उपाय ऋण-ग्रहण को छोड़कर, सरकार के कुल व्यय और कुल प्राप्तियों के बीच अंतर को दर्शाता है?
(a) सकल राजकोषीय घाटा (b) प्राथमिक घाटा
(c) राजकोषीय घाटा (d) राजस्व घाटा
[SSC GD 2023]

87. GDP अपस्फीतिकारक (deflator) को _____ मूल्य अपस्फीतिकारक (deflator) भी कहा जाता है।
(a) अंतर्निहित (b) अनन्य
(c) सुनिश्चित (d) नियामक
[SSC GD 2021]

88. सरकार का हस्तक्षेप चाहे मांग का विस्तार करने के लिए हो या इसे कम करने के लिए _____ कार्य कहलाता है।
(a) स्थिरीकरण (b) कस्टमाइजेशन
(c) आरंभ (d) निर्माण
[SSC GD 2022]

89. भारत में अधिकतम मुद्रास्फीति वर्ष _____में 25.2 प्रतिशत दर्ज की गई थी, जो मुख्य रूप से उसके पिछले वर्ष खरीफ फसलों के ख़राब हो जाने और कच्चे तेल के मूल्यों में बढ़ोतरी के कारण हुआ था।
(a) 1998-99 (b) 2019-20
(c) 2015-16 (d) 1974-75
[SSC GD 2022]

90. किस कारण से आयातित सामान अधिक महंगा होता है?
(a) प्रकृति में दुर्लभताब (b) प्रशुल्कों
(c) पसंदानुसार निर्मित माल (d) उच्चतर गुणवत्ता
[SSC GD 2022]

91. _____ आयात को प्रतिबंधित करता है और घरेलू उत्पादकों की विदेशी प्रतिस्पर्धा में सहायता करता है।

(A) टैरिफ (B) कोटा

(a) A और B दोनों (b) केवल A

(c) न तो A और न ही B (d) केवल B

[SSC GD 2022]

92. व्यापार और वाणिज्य का विस्तार करने और विदेशी मुद्रा लाने में क्या मदद करता है?

(a) निर्मित वस्तुओं का आयात (b) मशीनों का आयात

(c) कच्चे माल का आयात (d) निर्मित वस्तुओं का निर्यात

[SSC GD 2022]

93. घरेलू मुद्रा के संदर्भ में विदेशी मुद्रा की एक इकाई की कीमत _____ कहलाती है।

(a) वास्तविक विनिमय दर (b) मौद्रिक विनिमय दर

(c) आंकी गई फ्लोट दर (d) स्थिर विनिमय दर

[SSC GD 2022]

94. आयात को घरेलू उत्पादन से बदलने या प्रतिस्थापित करने की नीति को क्या कहते हैं?

(a) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार (b) आयात उदारीकरण

(c) निर्यात आधारित विकास (d) आयात प्रतिस्थापन

[SSC GD 2023]

95. जब 'निर्यात' आयात से अधिक होता है, तो इसे _____ की स्थिति के रूप में जाना जाता है।

(a) व्यापार घाटा (b) व्यापार अधिशेष

(c) राजकोषीय घाटा (d) कराजस्व अधिशेष

[SSC GD 2022]

96. व्यापार का _____ शेष वह होता है जिसमें जिसमें निर्यात की गई घरेलू वस्तुओं का मूल्य आयातित विदेशी वस्तुओं के मूल्य से अधिक होता है।

(a) प्रतिकूल (b) अनुकूल

(c) अवांछनीय (d) गरीब

[SSC GD 2022]

97. निवल निर्यात = कुल निर्यात = _____

(a) कुल आय (b) कुल आयात

(c) कुल ब्याज (d) कुल राजस्व

[SSC GD 2022]

98. माल का निर्यात _____ को बढ़ाता है।

(a) व्यय (b) स्थानीय ऋण

(c) राष्ट्रीय ऋण (d) विदेशी मुद्रा

[SSC GD 2022]

99. _____ सरकार के राजस्व व्यय की राजस्व प्राप्तियों से अधिकता को संदर्भित करता है।

(a) पूंजी घाटा (b) राजस्व अधिशेष

(c) राजस्व घाटा (d) राजकोषीय घाटा

[SSC GD 2022]

100. धनात्मक शुद्ध निर्यात वाले राष्ट्र में व्यापार _____ होता/होती है।

(a) ऋण (b) घाटा

(c) अधिशेष (d) राशि

[SSC GD 2022]

101. _____ में, भुगतान संतुलन में संकट के कारण भारत में आर्थिक सुधारों की शुरुआत हुई।

(a) 1997 (b) 2001

(c) 1981 (d) 1991

[SSC GD 2022]

102. वे श्रमिक जो अपनी आजीविका कमाने के लिए एक उद्यम के मालिक हैं और उसका संचालन करते हैं, उन्हें ___ के रूप में जाना जाता है।

(a) स्वनियोजित (b) कुशल श्रमिक

(c) आकस्मिक श्रमिक (d) नियमित वेतनभोगी श्रमिक

[SSC GD 2022]

103. उन लोगों के लिए क्या शब्द प्रयोग किया जाता है जो नियमित रूप से निर्धनता रेखा के अंदर और उससे बाहर होते रहते हैं?

(a) समान्यत: निर्धन (b) चक्रीय निर्धन

(c) अनियमित निर्धन (d) चिरकालिक निर्धन

[SSC GD 2022]

104. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, (MGNREGA) भारत सरकार, _____ के अंतर्गत आता है।

(a) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

(b) आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

(c) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय

(d) ग्रामीण विकास मंत्रालय

[SSC GD 2022]

105. किसने स्वतंत्रता-पूर्व भारत में गरीबी रेखा की अवधारणा प्रस्तुत की?

(a) दादाभाई नौरोजी (b) अमर्त्य सेन

(c) मनबेंद्र नाथ रॉय (d) मैसूर नरसिम्हाचर श्रीनिवास

[SSC GD 2022]

106. भारत में बेरोजगारी को निम्नलिखित तरीकों से मापा जाता है:

(a) राष्ट्रीय रोजगार विभाग

(b) भारतीय रिजर्व बैंक

(c) राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन

(d) नेशनल स्टॉक एक्सचेंज

[SSC GD 2022]

107. निम्नलिखित में से किस प्रकार की बेरोजगारी ग्रामीण क्षेत्रों में होती है?

I. मौसमी बेरोजगारी II. प्रच्छन्न बेरोजगारी

(a) केवल I (b) ना तो I ना तो II

(c) I तथा II दोनों (d) केवल II

[SSC GD 2022]

108. अपने पहले चरण में, राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के विस्तार से पहले कितने जिलों को आवृत्त (covered) किया गया था?

(a) 300 (b) 400

(c) 200 (d) 500

[SSC GD 2022]

109. भारत में योजना आयोग की स्थापना किस वर्ष की गई थी?

(a) 1960 (b) 1955

(c) 1947 (d) 1950

[SSC GD 2022]

110. कौन-सी योजना भारत सरकार द्वारा बेरोजगार शिक्षित युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसरों के निर्माण हेतु शुरू की गई थी?

(a) ग्रामीण उद्यमी योजना

(b) राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम

(c) अन्नपूर्णा योजना

(d) प्रधानमंत्री रोजगार योजना

[SSC GD 2022]

111. कृषि क्षेत्र द्वारा किस प्रकार की बेरोजगारी उत्पन्न होगी, यदि वह वर्ष के कुछ समय के लिए ही अतिरिक्त मजदूरों को नियुक्त करता है जैसे कि फसल कटाई का मौसम ?

(a) चक्रीय बेरोजगारी (b) प्रच्छन्न बेरोजगारी

(c) मौसमी बेरोजगारी (d) संरचनात्मक बेरोजगारी

[SSC GD 2022]

112. बेरोजगारी के _____ के लिए औद्योगिक विकास एक पूर्व शर्त है।

(a) प्रोत्साहन (b) योग

(c) उन्मूलन (d) त्वरण

[SSC GD 2022]

113. यदि चार मजदूरों की जरूरत है और सात काम कर रहे हैं तो तीन अतिरिक्त मजदूर किस तरह की बेरोजगारी से पीड़ित हैं?

(a) चक्रीय बेरोजगारी (b) प्रच्छन्न बेरोजगारी

(c) कसंरचनात्मक बेरोजगारी (d) संघर्षजनित बेरोजगारी

[SSC GD 2022]

114. जब किसी परिवार की आय मूलभूत जीवन स्तर (भोजन, आश्रय, आवास) को बनाए रखने के लिए आवश्यक राशि से कम हो जाती है, तो इसे क्या कहा जाता है?

(a) पीढ़ीगत निर्धनता (b) सापेक्ष निर्धनता

(c) निरपेक्ष निर्धनता (d) परिस्थितिजन्य निर्धनता

[SSC GD 2022]

115. अमंदी (recessions) और महामंदी (depressions) के दौरान होने वाली बेरोजगारी को _____ कहा जाता है।

(a) प्रच्छन्न बेरोजगारी (b) चक्रीय बेरोजगारी

(c) घर्षनात्मक बेरोजगारी (d) मौसमी बेरोजगारी

[SSC GD 2023]

116. तीव्र आर्थिक विकास के कारण निम्नलिखित में से किस वर्ष से भारत की अत्यधिक गरीबी में कमी आने लगी?

(a) 1991 (b) 1993

(c) 1994 (d) 1991

[SSC GD 2023]

117. बेरोजगारी दर की गणना _____ के अनुपात के रूप में की जाती है।

(a) कुल जनसंख्या और श्रम बल

(b) कुल जनसंख्या और बेरोजगार श्रमिकों

(c) नियोजित श्रमिकों और श्रम बल

(d) बेरोजगार श्रमिकों और श्रम बल

[SSC GD 2023]

118. जब कोई व्यक्ति काम करता हुआ प्रतीत होता है, लेकिन उसका काम उत्पादन (output) में योगदान नहीं दे रहा है, तो इसे _____ के रूप में जाना जाता है।

(a) प्रच्छन्न बेरोजगारी (b) घर्षण बेरोजगारी

(c) चक्रीय बेरोजगारी (d) मौसमी बेरोजगारी

[SSC GD 2023]

119. निम्नलिखित में से किसे 'उस बिंदु के रूप में निर्धारित किया गया है जहां संतुलित मूल्य के साथ किसी उत्पाद हेतु आपूर्ति, मांग के बराबर होती है'?

(a) मांग प्रत्यास्थता (b) आपूर्ति वक्र

(c) मांग वक्र (d) बाजार संतुलन

[SSC GD 2021]

120. एक बाजार संरचना पर विचार करें, जिसमें फार्मों की संख्या काफी अधिक होती है और फार्मों का निर्बाध प्रवेश और बहिर्गमन होता है, किन्तु उनके द्वारा उत्पादित वस्तु सजातीय नहीं होती हैं। ऐसी बाजार संरचना को _____कहते है।

(a) एकाधिकार (b) अल्पाधिकर

(c) एकाधिकारी प्रतिस्पर्धा (d) क्रेता एकाधिकार

[SSC GD 2022]

121. __ मुद्रा आपूर्ति का सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला माप है।

(a) M3 (b) M4

(c) M2 (d) M1

[SSC GD 2023]

122. एक वर्ष के दौरान एक फर्म की _____= वर्ष के दौरान फर्म का उत्पादन वर्ष के दौरान फर्म की बिक्री।

(a) अंतिम स्टॉक

(b) माल-सूची में परिवर्तन

(c) माल-सूची और कार्यशील पूंजी में परिवर्तन

(d) प्रारंभिक स्टॉक

[SSC GD 2023]

123. उद्योगों का एक समूह जो शहरी केंद्रों द्वारा प्रदान किए जाने वाले लाभों का उपयोग करने के लिए एक साथ आने की प्रवृत्ति रखता है, उसे क्या

कहा जाता है?

(a) शहरी अर्थव्यवस्था (b) समूहन अर्थव्यवस्था

(c) एकीकरण अर्थव्यवस्था (d) ग्रामीण अर्थव्यवस्था

[SSC GD 2022]

124. विश्व बैंक द्वारा वर्गीकृत सकल राष्ट्रीय आय के आधार पर भारत किस आय वर्ग में आता है?

(a) उच्च आय वर्ग (b) निम्न आय वर्ग

(c) निम्न मध्य आय वर्ग (d) उच्च मध्यम आय वर्ग

[SSC GD 2021]

125. निम्नलिखित में से कौन सा संगठन भारत में निर्धनता रेखा का आकलन करने के प्रतिदर्श सर्वेक्षण कौन करता है?

(a) एन. एस. एस. औ. (b) वित्त मंत्रालय

(c) आर. बी. आई. (d) सी. एस. ओ.

[SSC GD 2022]

126. राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (NABARD) पूर्ण रूप से _____ के स्वामित्व में है।

(a) भारतीय स्टेट बैंक

(b) भारतीय रिजर्व बैंक

(c) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड

(d) भारत सरकार

[SSC GD 2022]

127. संयुक्त राष्ट्र ने __ को 'अंतर्राष्ट्रीय सूक्ष्म ऋण वर्ष (International Year of Micro Credit)' के रूप में नामित किया है।

(a) 2001 (b) 2003

(c) 2005 (d) 2007

[SSC GD 2023]

ANSWER KEY

1. (b)	14. (a)	27. (c)	40. (a)	53. (a)	66. (c)	79. (b)	92. (d)	105. (a)	118. (a)
2. (c)	15. (d)	28. (b)	41. (c)	54. (d)	67. (c)	80. (b)	93. (b)	106. (c)	119. (d)
3. (b)	16. (c)	29. (a)	42. (b)	55. (b)	68. (d)	81. (c)	94. (d)	107. (c)	120. (c)
4. (d)	17. (a)	30. (b)	43. (d)	56. (b)	69. (a)	82. (a)	95. (b)	108. (c)	121. (a)
5. (a)	18. (a)	31. (b)	44. (b)	57. (a)	70. (d)	83. (c)	96. (b)	109. (d)	122. (b)
6. (b)	19. (d)	32. (a)	45. (d)	58. (c)	71. (a)	84. (b)	97. (b)	110. (d)	123. (b)
7. (b)	20. (c)	33. (b)	46. (b)	59. (b)	72. (c)	85. (d)	98. (d)	111. (c)	124. (c)
8. (d)	21. (c)	34. (b)	47. (a)	60. (a)	73. (d)	86. (c)	99. (c)	112. (c)	125. (a)
9. (a)	22. (a)	35. (d)	48. (a)	61. (d)	74. (b)	87. (a)	100. (c)	113. (b)	126. (d)
10. (c)	23. (a)	36. (d)	49. (c)	62. (c)	75. (a)	88. (a)	101. (d)	114. (c)	127. (c)
11. (b)	24. (b)	37. (a)	50. (c)	63. (d)	76. (b)	89. (d)	102. (a)	115. (b)	
12. (c)	25. (b)	38. (c)	51. (b)	64. (c)	77. (c)	90. (b)	103. (b)	116. (a)	
13. (d)	26. (a)	39. (c)	52. (a)	65. (d)	78. (c)	91. (a)	104. (d)	117. (d)	

सामान्य विज्ञान

भौतिक विज्ञान

वैज्ञानिक यंत्र व उपकरण

- **एमीटर** : विद्युत धारा को एम्पियर में मापने हेतु प्रयुक्त यंत्र
- **अल्टीमीटर** : विमानों की ऊंचाई मापने हेतु
- **ऑडियोमीटर** : ध्वनि की तीव्रता मापने हेतु
- **एनिमोमीटर** : वायु की शक्ति और गति मापने का यंत्र
- **एयरोमीटर** : वायु तथा गैस के भार तथा घनत्व मापने हेतु
- **बैरोमीटर** : वायुमंडलीय दाब मापने हेतु
- **बैरोग्राफ** : वायुमंडलीय दाब को मापने एवं स्वत: ग्राफ पर चित्रित करने वाला यंत्र
- **कार्डियोग्राफ** : मनुष्य की हृदय गति को मापने का यंत्र
- **डायनेमो** : यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में बदलने हेतु
- **इलेक्ट्रोस्कोप** : विद्युत आवेश की उपस्थिति बनाने वाला यंत्र
- **इलेक्ट्रोमीटर** : विभवांतर मापने का यंत्र
- **इण्डोस्कोप** : मानव शरीर के अंदर के भाग को देखने हेतु
- **फेरोमीटर** : समुद्र की गहराई मापने वाला यंत्र
- **गैल्वेनोमीटर** : विद्युत धारा की प्रबलता मापने का यंत्र
- **हाइड्रोफोन** : पानी के अंदर ध्वनि तरंगो की गणना करने में काम आने वाला उपकरण
- **हाइग्रोमीटर** : वायुमंडलीय आर्द्रता मापने हेतु
- **लैक्टोमीटर** : दूध की शुद्धता मापने हेतु
- **माइक्रोफोन** : ध्वनि तरंगो को विद्युत तरंगो में परिवर्तित करने वाला उपकरण
- **मैनोमीटर** : गैसों का दाब मापने का यंत्र
- **ओम मीटर** : विद्युत प्रतिरोध को मापने हेतु
- **पाइरोमीटर** : उच्च ताप मापने वाला यंत्र
- **पोलीग्राफ** : झूठ का पता लगाने वाला यंत्र
- **रेनगेज** : वर्षा की मात्रा ज्ञात करने वाला यंत्र
- **स्फिग्मोमैनोमीटर** : धमनियों में रूधिर के दाब को मापने का उपकरण
- **सिस्मोग्राफ** : भूकंपीय तरंगो की तीव्रता मापने वाला यंत्र
- **स्टेथोस्कोप** : हृदय तथा फेफड़ों की आवाज सुनने वाला यंत्र
- **सिस्मोमीटर** : भूकंपीय तरंगो की तीव्रता मापने वाला यंत्र
- **थर्मोस्टेट** : स्थिर ताप को संचालित रखने वाला यंत्र (उष्मातापी)
- **वोल्टमीटर** : दो बिन्दुओं के आवेश भिन्नता को मापने हेतु
- **डाबसन** : ओजोन परत की गहराई मापने में
- **डेसिबल** : ध्वनि की प्रबलता इकाई
- **टैकियोमीटर** : वायु यान व मोटर की गति का मापन
- **फर्मीमीटर** : लंबाई न्यूनतम इकाई मापने में
- **हिप्सोमीटर** : ऊंचाई मापने हेतु
- **लक्समीटर** : प्रकाश की तीव्रता मापने हेतु
- **कोलोमीटर** : प्रकाश सुग्राही उपकरण जो किसी पदार्थ द्वारा अवशोषित किए जाने वाले रंग की तीव्रता मापता है।
- **ओडोमीटर** : वाहनों के पहियों द्वारा तय की गई दूरी मापने का यंत्र
- **ओन्डोमीटर** : विद्युत चुंबकीय तरंगों की आवृत्ति मापने का यंत्र
- **ब्यूटिरोमीटर** : दूध या दुग्ध उत्पादों में वसा की मात्रा को मापने का उपकरण है
- **स्पेक्ट्रोमीटर** : विद्युत चुंबकीय स्पेक्ट्रम के 1 विशिष्ट भाग के सापेक्ष प्रकाश के गुणों का मापन करता है।
- **यूडियोमीटर** : किसी भौतिक या रासायनिक परिवर्तन के फलस्वरूप किसी गैसीय मिश्रण के आयतन में होने वाले परिवर्तन की माप
- **गाइरोस्कोप** : घूमती हुई वस्तुओं की गति मापने वाला यंत्र
- **काइमोग्राफ** : शरीर की क्रियाओं को ग्राफ द्वारा निरूपित करने वाला यंत्र (रक्तचाप, हृदय की धड़कन आदि)

वैज्ञानिक एवं उनके योगदान

- **आइजक न्यूटन** : गुरूत्वाकर्षण का नियम, गति के नियम
- **गैलीलियो** : परावर्तक दूरबीन, जड़ता का नियम, थर्मोस्कोप, प्राथमिक थर्मामीटर
- **आर्कमिडिज** : उत्पलवनता का सिद्धांत, लिवर का सिद्धांत
- **रान्जटन** : X–किरणें
- **मैरी क्यूरी** : रेडियम एवं पोलोनियम, प्राकृतिक रेडियो धर्मिता का अध्ययन
- **आइन्सटीन** : फोटो इलेक्ट्रिसिटी, सापेक्षता का सिद्धांत
- **एस. एन. बोस** : क्वान्टम स्टैटिस्टिक्स (बोसोन)
- **जेम्स चैडविक** : न्यूटॉन
- **नील्स बोर** : हाइड्रोजन परमाणु का क्वांटम मॉडल
- **अर्नेस्ट रदरफोर्ड** : परमाणु का न्युक्लियर मॉडल

- **सी. वी. रमन** : प्रकाश का अणुओं द्वारा अप्रत्यास्थ विक्षेपण
- **मांइकेल फैराडे** : विद्युत अपघटन के नियम, विद्युत चुंबकीय प्रेरण के नियम, ट्रांसफॉर्मर
- **एडविन हब्बल** : ब्रह्मांड का प्रसार
- **होमी जहांगीर भाभा:** ब्रह्मांडीय विकिरण के प्रपात का सिद्धांत
- **जेन्जे थॉमसन** : इलेक्ट्रॉन
- **एस. चन्द्रशेखर** : चन्द्रशेखर सीमा, तारों का निर्माण
- **हेनरिक रूडोल्फ हर्ट्ज** : विद्युत चुंबकीय तरंग
- **जे. सी. बोस** : बेहद छोटी रेडियों किरणें
- **पारसन्स** : वाष्पटरबाइन
- **रूडोल्फ डीजल** : डीजलइंजन
- **एनरिको फर्मी** : परमाणु भट्टी
- **फ्रैंक व्हीटल** : स्टीमबोट
- **एडीसन** : विद्युतबल्ब
- **आर. डब्ल्यू. वाट** : रडार
- **वुशवेल** : पनडुब्बी
- **मैकमिलन** : साइकिल
- **जिलेट** : सेफ्टीरेजर
- **जेनसन एण्ड जेनसन** : माइक्रोस्कोप
- **कार्ल बेन्ज** : पैट्रोल चालित कार
- **जेम्स पकल** : मशीन गन
- **विल्स हैवीलैंड कैरियर** : एयरकंडीशनर
- **जे.ए. फ्लेमिंग** : थर्मियोनिक डायोड, डायोड बल्ब
- **थियोडोर मेमन** : लेसर किरण
- **केमरलिंघ ओन्स** : अति चालकता
- **पाऊली** : न्यूट्रिनो
- **जूल** : उष्मा का यांत्रिक तुल्यांक
- **जॉन डाल्टन** : परमाणु सिद्धांत का प्रतिपादन
- **ऑटो हान** : परमाणु बम का निर्माण
- **एडवर्ड टेलर** : हाइड्रोजन बम का निर्माण
- **कॉपरनिकस** : सौरमंडल का हीलियोसेंट्रिज्म मॉडल
- **के.एम. कृष्णनन** : रमन प्रभाव की खोज में c.v रमन के सहयोगी
- **एस.एन. बोस** : बोसॉन नामक कण की खोज
- **सी.वी. रमन** : रमन प्रभाव

प्रमुख भौतिक राशियाँ : एक दृष्टि में

भौतिक राशि	मात्रक
शक्ति (सामर्थ्य)	वाट - जूल/सेकेंड
बल	न्यूटन
कार्य	जूल
त्वरण	मीटर/सेकेंड^2
आवेग	न्यूटन-सेकेंड
नाटिकल मील	नौसंचालन मे प्रयुक्त दूरी इकाई
समुद्री जहाज की गति	नॉट
ऊष्मा	कैलोरी
विद्युत धारा	एम्पियर
विभवांतर	वोल्ट
एग्स्ट्रॉम	प्रकाश के तरंग दैर्ध्य की इकाई
उच्च वेग	मैक (Mach)
दाब	पास्कल
ऊर्जा	जूल
ध्वनि की प्रबलता की इकाई	डेसिबल
शक्ति की इकाई	अश्वशक्ति
वायुमंडलीय दाब	बार - 10^5 न्यूटन/मी.^{2} (1 बार = 10^5 पास्कल)
प्रवाह की दर (जल का बहाव)	क्यूसेक
कम्प्यूटर	बाइट
भूकम्प की तीव्रता	रिक्टर
ताप	केल्विन
नौसंचालको	सोनार
उच्च ताप	पाइयोमीटर
गैसों का दाब	मैनोमीटर
विद्युत धारा	अमीटर
भार	स्प्रिंग तुला
दाब (वायुमंडलीय)	बैरोमीटर
दूध का आपेक्षिक घनत्व	लैक्टोमीटर
ऊंचाई	अल्टीमीटर
प्रतिरोध	ओम

प्रमुख मात्रक (माप)

लंबाई/दूरी	मात्रक
1 किलोमीटर	1000 मीटर
1 मील(Mile).	1.60934 किमी.
1 नॉटिकल मील (Mile).	1.852 मी.
1 खगोलीय इकाई	1.495×10^{11} मी.
1 प्रकाश वर्ष	9.46×10^{15} मी.
1 पारसेक	3.08×10^{16} मी.

द्रव्यमान के मात्रक

1 आउन्स (oz). ..... 28.35 ग्राम
1 पाउण्ड (1b). ..... 16 आउंस = 453.5ग्राम
1 किलोग्राम ..... 2.20 पाउंड = 1000 ग्राम
1 क्विंटल ..... 100 किलो ग्राम
1 मीट्रिक टन (t). ..... 1000 किलो ग्राम

क्षेत्रफल के मात्रक

1 एकड़ ..... 4840 वर्ग गज = 43560वर्गफुट
4046.94 वर्ग मीटर
1 हेक्टेयर ..... 2.5 एकड़
1 वर्ग किलो मीटर ..... 100 हेक्टयर
1 वर्ग मील ..... 2.6 वर्ग किलोमीटर = 250 हेक्टेयर = 640 एकड़

गुणक एवं अगुणक के संक्षिप्त नाम

गीगा मीटर G. ..... 10^9 मी.
मेगा मीटर M. ..... 10^6 मी.
किलो मीटर K. ..... 10^3 मी.
हेक्टो मीटरी h. ..... 10^2 मी.
डेका मीटर da. ..... 10^1 मी.
डेसी मीटर d. ..... 10^{-1} मी.
सेंटी मीटर c. ..... 10^{-2} मी.
मिली मीटर m. ..... 10^{-3} मी.
माइक्रो मीटर (माइक्रॉन) m. ..... 10^{-6} मी.
नैनो मीटर n. ..... 10^{-9} मी.
पिको मीटर p. ..... 10^{-12} मी.

वायुदाब के मात्रक

1 सेमी. पारा दाब ..... 1.33×10^3 पास्कल
1 पास्कल ..... 1 न्यूटन/मी^{2}
1 बार ..... 10^5 न्यूटन/मी^{2}
1 टौर ..... 1 मिली पारा दाब = 133.8 पास्कल

विद्युत चुंबकीय तरंगो का तरंग दैर्ध्य तथा आवृत्ति परिसर

तरंग	आवृत्ति (Hz)	तरंग दैर्ध्य (m)
गामा किरणें	10^{20} से 10^{18}	10^{-14} से 10^{-10}
एक्स किरणें	10^{+18} से 10^{16}	10^{-10} से 10^{-8}
पराबैंगनी किरणें	10^{16} से 10^{14}	10^{-8} से 10^{-7}
दृश्य किरणें	10^{14} से 10^{12}	3.9×10^{-7} से 7.8×10^{-7}
अवरक्त किरणें	10^{12} से 10^{10}	7.8×10^{-7} से 10^{-3}
लघु रेडियो तरंगे	10^{10} से 10^8	10^{-3} से 1
दीर्घ रेडियो तरंगे	10^6 से 10^4	1 से 10^{-4}

विभिन्न माध्यमों में ध्वनि की चाल

माध्यम	चाल (m/s में)
1. एल्यूमीनियम	5100 मी./से.
2. कांच (पायरेक्स)	5640 मी./से.
3. लोहा	5130 मी./से.
4. समुद्री जल (25°C).	1533 मी./से.
5. जल (25°C).	1493 मी./से.
6. पारा (25°C).	1450 मी./से.
7. हाइड्रोजन	1286 मी./सेकेण्ड
8. एल्कोहल (25°C).	1213 मी./से.
9. भाप (100^0C)	494 मी./से.
10. वायु	331 मीटर/सेकेण्ड
11. कार्बन डाइऑक्साईड (CO_2) (0°C).	260 मी./से.

विभिन्न माध्यमों में प्रकाश की चाल

माध्यम	प्रकाश की चाल (मी./से.)
निर्वात	3×10^8
कांच	2×10^8
तारपीन तेल	2.04×10^8
जल	2.25×10^0
रॉक साल्ट	1.96×10^8
नाइलोन	1.96×10^8

पदार्थों की विशिष्ट उष्मा या विशिष्ट उष्मा धारिता (जूल/किलोग्राम केल्विन)

जल 4200
बर्फ 2100
लोहा 460
केरोसीन तेल 210
पारा 140
लेड 130

विभिन्न पैमानों पर कुछ तापमान

तापमान	सेल्सियस	फारेनहाइट	केल्विन
जल का जमना	0	32	273
कमरे का सामान्य ताप	27	80.6	300
मानव शरीर का सामान्य ताप	37	98.6	310
जल का उबलना	100	212	373

- ठोस कोण की इकाई 'स्टेरेडियन' होती है।
- एक माइक्रान 0.001 मिमी. के बराबर होता है।
- एक अश्वशक्ति 746 वाट के बराबर होती है।
- बल, विस्थापन, त्वरण, वेग, संवेग, भार तथा बल आघूर्ण आदि सदिश राशियां है।
- एक वस्तु का भार अधिकतम वायु में होता है।

प्रमुख तापमापियो की परासें

तापमापी	निम्नतम सीमा	उच्चतम सीमा
पारा तापमापी	-30^{0}C	300^{0}C
प्लेटिनम तापमापी	-200^{0}C	1200^{0}C
गैस तापमापी	-268^{0}C	1500^{0}C
तापयुग्म तापमापी	-200^{0}C	1600^{0}C
विकिरण तापमापी	-800^{0}C	कोई सीमा नहीं

ऊर्जा का रूपांतर [Transformation of Energy]

सौर सैल : प्रकाश ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में
डायनेमो : यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में
विद्युतमोटर : विद्युत ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा में
लाउडस्पीकर : विद्युत ऊर्जा को ध्वनि में
सितार : यांत्रिक ऊर्जा को ध्वनि में
बल्ब/ट्यूब : विद्युत ऊर्जा को प्रकाश एवं ऊष्मा

मोमबत्ती का जलना	:	रासायनिक ऊर्जा को प्रकाश व ऊष्मा आदि
वोल्टेयिक सेल	:	रासायनिक ऊर्जा को विद्युत में
इंजन	:	उष्मा ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा में
प्रकाश विद्युत सेल	:	प्रकाश ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में

- किसी पिंड के द्रव्यमान और वेग का गुणनफल संवेग होता है।
- रॉकेट का पलायन न्यूटन के गति के तृतीय नियम पर आधारित है। रॉकेट का प्रक्षेप्य पथ परवलयाकार होता है।
- गुरुत्वीय त्वरण (g) का मान 9.8मी./से.^{2} के बराबर होता है। g का मान ध्रुवों पर अधिकतम तथा भूमध्य रेखा पर न्यूनतम होता है। पृथ्वी तल से ऊपर या नीचे आने पर गुरुत्वीय त्वरण का मान घटता है।
- भू-स्थित उपग्रह का परिक्रमण काल 24 घंटा होता है।
- जब किसी वस्तु की चाल आधी कर दी जाये तो उसकी गतिज ऊर्जा एक चौथाई हो जाएगी और यदि किसी वस्तु की चाल दुगनी कर दी जाये तो उसकी गतिज ऊर्जा चार गुनी हो जाएगी।
- दाब बढ़ने पर बर्फ का गलनांक घटता है।
- वायुमंडलीय दाब को बैरोमीटर से मापा जाता है। बैरोमीटर का पाठ्यांक एकाएक नीचे गिरना आँधी-तूफान को प्रदर्शित करता है। धीरे-धीरे ऊपर उठना दिन के साफ रहने का संकेत देता है और धीरे-धीरे नीचे गिरना वर्षा होने को प्रदर्शित करता है।
- वर्षा की छोटी-छोटी बूंदे पृष्ठ तनाव के कारण गोल होती है।
- दो समान्तर दर्पण के बीच रखी वस्तु का प्रतिबिंब अनंत पर बनता है।
- प्रकाश का रंग तरंग दैर्ध्य द्वारा निश्चित होता है। तरंग दैर्ध्य सबसे अधिक लाल रंग का तथा सबसे कम बैंगनी रंग का होता है।
- आंख के रेटिना पर बना प्रतिबिम्ब वास्तविक और उल्टा बनता है।
- ट्रांसफार्मर का क्रोड नर्म लोहे का बना होता है।
- हाइड्रोलिक ब्रेक पास्कल के नियम पर आधारित होता है।
- विद्युत बल्व का फिलामेंट टंगस्टन का बना होता है।
- हीटर का तार नाइक्रोम का बना होता है।
- फ्यूज को तार का प्रतिरोध उच्च तथा गलनांक निम्न होता है।
- यदि कमरे में रखे रेफ्रीजरेटर का दरवाजा खोल दिया जाए तो कमरे का ताप बढ़ जाएगा।

रसायन विज्ञान

महत्वपूर्ण तथ्य

प्रमुख तत्व	भू-पटल पर इनकी (मात्रा % में)
आक्सीजन	49.9%
सिलिकन	26.0%
ऐलुमिनियम	7.3%
लोहा	4.1%
कैल्सियम	3.2%
सोडियम	2.3%
पोटैशियम	2.3%
मैग्नीशियम	2.1%
अन्य	2.8%

सामान्य तत्व और उनके संकेत

हाइड्रोजन	H
हीलियम	Hc
लीथियम	Li
बेरीलियम	Be
बोरोन	B
कार्बन	C
नाइट्रोजन	N
ऑक्सीजन	O
फ्लुओरीन	F
नियान	Ne
सोडियम	Na
मैग्नीशियम	Mg
ऐल्युमिनियम	Al
सिलिकन	Si
फास्फोरस	P
सल्फर	S
क्लोरीन	Cl
आर्गन	Ar
कैल्शियम	Ca
लोहा	Fe
तांबा	Cu
पोटेशियम	K
मैगनीज	Mn
जस्ता	Zn
ब्रोमीन	Br
चांदी	Ag
टिन	Sn
सोना	Au
सीसा	Pb

अक्रिय गैस/उत्कृष्ट गैस - खोज का उद्गन

हीलियम	सौरमंडल
नीऑन	वायु
आर्गन	वायु
क्रिप्टॉन	वायु
जीनान	वायु
रेडान	रेडियम के विघटन से

वायुमंडलीय गैसे

गैस	प्रतिशत मात्रा
नाइट्रोजन	78.084
ऑक्सीजन	20.946
आर्गन	0.934
कार्बन डाइआक्साइड	0.033
अन्य	0.003

प्राकृतिक अम्ल	
प्राकृतिक	**अम्ल**
सिरका	ऐसीटिक अम्ल
संतरा	सिट्रिक अम्ल
टमाटर	आक्सैलिक अम्ल
इमली	टार्टरिक अम्ल
दही	लैक्टिक अम्ल
नीबू	सिट्रिक अम्ल
चींटी का डंक	मेथैनांइक अम्ल

कुछ सामान्य पदार्थों का pH मान	
पदार्थ	**pH मान**
समुद्री जल	8.4
रक्त	7.2-7.5
लार	6.5-7.5
दूध	6.4
मूत्र	6.0-7.5
शराब	2.8-3.3
सिरका	2.4-3.4
नींबू	2.2-2.4
बीयर	4.0-4.4

तत्वों से संबिधत प्रमुख तथ्य

- पृथ्वी पर सबसे अधिक मात्रा में पाया जाने वाला तत्व — **आक्सीजन**
- पृथ्वी पर सबसे अधिक मात्रा में पाया जाने वाला धातु तत्व — **एलुमिनियम**
- सबसे हल्का तत्व — **हाइड्रोजन**
- सबसे भारी तत्व — **ऑस्मियम**
- सबसे हल्का धातु तत्व — **लीथियम**
- द्रव धातु तत्व — **पारा**
- द्रव अधातु तत्व — **ब्रोमीन**
- विद्युत का सबसे अच्छा सुचालक तत्व — **चांदी**
- विद्युत का सबसे सुचालक अधातु — **ग्रेफाइट**
- मिट्टी के तेल में रखा जाने वाला तत्व — **सोडियम**

प्रमुख रासयनिक यौगिक तथा उनके व्यवहारिक नाम	
व्यवहारिक नाम	**रासायनिक नाम**
खाने का सोडा (Baking Powder)	**सोडियम बाइकार्बोनेट**
ब्लीचिंग पाउडर (Bleaching Powder)	**कैल्शियम आक्सी क्लोराइड**
नीला थोथा (Blue Vitriol)	**कॉपर सल्फेट**
सुहागा (Borax)	**सोडियम बोरेट**
कास्टिक सोडा (Caustic Soda)	**सोडियम हाइड्रोक्साइड**
चाक/संगमरमर/चूना पत्थर	**कैल्शियम कार्बोनेट**
शुष्क बर्फ (Dry Ice)	**ठोस कार्बन डाइ आक्साइड**
जिप्सम (Gypsum)	**कैल्शियम सल्फेट**
हार्न सिल्वर (Horn Silver)	**सिल्वर क्लोराइड**
भारी जल (Heavy Water)	**ड्यूटीरियम ऑक्साइड**
हेमेटाइट (Haematite)	**फेरिक ऑक्साइड**
लेड पेंसिल (Lead of Pencil)	**ग्रेफाइट**
मार्श गैस (Marsh Gas)	**मीथेन**
सीसा	**सोडियम तथा कैल्शियम सिलिकेट**
क्वार्ड्ज	**सिलिका**
नौसादर	**अमोनियम क्लोराइड**
लाल दबा	**पोटैशियम परमैगनेट**

प्रमुख मिश्रित धातुओं का वर्गीकरण	
मिश्रित धातु	**संगठन**
पीतल	70% तांबा + 30% जस्ता
जर्मन सिल्वर निकिल	50% तांबा + 35% जस्ता + 15% निकेल
डच मेटल	80% तांबा + 20% जस्ता
कांसा ब्रोंज	88% तांबा + 12% टिन
गन मेटल	88% तांबा + 10% टिन + 2% जस्ता

विलायक और उनके विलेय	
विलायक/घोतक (Solution)	**विलेय (Solute) पदार्थ**
जल	चीनी, नमक, फिटकरी
एल्कोहल	लाख, पॉलिश, वार्निश, चमड़ा, आयोडीन
तारपीन तेल	पेंट, रेजिन, रबर
ईथर	तेल, चर्बी, मोम
कार्बन टेट्रा क्लोराइड (CCl_4).	फास्फोरस, गंधक

प्रमुख तत्व एवं उनके अपरूप

कार्बन	:	हीरा, ग्रेफाइट, काष्ठ चारकोल, बोन चारकोल, रक्त चारकोल
फॉस्फोरस	:	पीला फॉस्फोरस, लाल फॉस्फोरस, काला फॉस्फोरस
आक्सीजन	:	ऑक्सीजन एवं ओजोन
सल्फर	:	कोलाइडी सल्फर, प्लास्टिक सल्फर, रॉम्बिक सल्फर, मोक्लाइनिक सल्फर, एमारफस सल्फर

- परमाणु के तीन मौलिक कण इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन तथा न्यूट्रॉन है। परमाणु के नाभिक में प्रोटॉन एवं न्यूट्रॉन होते है।
- एक ही तत्व के दो परमाणु जिनकी परमाणु संख्या समान होती उसे समस्थानिक (आइसोटोप) कहा जाता है। दो परमाणु जिनकी द्रव्यमान संख्याएं समान होती है उसे समभारिक (आइसोबार) कहा जाता है।
- लॉफिंग गैस नाइट्रस आक्साइड (N_2O) को कहा जाता है।
- विद्युत बल्ब में प्रयुक्त होने वाली अक्रिय गैस आर्गन (Ar) है।
- सिगरेट लाइटर से ब्यूटेन गैस निकली है।
- सभी अम्लों में सबसे अधिक समान तत्व हाइड्रोजन है।
- वर्षा जल का शुद्ध रूप है।
- गैल्वेनाइजेशन स्टील या लोहे पर जिंक का लेप चढ़ाना होता है।
- हेलोजन में सर्वाधिक प्रभावशाली आक्सीकरण कर्ता फ्लोरीन है।
- जंग लगने पर लोहे का भार बढ़ जाता है।
- फ्यूज का तार टांका (सोल्डर), सीसा और टिन का बना होता है।
- हाइड्रोजन को भविष्य का ईधन कहा जाता है।
- पेंसिल का लीड (सिक्का) ग्रेफाइट का बनता है।

- प्राकृतिक रबर आइसोप्रोन का बहुलक होता है।
- भोपाल गैस कांड में मिथाईल आसोसाइनाइट (MIC) गैस का रिसाव हुआ था।
- कच्चे फलों को कृत्रिम ढ़ंग से पकाने में ऐसीटिलीन गैस प्रयुक्त होती है।
- लोहे को इस्पात बनाने के लिए निकेल को मिलाया जाता है।
- फलों के रसों को सुरक्षित रखने में फार्मिक अम्ल का प्रयोग किया जाता है।
- खाद्य पदार्थों के संरक्षण के लिए बेंजोइक अम्ल का प्रयोग किया जाता है।
- लैम्प तथा ट्यूबों में नियान गैस भरी जाती है।
- कृत्रिम वर्षा के लिए सिल्वर ऑयोडाइड का प्रयोग किया जाता है।
- लोहे के जंग लगने का कारण ऑक्सीजन एवं नमी है।
- फ्रीऑन गैस का रायायनिक नाम क्लोरोफ्लोरो कार्बन है।
- पनीर बनाने में रेजिन नामक किण्वक का प्रयोग किया जाता है।

जीव विज्ञान

पोषण (Nutrition)

पोषक तत्वों को प्राप्त करने की क्रिया को पोषण कहते हैं। खाद्य पदार्थ में उपस्थित विशिष्ट रसायन को पोषक तत्व कहते हैं।

पादपों में पोषण

- स्वपोषी (Autotrophy) - भोजन स्वयं निर्मित करते है।
- परपोषी (Heterotrophys) - भोजन के लिए दूसरो पर आश्रित होते है।

जन्तुओं में पोषण

- स्वपोषी (Autotrophy)
- परपोषी (Heterotrophys)

पादपों में पोषण

मुख्य पोषक तत्वः (6)

तत्व	स्रोत
कार्बन	वायु से
ऑक्सीजन	वायु से
हाइड्रोजन	जल से
नाइट्रोजन (N).	मृदा से
फॉस्फोरस (Ph).	मृदा से
पोटेशियम (K).	मृदा से

द्वितीयक पोषक तत्वः (3)

तत्व	स्रोत
कैल्शियम (Ca).	मृदा से
मैग्नीशियम (Mg).	मृदा से
सल्फर (S).	मृदा से

सूक्ष्म पोषक तत्व (8)

तत्व	स्रोत
आयरन	मृदा से
मैगनीज	मृदा से
तांबा	मृदा से
जिंक	मृदा से
मोलियब्डेनम	मृदा से
क्लोरीन	मृदा से
बोरोन	मृदा से

मुख्य पोषक तत्वों के कार्य

- नाइट्रोजन (N) : वृद्धि एवं प्रोटीन उत्पादन
- फॉस्फोरस (P) : जड़ों का विकास, शीघ्र फसल पकाने
- पोटाश (C) : उच्च गुणवत्ता, पानी का उचित अवशोषण
- सल्फर (S) : प्रोटीन एवं तेल का निर्माण में सहायक
- कैल्शियम : कोशिका संरचना एवं विभाजन, मध्य पटल का निर्माण
- मैग्नीशियम : क्लोरोफिल का मुख्य तत्व
- आयरन (Fe) : श्वसन एवं क्लोरोफिल उत्पादन
- मालिडेनम (Mo) : नाइट्रोजन स्थिरीकरण (N. funcation)

जन्तु पोषण

पोषक तत्व (Nutrient elements)

पोषक तत्व हमारी रचनात्मक, जैविक एवं ऊर्जा सम्बन्धी आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं।

पोषक तत्व वर्गीकरण

गुरू पोषक	लघु पोषक
• कार्बोहाइड्रेट्स	• विटामिन
• वसा	• लवण
• प्रोटीन	

कार्यात्मक उपयोगिता के आधार पर: पोषक पदार्थो को हम चार श्रेणियों में बाँट सकते हैं -

1. **ऊर्जा उत्पादक** : काबोहाइड्रेट्स एवं वसायें
2. **निमार्ण पदार्थ प्रोटीन्सः**
3. **उपापचयी नियंत्रक** : विटामिन जल खनिज तत्व
4. **अनुवांशिक पदार्थ** : –

D. N. A (डीऑक्सीराइबो न्यूक्लिक अम्ल (एसिड))

R.N.A (राइबो न्यूक्लिक अम्ल (एसिड))

कार्बोहाइड्रेट्स के कार्य

- शरीर को ऊर्जा प्रदान करता है।
- यह भोजन संचायक के रूप में कार्य करता है।

रासायनिक संघठन के आधार पर वर्गीकरण

क. मोनोसैकेराइड्स

उदाहरण स्वरूप :

- ग्लुकोज

ख. डाइसैकराइड्स

उदाहरण स्वरूप :

- माल्टोज
- सुक्रोज
- लैक्टोज
- माल्टोज : ग्लुकोज + ग्लुकोज
- सुक्रोज : ग्लुकोज + फ्रक्टोज

ग. पॉलीसैकेराइड

उदाहरण स्वरूप :

- स्टार्च/ मंड, सेलुलोज, ग्लाईकोजन

वसाएं (FATS)

हमारे भोजन के सारे तैलीय या चर्बीयुक्त वाले घटक लिपिड्स होते हैं। ये कार्बन, हाइड्रोजन एवं आक्सीजन के यौगिक होते हैं परन्तु इनमें कार्बन तथा हाइड्रोजन की मात्रा बहुत अधिक तथा आक्सीजन की मात्रा बहुत कम होती है।

वसा जल में अघुलनशील जबकि कार्बनिक विलायकों (एल्कोहल, क्लोरोफार्म, वेन्जीन, किरोसीन आदि में) घुलन शील होते है।

A. संतृप्त वसा (Saturated) : ये सामान्य ताप पर ठोस अवस्था में पायी जाती है। इनका घनत्व कम होता है। जबकि श्यानता अधिक होती है। मछलियों में पायी जाने वाली वसा को छोड़कर शेष सभी जन्तु-वसा संतृप्त वसा होती है।

(B) अंसतृप्त वसा (Unsaturated fats): ये समान्य ताप पर द्रव्य अवस्था में रहती है। नारियल तेल को छोड़कर शेष सभी वनस्पति तेंलों में असंतृप्त वसा पायी जाती है। इसका घनत्व अधिक जबकि श्यानता कम होती है।

(C) ट्रॉन्स वसा (Trans fats): इसे हाइड्रोजनीकृत वसा भी कहा जाता है। इस वसा का निर्माण वनस्पति तेलों को हाइड्रोजनीकरण की प्रक्रिया से तैयार किया जाता है।

वसा के कार्य

- शरीर में काबोहाइड्रेट की मात्रा में कमी होने पर वसा ऊर्जा स्त्रोत के रूप में कार्य करती है।
- त्वचा के नीचे एकत्रित वसा शरीर के ताप मान को नियंत्रित करता है।
- त्वचा की चिकनाहट बनाये रखती है।
- शरीर के आंतरिक भागों को सुरक्षा प्रदान करता है।

प्रोटीन (Protein)

प्रोटीन की खोज सर्वप्रथम जे.बरजेलियस (J. Berjelius) ने की थी। इसकी इकाई एमिनो-अम्ल होती हैं। प्रोटीन एक कार्बनिक यौगिक होता है, जिसमें कार्बन, नाइट्रोजन एवं फास्फोरस के अवयव शामिल होते हैं।

1. आवश्यक प्रोटीन (Essential protein)
2. गैर-आवश्यक प्रोटीन (Non essential protein)

स्त्रोत के आधार पर

- जन्तु प्रोटीन : मांस, मछली, अंडे, दूध आदि
- वनस्पति प्रोटीन : सब्जी, एवं फलों से

प्रोटीन के कमी से उत्पन्न बीमारी

- मरास्मस : एक वर्ष से कम उम्र के बच्चे को
- क्वाशिओरकर : 1-3 वर्ष के उम्र के बच्चों में यह बीमारी होती है।

कार्य

- यह मानव शरीर में लगभग सभी संरचनात्मक कार्यों का संपादन करता है।
  1. **रक्त प्रोटीन का निर्माण:** मानव रक्त में हीमोग्लोबिन नामक प्रोटीन पाया जाता है, जो आक्सीजन 0_2 का संवहन करता है।
  2. प्रौथेम्बिन प्रोटीन का निर्माण रक्त स्कंदन (थक्का) के लिए आवश्यक होता है।
  3. पेशीय प्रोटीन का निर्माण
  4. प्रतिरक्षात्मक प्रोटीन का निमार्ण
  5. एंजाइम प्रोटीन का निर्माण
  6. हार्मोन प्रोटीन का निर्माण

विटामिन (Vitamin)

- विटामिन बहुत ही सूक्ष्म मात्रा में जन्तु शरीर के सामान्य मेटाबोलिज्म के लिए अत्यावश्यक है।
- ये ऊर्जा प्रदान नहीं करते हैं लेकिन अन्य ईंधन पदार्थों के संश्लेषण एवं सही उपयोग का नियंत्रण करते है।
- सन् 1881 में लूनिन ने (N.I Lunin) ने विटामिन की खोज की।
- विटामिन शब्द का प्रयोग वर्ष 1911 में सर्वप्रथम सी.फंक ने किया।

विटामिन उनके मुख्य स्त्रोत, कार्य और कमी के लक्षण

विटामिन	प्रचुर मात्रा	मूलभूत कार्य	कमी के लक्षण
विटामिन - A	सभी सब्जियाँ, पीले फल, टमाटर, घी, मक्खन, दूध, अंडों की जर्दी, मछली का तेल इत्यादि।	विकास, आंखों का स्वास्थ्य त्वचा इत्यादि।	बाधित विकास, रतौंधी संक्रमण का जल्दी शिकार होना, त्वचा में परिवर्तन।
विटामिन - B_1	खमीर, गेहूँ, चावल, तिल, मूंगफली, दालें इत्यादि।	विकास, कार्बोहाइड्रेटों का उपभोजन, हृदय तंत्रिकाओं तथा पेशिओं का सुचारू रूप से कार्य करना।	बाधित विकास, भूख और वजन का कम होना कमजोर धड़कन, तंत्रिका दोष, जल्दी पकना, पाचन दोष।
विटामिन - B_2	दूध तथा दूध से बनी वस्तुएँ, हरी सब्जी, अण्डे इत्यादि।	विकास, त्वचा तथा मुख स्वास्थ्य आंखों का स्वास्थ्य इत्यादि।	बाधित विकास, आंखों का लाल का होना, दृष्टि धुंधली होना तथा रोशनी बदार्शत न होना इत्यादि।

विटामिन - B_5	गेहूँ का अंकुर, आलू, दालें, बादाम, पत्तेदार सब्जी आदि।	विकास, कार्बोहाइड्रेटों का उपयोजन, आमाशय तथा तंत्रिका तंत्रों का सही काम न करना।	चिकनी व लाल जबान, पाचन में दोष, मानसिक विकार, पिग्मेटिक पेलाग्रा।
विटामिन - B_6	हरी सब्जी, मांस आदि।	विकास, त्वचा का स्वास्थ्य पेशियों और तंत्रिकाओं का सही काम न करना।	बच्चों में आक्षेय
विटामिन - B_{12}	दूध, मांस	रक्त बनाना	प्रणाली अरक्तता
विटामिन - C	आवंला, नींबू, खट्टे फल आलू, अंकुरित अनाज आदि।	विकास, टूटे-फूटे अंगों की मरम्मत, रक्त वाहिकाओं, भरना, मसूढ़ों आदि का स्वास्थ्य।	मसूढों से खून बहना, रक्तस्त्राव की प्रवृत्ति घावों का देर से भरना
विटामिन - D	दूध, अंडे मछली का तेल	विकास, कैल्शियम और फॉस्फोरस का उपयोजन, हड्डियों तथा दांतों का स्वास्थ्य।	अस्थियों की कोमलता तथा टेढ़ापन रिकेट्स, दांतों का अपर्याप्त विकास इत्यादि।
विटामिन - E	दूध, पत्तेदार सब्जी, मक्खन	जनन क्रियाओं के लिए आवश्यक	जनन क्षमता में कमी।
विटामिन - K	हरी सब्जियाँ, टमाटर।	रक्त का सामान्य स्कंदन।	रक्तस्त्राव की प्रवृत्ति

विटामिनों की कमी और उससे उत्पन्न रोग

विटामिनों की कमी		उत्पन्न रोग
1. विटामिन A	:	त्वचा का शुष्क पड़ना, रतौंधी और नेत्र संबंधी रोग इत्यादि। संक्रमणों का खतरा
2. विटामिन B-1	:	बेरी-बेरी
3. विटामिन B-2	:	जीभ में सूजन, मुख कोण की त्वचा और होंठ फटना, नेत्र लाल होना
4. विटामिन B-6	:	शिशुओं के शरीर में ऐठन, पेट का तना रहना, चिड़चिड़ापन, वजन न बढ़ना आदि।
5. विटामिन B-5	:	पिलाग्रा, मंदबुद्धि, बालो का सफेद
6. विटामिन B-12	:	सांधातिक अरक्तता
7. विटामिन - C	:	स्कर्वी
8. विटामिन - D	:	बालकों में रिकेट्स, स्त्रियों में आस्टयोमलेशिया या अस्थिमृदता।
9. विटामिन - E	:	बन्ध्यता
10. विटामिन - K	:	रक्त स्कन्दन में कमी, रक्त का थक्का ना जमना
11. आयोडीन की कमी	:	घेंघा
12. आयरन की कमी	:	हीमोग्लोबिन की कमी या अरक्तता।

1. जल में घुलन शील
विटामिन B तथा
विटामिन C

2. वसा में घुलनशील
विटामिन A
विटामिन D
विटामिन E
विटामिन K

- यद्यपि विटामिनों का संश्लेषण प्राय: मानव शरीर में नहीं होता है। फिर भी अत्यंत कम मात्रा में आवश्यक विटामिन D एवं K का संश्लेषण हमारे शरीर द्वारा कर लिया जाता है। मानव-यकृत विटामिन K का संश्लेषण कर लेता है; जबकि विटामिन D का संश्लेषण सूर्य प्रकाश की उपस्थिति में त्वाचा द्वारा कर लिया जाता है।
- विटामिन K जीवाणुओं द्वारा हमारे कोलन में संश्लेषित होता है तथा वहां से उसका अवशोषण भी होता है।

महत्त्वपूर्ण विटामिन तथा उनका रासायनिक नाम

विटामिन	रासायनिक नाम
A.	रेटिनॉल
B-1	थाएमीन
B-2	रिबोफ्लेविन
B-5	निकोटिनिक अम्ल, नियासीन
B-12.	सायनोकोवाल्मिन
C.	एस्कॉर्बिक अम्ल
D.	कैल्सिफेरॉल
E.	टोकोफेरॉल
K.	फिलोक्विलोन

खनिज (Minerals)

मानव-शरीर में कुल 29 प्रकार के खनिजों की आवश्यकता होती है। यह अकार्बनिक पदार्थ होते है और मिट्टी में स्वतंत्र अथवा यौगिक रूप से विद्यमान होते है। मानव -स्वास्थ्य के लिए आवश्यक खनिजों को भोज द्वारा अंतग्रहण किया जाता है। मानव-स्वास्थ्य के लिए आवश्यक खनिजों में शामिल है। Na, k, mg, Ca, Fe, co, Zn, P इत्यादि।

सोडियम, पोटाशियम एवं मैग्नेशियम

ये तीनों खनिज मानव-शरीर में जल-वैद्युत-अपघट्य के रूप में कार्य करते हैं और शरीर में जल-संतुलन बनाए रखते हैं साथ ही ये खनिज तंत्रिका-तंत्र में आवेगों के संचरण के लिए आवश्यक होते हैं

- **स्त्रोत:** सोडियम : नमक, दूध, अंडा, मछली, मांस आदि।

पोटोशियम: नमक, सेब, सब्जियां, केले आदि।

मैग्नेशियम : बीन, मूंगफली, लौकी, गेहूं, सामुद्रिक भोजन आदि

- **कैल्सिश्म (ca):** यह हमारे, शरीर में दांतों एवं हड्डियों के विकास के लिए आवश्यक होता हैं। इस खनिज की कमी से ऑस्टियोपोरेसिस (osteoproesis) नामक बीमारी होती हैं
- **लोहा (Fe):** यह खनिज हमारे रक्त में हीमोग्लोबिन की परिपक्वता के लिए आवश्यक होता है। उल्लेखनीय है कि हीमोग्लोबिन मानव रक्त में ऑक्सीजन-वाहक के रूप में कार्य करता है। इस खजिन की कमी से रक्ताल्पता (Anaemia) की समस्या हो जाती है। इस खजिन का मुख्य स्रोत पालक नींबू, टमाटर इत्यादि है।
- **आयोडीन (I):** इस खनिज की आवश्यकता हमारे शरीर में थायरॉइड ग्रंथि से स्रवित हॉर्मोन (I_9 एपवं T_4) के संश्लेषण के लिए आवश्यक होती है। इस खनिज की कमी से थायरॉयड ग्रंथि फूल जाती है, जिसे घेंघा रोग (Goitre) कहा जाता है।
- **फॉस्फोरस (P):** यह हमारे दांत एवं हड्डियों के विकास के लिए आवश्यक होता हैं इसके मुख्य स्रोत है- चावल, चीज, मुंगफली, सोयाबीन, हरी सब्जियां।
- **जिंक (Zn):** हमारे शरीर में इंसुलिन हॉर्मोन के सही/उपर्युक्त कार्यकरण के लिए यह खनिज आवश्यक होता है। इस खनिज का मुख्य स्रोत है समुद्री भोजन, लौकी, तरबूज, बीज, मांस, मूंगफली, कोको पाउडर, चॉकलेट इत्यादि।
- **कोबोल्ट (Co):** यह खनिज मानव-रक्त में लाल-रक्ताणुओं (RBCs) की परिपक्वता के लिए आवश्यक होता है। इसके मुख्य स्रोत है दूध, मांस, मछली, अंडे इत्यादि।

रूक्षांश (Fibre)

रूक्षांश रेशेयुक्त भोज्य प्रदार्थ होते है, जो पाचन क्रिया में सहयता करते हैं। इससे हमें ऊर्जा की प्राप्ति तो नहीं होती है। तथा रूक्षांश हमारे आहार-नाल (Alimentary canal) को सुरक्षा प्रदान करता है। साथ ही यह भोजन से जल के अवशोषण में भी सहायक होता है। फल एवं सब्जियां रूक्षांश के मुख्य स्रोत है।

दूध (Milk)

दूध एक कोलायड मिश्रण (Other mixture are solution and suspension) है, जिसमें (विलायक में) विलेय के कणों का आकार 1-1000 nm होता है, जिस अत्यधिक हल्केपन के कारण विलेय के कण पेंदे में नहीं बैठ पाते है। दूध से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण तथ्य अग्रलिखित है-

1. दूध का सफेद रंग casein प्रोटीन (Family of related phosphrate containingcalcium and phosphrate) के कारण होता है।
2. गाय के दूध के पीले रंग का कारण विटामिन-ए, विटामिन-बी$_2$ होते है, जो Carotene से संश्लेषित होते है (Carotene- is a yellow pigment)
3. दूध में लैक्टोज शर्करा (lactose sugar) पाई जाती है।
4. दूध से दही बनने की प्रक्रिया Loctobacillus नामक जीवाणु के कारण होता है।
5 Prolactin हॉर्मोन, दूध के स्रावण में सहायत करता है।
6. सर्वाधिक शर्करा (Lactose) ऊँट के दूध में होता है।
7. सर्वाधिक वसा भैंस के दूध में होता है।

मानव रोग (Human Disease)

रोग/व्याधिर (Disease): "Disease: Dist + Ease = असहज"

व्याधि (रोग) का मूल शब्द व्याधा है, जिसका अर्थ है- रूकावट। अर्थात् अच्छे स्वास्थ्य में रूकावट उत्पन्न होना ही रोग है। दूसरे शब्दों में शरीर के किसी भी अंग में किन्ही-कारणों से कंसक्रिया का होना रोग कहलाता है। (विश्व स्वास्थ्य दिवस 7 अप्रैल)

रोग (Diseases)

उपार्जित रोग (Acquired Disease)

- **संक्रामक रोग (Communicable Diseases) :** एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में रोगाणुओं के संचरण से फैलता है। इसके लिए कई वाहक जिम्मदार होते है।

असंक्रामक रोग (Non-communicable Disease)

ऐसे रोग संक्रमित रोगी तक ही सीमित रहते हैं-

- विटामिन, हॉर्मोन, खनिज, तत्वों की कमी से रोग (Deficiency disease)
- कैंसर (Cancer)
- हृदय रोग (cardiac Disease)
- टिटेनस (Tetanus)

जन्मजात रोग (Congenital Disases)

- **वर्णान्धता (colour Blindness):** यह लिंग-क्रोमोसोम संबंधी रोग है, जिसमें रोगी लाल एवं हरे रंग में अंतर नहीं कर पाता है। इस रोग से प्राय: पुरूष ही प्रभावित होती है, जबकि स्त्रियाँ प्राय: वाहक होती है। वस्तुत: यह रोग x- गुणसूत्र का रोग हैं ऐसे में, स्त्रियाँ तभी इस रोग से ग्रसित हो सकती है, जब उनके दोनों की x- क्रोमोसोम पर इस बीमारी के लक्षण उपस्थित हो, जो प्राय: विरल स्थिति होती है।
- **हीमोफीलिया (Haemophilia):** यह रक्त स्राव से संबंधित बीमारी है, जिसमें रक्त स्कंदन उपयुक्त समय पर उपयुक्त ढंग से नहीं हो पाता है। इस बीमारी से ग्रस्त मनुष्य में खून का थक्का 2-5 मिनट में नहीं बन पाता है। यह बीमारी में x- क्रोमोसोम से संबंधित है, अत: पुरूष ही प्राय: इस बीमारी से ग्रस्त होते है, और स्त्रियां प्राय: वाहक होती है।
- **टर्नर सिन्ड्रोम (Turner syndromes):** इस बीमारी में लिंग-गुणसूत्र में केवल एक ×-क्रोमोसोम (45-x) उपस्थित होता है। अत: इस बीमारी में अग्रलिखित लक्षण दिखाई देते हैं- जननांग छोटा, कद छोटा, वक्ष चपटा, जनद अनुपस्थित इत्यादि।
- **क्लिनेफेल्टर सिन्ड्रोम (Klinefelter Syndrome):** यह पुरूषों से संबंधित आनुवांशिक बीमारी है, जिसमें ग्रसित पुरूष के लिंग-गुणसूत्र में एक अतिरिक्त x-क्रोमोसोम का समावेशन हो जाता है। इस बीमारी से संबंधित लक्षण हैं- वृषण अल्पविकसित होना, शुक्राणु नहीं बनना, स्तन स्त्रियों के समान हो जाना इत्यादि।
- **पटाऊ सिन्ड्रोम (Patau Syndrome):** इस बीमारी से ग्रसित मनुष्य में 13वें क्रोमोसोम में एक अतिरिक्त क्रोमोसोम की प्रति बन जाती है। इस बीमारी के प्रमुख लक्षण हैं- तालु के दरार होना, ओंठ (ऊपर का) कटा होना, मंदबुद्धि होना, हृदय-विकार, वृक्क-विकार इत्यादि।

- **डाऊस सिन्ड्रोम (Down's Syndrome):** इस बीमारी को मंगोलिज्म/ mangloid Idiocy/Trisomy-21) भी कहा जाता है। इस बीमारी के प्रमुख लक्षण है- मंदबुद्धि, छोटा, कद छोटी गर्दन, चपटा एवं चौड़ा चेहरा, चपटी नाक इत्यादि।
- **सुपरमैन सिन्ड्रोम (Superman Syndrome:** यह पुरूषों में होने वाली लिंग संबंधी बीमारी है, जिसमें y-गुणसूत्र की एक अतिरिक्त प्रति बन जाती है। ऐसे पुरूषों का आईक्यू (Intelligence Quotient) स्तर सामान्य से अधिक होता है, परन्तु कद अधिकतम 3 फीट होता है।
- **सुपरवुमैन सिन्ड्रोम (Superwoman Syndrome):** यह महिलाओं में होने वाली लिंग संबंधी बीमारी है, जिसे x- गुणसूत्र की एक अतिरिक्त प्रति बन जाती है। सामान्यत: इस बीमारी का एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में स्थानांतरण (not bereditary) नाम होता है। और ग्रसित महिला में भी सामान्यत: इसके लक्षण दिखाई नहीं देते हैं। इस बीमारी से संबंधित लक्षण है- धीमा संवाद अदायगी (Delayed language Delivery) ईईजी असामान्यता (EEG Abnormality) इत्यादि।

कोशिका (Cell)

कोशिकायें शरीर की रचनात्मक एवं कार्यात्मक इकाई हैं। जो विशिष्ट पारगम्य झिल्ली से घिरी होती है।

- कोशिका की खोज सर्वप्रथम - रॉबर्ट हुक ने 1665 में की
- कोशिका का अध्ययन- साइटोलॉजी (Cytology)

जैविक संगठन: Body orgamesation

- कोशिकायें (cell)
- ऊतक (tissue)
- अंग (organ)
- अंत तंत्र (Organ system)
- शरीर (body)

कोशिका सिद्धान्त (Cell theory)

- (Schleiden) श्लाइडेन (वनस्पतिशास्त्री) (1938)
- (Schwan) श्वान (जन्तुशास्त्री) (1839)

सिद्धांत क्या है?

- प्रत्येक जीव की उत्पत्ति कोशिका से होती है।
- प्रत्येक जीव का शरीर एक या अनेक कोशिकाओं का बना होता है।

नोट : अपवाद विषाणु (Virus)

कोशिकाओं के प्रकार: (Types of Cells)

कोशिका की संरचना (Cell Structure)

1. कोशिका भित्ति (Cell Wall)

- केवल पादप कोंशिकाओं में पायी जाती है।
- निर्जीव संरचना है।
- पूर्ण, पारगम्य
- जन्तुओं में नहीं पायी जाती है।
- रासायनिक संगठन (Chemical composition)

  पादप = सेलुलोज (Cellulose)


  शैवाल = सेलुलोज (Cellulose)

  कवक = काइटिन (Chitin)

2. प्लाज्मा झिल्ली (Plasma membrane)

- जन्तु व पादप दोनों में पायी जाती है।
- सजीव संरचना है।
- यह वसा तथा प्रोटीन के बनी होती है। (Lipid + Protein)
- कार्य : पारगम्यता (Permeability)
  - परासरण (Osmosis)
  - विसरण (Diffusion)
  - प्रोटीन संश्लेषण (Protein synthesis)

प्रोकैरियोटिक (Prokaryotic)	युकैरियोटिक (Eukaryotic)
• ऐसी कोशिकायें जिनमें केन्द्रक कला (Nucleus Membrane) केन्द्रक (Nucleas) तथा सुविकसित कोशिकांगों का अभाव होता है। ***उदाहरण:*** जीवाणु (Virus) विषाणु (Bacteria) हरे-नीले शैवाल आदि	• वे कोशिकायें कहलाती है जिनमें केन्द्रक कला, केन्द्रक तथा पूर्ण विकसित कोशिकांग पायें जाते हैं। ***उदाहरण:*** सभी विकसित जन्तु एवं वनस्पति कोशिकायें



नोट : यह विभिन्न प्रकार के अणुओं तथा आयनों के अन्दर आने जाने पर नियंत्रण रखती है तथा कोशिका द्रव्य में आयनों की सान्द्रता बनाये रखती है।

3. जीवद्रव्य (Protoplasm)

नामकरण

- रंगहीन, गाढ़ा एवं चिपचिपा रासायनिक पदार्थ हैं जो कोशिका को भौतिक एवं जैविक आधार प्रदान करते हैं।
- 80% भाग जल

जीवद्रव्य में मुख्यतः रासायनिक संघटन हैं

- ऑक्सीजन (O_2) - 62%
- कार्बन (C) - 20%
- हाइड्रोजन (H_2) - 10%
- नाइट्रोजन (N_2) 8% पाये जाते हैं

4. रिक्तिकाएँ/रसधानी (Vacuoles) :-

- प्रायः पादप कोशिकाओं में पायी जाती है। जन्तुओं में भी पायी जाती है।
- रिक्तिका के चारों ओर टोनो प्लास्ट (झिल्ली) होती है।
- अन्दर रिक्तिका रस भरा होता है।

कोशिका द्रव्य (Cytoplasm) :

1. जीवद्रव्य का वह भाग जो कोशिका कला के अन्दर तथा केन्द्रक से बाहर होता है कोशिका द्रव्य कहलाता है।
2. **कोशिका द्रव्य के कोशिकांग (organelles of cytoplsm)**

दोहरी झिल्ली युक्तः

क. माइट्रोकॉण्ड्रिया (Mitochondria) :सूत्रकणिका

- सर्वप्रथम खोज - कोलिकर ने (1880)
- "माइट्रोकॉण्ड्रिया, जीवाणु तथा नीले-हरे शैवालों की कोशिकाओं को छोड़कर" **(अपवाद)** पौधों तथा जन्तुओं की समस्त जीवित कोशिकाओं में पायें जाते हैं।

रासायनिक संघटनः (Chamical Composition) :

1. प्रोटीन : 65 - 70%
2. फास्पोलिपिड : 25%
3. R.N.A : 0.5%
4. D.N.A : कुछ मात्रा

- माइटोकॉण्ड्रिया को **कोशिका पावर हाउस** कहते हैं। क्योंकि यहाँ पर सभी खाद्य पदार्थों (काबोहाइड्रेट्स, वसा एवं प्रोटीन) का आक्सीकरण होता है। फलस्वरूप ऊर्जा उत्पन्न होती है।
- माइटोकॉन्ड्रिया के अपने DNA होते हैं जिससे यह कई प्रकार की प्रोटीन का निर्माण स्वयं कर लेता है। शेष प्रोटीन का निर्माण केन्द्रक के निर्देशानुसार कोशिका द्रव्य में बनते हैं तथा माइटोकॉन्ड्रिया को प्राप्त होते हैं।

ख. लवक (Plastid) : दोहरी झिल्ली युक्त कोशिकांग

- प्राय पादप कोशिकाओं में पायें जाते हैं।
- खोज = सर्वप्रथम - सन - 1865 में हैकेल (Haeckel) ने की
- रंग के आधार पर लवक तीन प्रकार के होते हैं।
  1. हरित लवक : (Chloroplast) हरे रंग का होता है।
  2. वर्णी लवक : (Chromoplast) रंगीन
  3. अवर्णी लवक : (Leucoplast) रंगहीन

विभिन्न प्रकार के लवक एक दूसरे में बदल सकते है।

1. **हरित लवक (क्लोरोप्लास्ट) (Chloroplast) :** इसमें हरे रंग का क्लोरोफील (Chlorophyll) नामक वर्णक पाया जाता है जो प्रकाश संश्लेषण की क्रिया में भाग लेता है।
   - यह प्रकाश संश्लेषण करते हैं।

2. वर्णी लवक (क्रोमोप्लास्ट)

- इनमें विभिन्न प्रकार के वर्णक (Pigments) पायें जाते हैं।
- ये प्रायः नारंगी, नीले, भूरे, लाल आदि रंग के होते है।
- सामान्यतः पुष्पों के दलों (Petals) या रंगीन फलों की भित्तियों में पायें जाते है।

3. अवर्णी लवक (Leucoplast)

- रंगहीन होते हैं।
- अधिकांश पौधों के भूमिगत भागों में पायें जाते हैं।
- पौधो द्वारा निर्मित भोजन का संग्रहण करते हैं।
- स्टार्च का भंडारण करते हैं।

एकल झिल्ली युक्त
(Single Membrane)

गाल्जी कार्य (Golgibodies)

- यह कोशिका का मुख्य स्रावी अंग है।
- इसे कोशिका का यातायात-प्रबंधक (transport manager) कहा जाता है।

अन्तः प्रदव्य जालिका (Endoplasmic Reticulum)

- R.B.C को छोड़कर सभी कोशिकाओं में पायी जाती हैं।
- नालिका युक्त संरचना है, जो प्रायः नाभिक से संबद्ध होती है।

लाइसोसोम (Iysosome)

1. इकहरी झिल्ली युक्त संरचना होती है। जिसमें पाचक एन्जाइम भरें होते हैं।
   - ये अधिकतर जन्तु कोशिकाओं में मुख्य रूप से एन्जाइम अभिक्रियायें करने वाली कोशिकाओं जैसे- अग्नयाशय, यकृत, मस्तिष्क, थायराइड तथा गुर्दे, आदि में पायें जाते हैं।
   - इसे कोशिका का उदर कहा जाता है।

3. कार्यः (Function)

- यदि कोई हानिकारक सूक्ष्मजीव कोशिका में प्रवेश करता हैं तो यह उसका भक्षण कर लेता है।
- यदि कोई कोशिकांग अनुपयोगी हो गया हो तो यह उसे हटाने का कार्य करता है।
- यदि संपूर्ण कोशिका ही (अक्रियाशील) या अनुपयोगी हो गयी हो तो स्वयं फटकर अपने सम्पूर्ण द्रव्य को विमोचित कर देती है। जिससे कोशिका की मृत्यु हो जाती है। यही कारण है कि इसे **आत्म-हत्या की थैली** भी कहा जाता है।

झिल्ली रहित संरचना (No-Membrane)

1. राइबोसोम : (Ribosome): (RNA + प्रोटीन)

